संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, गुरुवार, 20 जून 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 18 अंकः 169 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



पीएम मोदी ने नालंदा विवि कैंपस में पौधारोपण किया।

## आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं: मोदी

● प्रधानमंत्री मोदी ने नालंदा विश्वविद्यालय का किया उद्घाटन, 800 साल बाद लौटा गौरव

**गौरव गाथा**

**▶▶ नालंदा केवल एक नाम नहीं है। नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा एक मूल्य है, मंत्र है, गौरव है**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नालंदाः पीएम** नरेंद्र मोदी ने नालंदा विश्वविद्यालय के नए कैंपस का उद्घाटन किया। नए कैंपस में पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री ने बोधि वृक्ष लगाया। वहीं, उन्होंने अपना संबोधन भी दिया। प्रधानमंत्री ने कहा,"नालंदा केवल एक नाम नहीं है। नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा एक मूल्य है, मंत्र है, गौरव है, गाथा है। नालंदा इस सत्य का उद्घोष है कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं। प्रधानमंत्री ने नालंदा के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व का जिक्र करते हुए कहा," प्राचीन नालंदा में बच्चों का एडमिशन उनकी पहचान, उनकी राष्ट्रीयता को देखकर नहीं होता था। हर देश, हर वर्ग के युवा यहां आते थे।"

पीएम मोदी ने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय के इस नए कैंपस में हमें उसी प्राचीन व्यवस्था को फिर से मजबूती देनी है। दुनिया के कई देशों से यहां छात्र आने लगे हैं। यहां नालंदा में 20 से ज्यादा देशों के छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। ये वसुधैव कुटुंबकम की भावना का कितना सुंदर प्रतीक है।

**नालंदा से एशिया के कई देशों की विरासत जुड़ी**

**पीएम** मोदी ने नालंदा विश्वविद्यालय से पूरी दुनिया को संदेश भी दिया। पीएम मोदी ने कहा, 'नालंदा केवल भारत के अतीत का ही पुनर्जागरण नहीं है, इसमें भारत ही नहीं एशिया के कितने देशों की विरासत जुड़ी है।

एक यूनिवर्सिटी के उद्घाटन में इतने देशों के प्रतिनिधियों का शामिल होना अपने आप में अभूतपूर्व है। बिहार के लोगों को बधाई कि वो अपने गौरव को वापस लाने के लिए जिस तरह से विकास की राह पर आगे बढ़ रहे हैं, नालंदा का ये कैंपस उसी की एक प्रेरणा है।'

**नालंदा एक मूल्य है, मंत्र है... पीएम मोदी**

**प्रधानमंत्री** ने कहा,"नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा एक मूल्य है, मंत्र है, गौरव है, गाथा है। नालंदा उद्घोष है इस सत्य की आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं, लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं।"

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं बिहार के लोगों को भी बधाई देता हूं। बिहार अपने गौरव को वापस लाने के लिए जिस तरह विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। नालंदा का ये परिसर उसी की एक प्रेरणा है। पीएम मोदी ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि नालंदा कभी भारत की परंपरा और पहचान का जीवंत केंद्र हुआ करता था। शिक्षा को लेकर यही भारत की सोच रही है। शिक्षा ही हमें गढ़ती है, विचार देती है और उसे आकार देती है।

**भारत के सभी मित्र देशों का अभिनंदन करता हूंः पीएम मोदी**

पीएम मोदी ने कहा,"नालंदा केवल भारत के ही अतीत का पुनर्जागरण नहीं है। इसमें विश्व के एशिया के कितने ही देशों की विरासत जुड़ी हुई है। नालंदा यूनिवर्सिटी के पुनर्निर्माण में हमारे साथी देशों की भागीदारी भी रही है। मैं इस अवसर पर भारत के सभी मित्र देशों का अभिनंदन करता हूं।"

## नीट रिजल्टः 24 लाख बच्चों के साथ अन्याय हुआः कांग्रेस

**घेरा**

**▶▶ हम इंतजार कर रहे हैं कि सरकार का दिल कब पिघलेगा, कब उन्हें समझ आएगा कि ये परीक्षा गलत थी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** मेडिकल में दाखिले से जुड़ी परीक्षा नीट यूजी के रिजल्ट सामने आने के बाद से ही छात्रों द्वारा इसका विरोध किया जा रहा है। कई जगह छात्रों ने रिजल्ट में धोखाधड़ी और गड़बड़ी करने के भी आरोप लगाए हैं। नीट यूजी रिजल्ट आने के बाद विपक्ष ने भी भाजपा पर जम कर निशाना साधा। नीट मुद्दे पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, हम इंतजार कर रहे हैं कि सरकार का दिल कब पिघलेगा, कब उन्हें समझ आएगा कि ये परीक्षा गलत थी, 24 लाख बच्चों और भारत की स्वास्थ्य सेवाओं के साथ अन्याय हुआ है।

**सुप्रीम कोर्ट भी पहुंचा था मामलाः** नीट-यूजी के रिजल्ट में झोल के नए-नए आरोपों और सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी के बाद शिक्षा मंत्रालय पूरी तरह से हरकत में आ गया है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने खुद इस मुद्दे पर आला अधिकारियों के साथ लंबी बैठक की। जिसमें नीट से जुड़े विवाद के सभी पहलुओं पर गंभीरता से चर्चा की। मंत्रालय ने छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए उन सभी विकल्पों पर गौर करने को कहा है कि जिसमें फिर से परीक्षा कराने जैसे विकल्प भी शामिल है। हालांकि, अभी इस पर किसी तरह का कोई निर्णय नहीं लिया गया है। मंत्रालय से जुड़े सूत्रों की मानें तो केंद्रीय मंत्री प्रधान इस दौरान नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के रवैए को लेकर भारी नाराज है। उनका मानना था कि एनटीए को परीक्षा को लेकर जिस तरह से पारदर्शिता रखना चाहिए था और गड़बड़ियों के सामने आने पर आगे बढ़कर काम करना था।

**आदर्श विचार**



"धरती पर जिस तरह मौसम में बदलाव आता हैं, उसी तरह जीवन में भी सुख-दु:ख आता जाता रहता हैं। - भगवत गीता"

**मन की बात**



"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए।

-स्वामी विवेकानंद"

## मणिपुर में तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**इंफालः** सुरक्षा बलों ने तेंगनौपाल जिले के लामलोंग गांव के पास शांटोंग से तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। वहीं कांगपोकपी जिले में कई हथियार जब्त किए हैं। मणिपुर पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि गिरफ्तार किए गए केवाईकेएल समूह के थियाम लुखोई लुवांग, कैशम प्रेमचंद सिंह और केसीपी नोयोन समूह के इनाओबी खुंड्राकपम शामिल हैं।

**अभियान के बाद तीनों को गिरफ्तार किया गयाः** संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए तलाशी अभियान के बाद तीनों को गिरफ्तार किया गया। तलाशी अभियान के दौरान 16 जून को कांगपोकपी जिले में गंगपिजांग पर्वतीय क्षेत्रों में कई हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए। इनमें एक 7.62 मिमी एके-56 असाल्ट राइफल, एक .22 राइफल, एक 12 इंच की ख्सगल-बोर बैरल गन, दो इम्प्रोवाइज्ड प्रोजेक्टाइल लांचर, एक चीनी हैंड ग्रेनेड, एक देसी हैंड ग्रेनेड, एक 51 मिमी मोर्टार और गोला-बारूद शामिल हैं। असम पुलिस ने उदलगुरी जिले में एक गांव से सोमवार शाम अवैध हथियारों और गोला-बारूद का बड़ा जखीरा बरामद किया है।

## खरीफ फसल के लिए एमएसपी को मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः कैबिनेट** ने विपणन सीजन 2024-25 के लिए खरीफ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मंजूरी दी है। पिछले वर्ष की तुलना में एमएसपी में सबसे अधिक पूर्ण वृद्धि की सिफारिश तिलहन और दालों के लिए की गई है। धान पर न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपये प्रति क्विंटल होगा जबकि कपास पर 7121 रुपये प्रति क्विटंल न्यूनतम समर्थन मूल्य होगा।



**कैबिनेट - वाराणसी हवाई अड्डे के विकास को मंजूरीः** कैबिनेट ने 2869.65 करोड़ रुपये की लागत से लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, वाराणसी के विकास को मंजूरी दी । प्रस्ताव में रनवे को 4075 मीटर गुना 45 मीटर तक विस्तारित करना और 20 विमानों को पार्क करने के लिए एक नए एप्रन का निर्माण करना शामिल है। एयरपोर्ट को ग्रीन एयरपोर्ट की तरह विकसित किया जाएगा। इसमें 2869.65 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसके अलावा कैबिनेट ने केंद्रीय क्षेत्र योजना "राष्ट्रीय फोरेंसिक अवसंरचना संवर्धन योजना" (एन.एफ.एल.ई.एस.) को मंजूरी दी।

## उत्तराखंड : टांडा और भाखड़ा रेंज के जंगलों में लगी भीषण आग

**टीम एक्शन इंडिया**

**हल्द्वानीः** उत्तराखंड में टांडा और भाखड़ा रेंज के जंगलों में दोपहर दो बजे से आग लगी हुई है। जो धीरे-धीरे विकराल रूप ले रही है। ऐसे में पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से दिल्ली हाइवे को बंद कर दिया है और दिल्ली से आने और जाने वाले पर्यटकों के साथ ही आम लोगों को लालकुआं होते हुए पंतनगर के रास्ते हल्द्वानी और नैनीताल भेजा जा रहा है। सूचना पर वन विभाग के सभी अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और आग बुझाने का काम जारी है।




हरियाणा से कांग्रेस की वरिष्ठ नेता रहीं किरण चौधरी और उनकी बेटी श्रुति चौधरी ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया।

## जम्मू-कश्मीर के हादीपोरा में एनकाउंटर में दो आतंकी ढेर

**एनकाउंटर**

**▶▶ दो सुरक्षाकर्मी घायल, रियासी हमले में आतंकियों की मदद करने वाला गिरफ्तार**

**टीम एक्शन इंडिया**

**श्रीनगरः** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में बुधवार (19 जून) को आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच खबर लिखे जाने तक एनकाउंटर जारी था। यहां के हादीपोरा इलाके में दो आतंकी मारे गए हैं, जबकि स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप का एक जवान और एक पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। हादीपोरा में पुलिस और सेना की जॉइंट टीम ने आतंकियों को ढूंढने के लिए एक सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। जैसे ही सुरक्षाबल आतंकियों के छिपने की जगह तक पहुंचे, आतंकियों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी। इधर रियासी में शिव खोड़ी से बस में आ रहे श्रद्धालुओं पर हुए आतंकी हमले को लेकर पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रियासी से 45 साल के ओवर ग्राउंड वर्कर हाकम को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी आतंकियों का बड़ा मददगार है, जिसने इस हमले में मदद की थी। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने आतंकियों को कई बार पनाह दी थी। आतंकियों को खाना मुहैया कराने के साथ घटनास्थल तक पहुंचने का रास्ता भी बताया था। इस हमले में 9 श्रद्धालु मारे गए थे, जबकि 40 घायल हुए थे। 9 जून को रियासी में तीर्थयात्रियों की बस पर हुए आतंकी हमले की जांच एनआईए को सौंप दी गई थी।



## राहुल 54 साल के हुए, कांग्रेस मुख्यालय में जन्मदिन मनाया



**जश्न**

**▶▶ खड़गे ने हाथ पकड़कर केक कटवाया, प्रियंका बोलीं- मेरे दोस्त-मार्गदर्शक बने रहना**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 19 जून को अपना 54वां जन्मदिन मनाया। इस मौके पर राहुल गांधी ने दिल्ली स्थित कांग्रेस दफ्तर में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर केक भी काटा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी के कई अन्य नेताओं ने बुधवार को पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को उनके जन्मदिन के अवसर पर बधाई दी और उन्हें कमजोरों की आवाज, संविधान के प्रति अटूट आस्था रखने वाला तथा सत्ता को सच का आईना दिखाने वाला बताया। प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में राहुल को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि हमेशा मेरे दोस्त बने रहना। उन्होंने राहुल को अपना सहयोगी तर्कशील मार्गदर्शक, दार्शनिक बताया।

**राहुल का राजनीतिक सफरः** राहुल अपने पिता राजीव गांधी की अमेठी सीट से 2009 और 2014 में जीतकर दो बार सांसद चुने गए। 2019 में वह इस सीट से स्मृति इरानी से चुनाव हारे। हालांकि, वे केरल के वायनाड से 4,31,770 रिकॉर्ड वोटों से जीते थे।

## ओडिशा विधानसभा में नेता विपक्ष होंगे नवीन पटनायक



**टीम एक्शन इंडिया**

**भुवनेशवरः** ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक नई विधानसभा में नेता विपक्ष होंगे। उन्हें आज विधायक दल की बैठक में नेता और विपक्ष का नेता चुना गया। वहीं प्रसन्ना आचार्य विधानसभा में पार्टी के उप नेता होंगे। विधायकों के साथ आज बैठक के बाद नवीन पटनायक ने पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नव निर्वाचित बीजू जनता दल के विधायकों की बैठक हुई है। इसमें उन्हें विपक्ष का नेता और विधानसभा में पार्टी का नेता चुना गया है। उन्होंने बताया कि एक नया पद होगा, जिसमें प्रसन्ना आचार्य विधानसभा में पार्टी के उप नेता होंगे।

## उत्तर भारत में लू का कहर, 109 लोगों की गई जान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** राजधानी सहित उत्तर भारत के राज्यों में भीषण लू का कहर जारी है। पहाड़ी इलाकों में भी तापमान रिकॉर्ड तोड़ रहा है। जम्मू के कठुआ में तापमान 48.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार कठुआ के पिछले 40 वर्षों के ज्ञात आंकड़ों के अनुसार शहर में तापमान पहली बार इतना पहुंचा है। माता वैष्णो देवी के आधार शिविर कटड़ा का अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। उत्तर प्रदेश में बीते 24 घंटे में लू के कारण 81 लोगों की मौत हो गई। सर्वाधिक 13 मौतें कानपुर में हुईं। बिहार के पांच जिलों में 25 लोगों की मौत की सूचना है। जबकि 50 से अधिक लोग विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराए गए हैं। इसी तरह से दिल्ली में भीषण लू से दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत हो गई और पांच मरीज अस्पताल में भर्ती कराए गए हैं। यूपी में सर्वाधिक 13 मौतें कानपुर, जबकि फतेहपुर में 12, चित्रकूट में नौ, उन्नाव में छह, बांदा में चार, उरई में छह, इटावा व बरेली में एक-एक, प्रयागराज और कौशांबी जिले में एक-एक और प्रतापगढ़ में चार लोगों की मौत हो गई। वाराणसी, मऊ, गाजीपुर, मीरजापुर, चंदौली, जौनपुर, बलिया, सोनभद्र में कुल 23 लोगों की जान गई। मौसम विभाग के अनुसार अभी अगले चार दिनों तक राहत के कोई आसार नहीं हैं। ज्यादातर जिलों में लू को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। बिहार के पांच जिलों में लू से 25 लोगों की मौत की सूचना है। जबकि 50 से अधिक लोग विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराए गए हैं।



**भीषण लू**

**▶▶ कठुआ के पिछले 40 वर्षों के ज्ञात आंकड़ों के अनुसार शहर में तापमान पहली बार इतना पहुंचा है**

**उपचुनाव** चुनाव देखकर नहीं दी 1500 रुपये पेंशन और ओल्ड पेंशन स्कीम, हरदीप सिंह बाबा के नामांकन में शामिल हुए ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू

## बिकने के बाद भाजपा के गुलाम हुए तीनों निर्दलीय पूर्व विधायकः मुख्यमंत्री

**मनीष**

**नालागढ़ः** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि तीनों निर्दलीय पूर्व विधायक बिकने के बाद भाजपा के गुलाम हो चुके हैं। ईमान बेचने के बाद इन्होंने विधायक पद से इस्तीफा दिया। खुद को भाजपा की राजनीतिक मंडी में बेचा न होता तो निर्दलीय विधायक अपने पद से इस्तीफा क्यों देते। पैसा लिया है इसलिए भाजपा के सामने घुटने टेकने को निर्दलीय पूर्व विधायक मजबूर हैं। मुख्यमंत्री यहां कांग्रेस उम्मीदवार हरदीप सिंह बाबा की नामांकन रैली को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने हरदीप सिंह का नामांकन पत्र दाखिल करवाया। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रैली में कहा कि नालागढ़ में मुकाबला धनवान और गुणवान के बीच है। यह चुनाव राजनीतिक सुचिता और स्वच्छता के लिए है। इसलिए हरदीप सिंह बाबा को जिताकर विधानसभा भेजें। बाबा जो भी काम लेकर आएंगेए उन्हें किया जाएगा। साढ़े तीन साल में नालागढ़ की सूरत बदल देंगे। उन्होंने कहा कि नालागढ़ के पूर्व विधायक केएल ठाकुर अपने क्रशर का स्टे लेने के लिए हाईकोर्ट की दौड़ लगा रहे हैं। लेकिन जनता की समस्याओं का। समाधान कराने के लिए कभी शिमला की दौड़ नहीं लगाई। वह अपने निजी काम लेकर ही आते थेए नालागढ़ में विकास कार्य मैंने खुद किए। बिकने के बाद पूर्व विधायक एक महीना अपने विधानसभा क्षेत्र नालागढ़ में नहीं आए। अब वह किस मुंह से दोबारा वोट मांग रहे हैं, जनता ने उन्हें विधायक चुनकर भेजा था। 14 महीने में उन्हें इस्तीफ ा देने की जरूरत क्यों पड़ी। वह निर्दलीय थे, वैसे भी भाजपा के साथ जा सकते थे, लेकिन जो पैसा उन्होंने अपना ईमान बेचकर लिया था, उसके दबाव में विधायक पद से इस्तीफा देना पड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जयराम ठाकुर फिर आकर झूठ बोलेंगे, लेकिन प्रदेश में उनकी सरकार बनने वाली नहीं है। कांग्रेस के विधायकों की संख्या बढकर 38 हो चुकी है। उपचुनाव की तीनों सीटें जीतकर 40 का आंकड़ा पार करेंगे। भाजपा का झूठ व फ रेब चलने वाला नहीं है। हमने बिकने वाले को नहीं, ईमानदार हरदीप बाबा को टिकट दिया है। भाजपा के उम्मीदवार केएल बिके कभी जनता के सच्चे हितैषी नहीं हो सकते। जो जनता की भावनाओं का ही सौदा कर देए वह सच्चा सेवक नहीं हो सकता। हमने निर्दलीय विधायकों के खूब काम किये, क्योंकि वह जनता की आवाज बनकर विधानसभा पहुंचे थे।



## नौसेना प्रमुख ने पीएम से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को रणनीतिक जल क्षेत्र में बल की युद्धक तैयारी और समग्र क्षमताओं के बाबत जानकारी दी। नौसेना प्रमुख ने प्रधानमंत्री से मुलाकात कर उन्हें भारतीय नौसेना की विभिन्न परिचालन और प्रशासनिक गतिविधियों के बारे में भी जानकारी दी। यह जानकारी नौसेना ने एक्स पर अपने एक पोस्ट में दी। इसमें कहा गया है कि नौसेना प्रमुख ने पीएम मोदी को कभी भी, कहीं भी और किसी भी तरह के युद्ध के लिए तैयार रहने का आश्वासन दिया। दिल्ली में नौसेना मुख्यालय में तैनात वरिष्ठ नौसेना अधिकारियों को संबोधित करते हुए एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय नौसेना को राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा के लिए हर समय युद्ध के लिए तैयार रहना चाहिए।



**आतंकियों ने लाल सागर में भारतीय जहाज को बनाया था निशानाः** पिछले कुछ महीनों में भारतीय नौसेना ने लालसागर के आसपास रणनीतिक जल क्षेत्र में हमले के बाद कई मालवाहक जहाजों की सहायता की है। हूती आतंकियों ने इजरायल पर दबाव बनाने के लिए लाल सागर में व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाया।

# हक का पानी नहीं मिला तो अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठूंगी: जल मंत्री आतिशी

### आतिशी ने पीएम मोदी को लिखा पत्र, दिल्ली वालों को पानी का हक दिलाने को 21 जून से अनिश्चितकालीन अनशन करेंगी आतिशी

**जल संकट**

**दिल्ली को हरियाणा से यमुना में 613 एमजीडी पानी मिलता है, लेकिन 18 जून को मात्र 513 एमजीडी पानी ही मिला**




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली में जल संकट के** बीच आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और जलमंत्री आतिशी दिल्लीवालों को उनके हक का पानी दिलवाने के लिए 21 जून से अनिश्चितकालीन अनशन करने जा रही हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस विषय पर चिट्ठी भी लिखी है और हरियाणा से पानी न मिलने के मुद्दे पर तुरंत हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। इस बाबत बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए मीडिया से अपनी बात को साझा करते हुए आतिशी ने कहा कि दिल्ली को हरियाणा से यमुना में 613 एमजीडी पानी मिलता है, लेकिन 18 जून को मात्र 513 एमजीडी पानी ही मिला। दिल्ली में इस 100 एमजीडी पानी की कमी से 28 लाख लोग प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे है। दिल्लीवालों के कष्ट की हर सीमा पार हो चुकी है। उन्होंने कहा कि 3 करोड़ की आबादी वाली दिल्ली को मात्र 1050 एमजीडी, वहीं 3 करोड़ की आबादी वाले हरियाणा को 6500 एमजीडी पानी मिलता है। उन्होंने कहा कि हमनें हर संभव प्रयास किए, लेकिन पर्याप्त पानी होने के बावजूद भी हरियाणा दिल्ली को 100 एमजीडी पानी देने को तैयार नहीं है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी दिल्लीवालों को उनके हक का पानी दिलवाएं वरना अब उन्हें मजबूरन अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठना होगा। आतिशी ने कहा कि पानी की कमी को लेकर हमारे विधायक केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से भी मिलने गये, लेकिन वो हमारे विधायकों से नहीं मिले। कल दिल्ली सरकार के उच्चाधिकारी हरियाणा सरकार के अफसरों से मिलने गये। दिल्ली के 28 लाख लोगों के लिए पानी माँगने गये, लेकिन हरियाणा सरकार ने पानी देने से इनकार कर दिया।

आतिशी ने कहा कि अनशन पर बैठने से शरीर को बहुत कष्ट होता है, लेकिन इस समय दिल्लीवालों का कष्ट इतना ज्यादा है कि उसके सामने मेरे शरीर का कष्ट कुछ भी नहीं होगा।

### राजधानी पानी की गंभीर कमी से जूझ रही

**राष्ट्रीय** राजधानी कई हफ्तों से पानी की गंभीर कमी से जूझ रही है, भीषण गर्मी के बीच आपूर्ति बहुत कम या बिल्कुल नहीं हो रही है। शहर की आप सरकार ने हरियाणा पर उसके हिस्से का पानी नहीं देने का आरोप लगाया है। यादव ने कहा कि दिल्ली सरकार को शहर की चरम गर्मियों की मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त पानी जारी करने के लिए हरियाणा, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश सरकारों को लिखना चाहिए था। उन्होंने आरोप लगाया कि आप सरकार एक बार फिर ऐसा करने में विफल रही। सुप्रीम कोर्ट की एक बेंच ने अपर यमुना रिवर बोर्ड को 14 जून को बैठक कर दिल्ली को पानी देने के मुद्दे पर जल्द से जल्द फैसला लेने का निर्देश दिया था। यादव ने कहा कि बैठक तो हो गई, लेकिन इसके चार दिन बाद भी पानी की कमी बनी हुई है।

## दिल्ली जल बोर्ड के 250 में से 100 टैंकर लापताः कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस के अंतरिम दिल्ली प्रमुख देवेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय राजधानी में पानी की भारी कमी के कारण दिल्ली जल बोर्ड के 250 पानी टैंकरों में से कम से कम सौ टैंकर रोस्टर से गायब हो गए हैं। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के पास गर्मियों के दौरान हमेशा 250 विभागीय टैंकर होते थे। यादव ने आरोप लगाया और आश्चर्य जताया कि इस गर्मी में 100 टैंकर गायब हो गए। उन्होंने कहा, यह भी आश्चर्य की बात है कि दिल्ली जल बोर्ड ने पानी की कमी से निपटने के लिए टैंकरों की संख्या नहीं बढ़ाई, क्योंकि आम आदमी पार्टी 10 साल पहले दिल्लीवासियों को मुफ्त बिजली और पानी उपलब्ध कराने के वादे पर सत्ता में आई थी। यादव ने दावा किया कि 2022 में दिल्ली के 10,141 पानी की कमी वाले स्थानों की सेवा के लिए दिल्ली जल बोर्ड के पास अनुबंध पर 407 टैंकर, किराये पर 541 और विभाग के 250 टैंकर थे। दिल्ली सरकार पानी की कमी को लेकर आखिरी समय पर जागती है, क्योंकि दिल्ली जल बोर्ड पानी की कमी को दूर करने के लिए पहले से कोई ग्रीष्मकालीन कार्ययोजना नहीं बनाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब पानी की कमी नियंत्रण से बाहर हो जाती है तो आप और भाजपा आरोप-प्रत्यारोप में लग जाते हैं।

## बिजली की डिमांड ने तोड़े सारे रिकॉर्ड

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भीषण गर्मी में बिजली की मांग चरम पर है। हर दिन दिल्ली में बिजली की मांग बढ़ रही है और नित नये प्रतिमान कायम कर रही है। वितरण कंपनियों के मुताबिक, प्रचंड गर्मी के कारण बुधवार को दिल्ली में बिजली की मांग अब तक के उच्चतम स्तर 8,656 मेगावाट पर पहुंच गई है। वहीं, मंगलवार को यह आंकड़ा 8,647 मेगावाट तक था, जो दिल्ली के इतिहास में सबसे अधिक था। गर्मी की तपिश की वजह से लोगों के घरों और कार्यालयों में गर्मी से राहत देने वाले कूलर, एसी, पंखे इन दिनों ज्यादा चल रहे हैं। इस वजह से बिजली की मांग दिल्ली में बढ़ी हुई है। बिजली कंपनियों ने अनुमान लगाया था कि 8000 मेगावाट इस गर्मी में मांग होगी, इस आंकड़े को भी मांग पार गई है।

# सुलग रही दिल्लीः राजधानी में 12 साल बाद गर्म रात




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में बुधवार को 12 साल की सबसे गर्म रात रही और न्यूनतम तापमान 35.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसम के सामान्य से आठ डिग्री अधिक है। मौसम कार्यालय ने कहा कि शहर में पिछली सबसे गर्म रात जून 2012 में दर्ज की गई थी जब न्यूनतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। मंगलवार को दिल्ली में इस सीजन की सबसे गर्म रात 33.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई। प्रचंड गर्मी की इस ऐतिहासिक दौर में दिल्ली में लगातार 37 दिनों से अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा बना हुआ है। आज शाम से कल रात तक धूल भरी आंधी और बारिश की संभावना है। जिससे मामूली राहत मिलेगी। जानकारी के अनुसार, दिल्ली को बुधवार से भीषण गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है। 20 जून को शहर में ताजा पश्चिमी विक्षोभ के कारण हल्की बारिश होने की उम्मीद है।

**दिल्ली में प्रचंड गर्मी से 24 घंटे में 33 मौतें:** प्रचंड गर्मी ने दिल्ली में कोहराम मचा रखा है। गर्मी में 24 घंटे में 33 लोगों की मौत हुई है। यह आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। पुलिस के पास अभी पांच जिलों का डेटा नहीं है। ज्यादातर पुलिस उपायुक्त का कहना है कि यह फुटपाथ व रैन बसेरों में रहने वाले लोग थे। शुरूआती जांच में पुलिस इनकी मौत का कारण गर्मी ही मान रही है। हालांकि यह भी कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद तस्वीर और स्पष्ट हो जाएगी। उधर, दिल्ली के 38 अस्पतालों में हर रोज बेहोशी, उल्टी व चक्कर आने के 100 से ज्यादा मरीज पहुंच रहे हैं। लू की स्थिति से कोई राहत नहीं मिलने के कारण, दिल्ली-एनसीआर के अस्पतालों में हीट स्ट्रोक और थकावट की शिकायत वाले मरीजों की भीड़ देखी जा रही है।

# केजरीवाल की न्यायिक हिरासत तीन जुलाई तक बढ़ी



**जेल में रहेंगे**

**डयूटी जज ने आदेश दिया। कोर्ट में अभी केजरीवाल की नियमित जमानत याचिका पर सुनवाई चल रही**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में आरोपित दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत तीन जुलाई तक बढ़ा दी है। ड्यूटी जज न्याय बिंदु ने यह आदेश दिया। कोर्ट में अभी केजरीवाल की नियमित जमानत याचिका पर सुनवाई चल रही है। केजरीवाल की आज न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया। पांच जून को कोर्ट ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत आज तक के लिए बढ़ा दी थी। कोर्ट ने 30 मई को केजरीवाल की अंतरिम और नियमित जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए ईडी को नोटिस जारी किया था। सुप्रीम कोर्ट ने 29 मई को केजरीवाल की सात दिन की अंतरिम जमानत के आवेदन को स्वीकार करने से इनकार करते हुए कहा था कि चूंकि केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने पर फैसला पहले ही सुरक्षित रखा जा चुका है, इसलिए अंतरिम जमानत बढ़ाने की उनकी याचिका का मुख्य याचिका से कोई संबंध नहीं है। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें नियमित जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट जाने की अनुमति भी दी है। 10 मई को केजरीवाल को एक जून तक की अंतरिम जमानत देते हुए दो जून को सरेंडर करने का आदेश दिया था। केजरीवाल ने दो जून को सरेंडर किया था।

# विभाग में अधिकारी नहीं सुनते बातः सौरभ भारद्वाज



**आदेश**

**डीयूएसआईबी के सीईओ को निर्देश दिया कि वह तीन वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करें**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने आदेश का पालन नहीं करने पर वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। डीयूएसआईबी के सीईओ को निर्देश दिया कि वह तीन वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करें। जिन्होंने बेघर आश्रयों का निरीक्षण करने के लिए मंत्री के निर्देश का पालन नहीं किया। बीती 10 जून को मंत्री सौरभ भारद्वाज ने डीयूएसआईबी के सीईओ को निर्देश दिया कि वे तीन वरिष्ठ अधिकारियों को नियुक्त करें। ताकि प्रत्येक दिन कम से कम पांच बेघर आश्रयों का औचक निरीक्षण करें और 18 जून तक कमी को लेकर रिपोर्ट पेश की जाए। सौरभ ने निर्देश दिया था कि वे आश्रय गृहों में वाटर डिस्पेंसर और वाटर बेस्ड एयर कूलर की व्यवस्था सुनिश्चित करें। 90 आश्रय गृहों की रिपोर्ट

# गर्मी से हाहाकारः दिल्ली में 13 की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली समेत एनसीआर में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। नोएडा के बाद दिल्ली में 13 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं नोएडा में गर्मी से बुधवार को 14 लोगों की जान चली गई। दिल्ली में बीती रात 12 साल की सबसे गर्म रही और न्यूनतम तापमान 35.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**सफदरजंग में अब तक इतने लोगों की मौत:** दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भी मौत के आंकड़े सामने आए हैं। ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, 15 लोगों को भर्ती किया गया। जिसमें से पांच की मौत हो चुकी है। अब तक 27 को भर्ती किया गया है। जिसमें से चार की मौत हुई। जिसके बाद कुल मामले 45 पहुंच गए।

**केंद्र सरकार के अस्पतालों को भेजे गए आदेश:** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने हीटवेव की स्थिति और केंद्र सरकार के अस्पतालों में तैयारी को लेकर समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सभी अस्पतालों को तैयार रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही विशेष हीटवेव यूनिट को केंद्रीय सरकार के अस्पतालों को निर्देश दिया है।

### नोएडा में गर्मी से 14 की मौत



**नोएडा** में अलग-अलग इलाकों में 14 लोगों की संदिग्ध मौत हो गई है। इन सब की मौत के पीछे लू और हीट स्ट्रोक की आशंका जताई जा रही है। लेकिन इसकी अभी तक पुष्टि नहीं की जा सकी है। पुलिस का दावा है कि इनके शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। संबंधित कोतवाली पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के सही कारणों का पता चलेगा।

पुलिस के मुताबिक, सेक्टर-125 स्थित निजी विश्वविद्यालय के गेट नंबर पांच के पास कूड़ा बीनने वाले युवक का शव मिला। उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। सेक्टर एक स्थित टकसाल के पास शाम को करीब 60 वर्षीय बुजुर्ग का शव बरामद हुआ। आसपास के लोगों ने बुजुर्ग की भीषण गर्मी के कारण मौत होने की आशंका जताई।

**दिल्ली में 12 साल की सबसे गर्म रात:** मौसम कार्यालय ने कहा कि शहर में पिछली सबसे गर्म रात जून 2012 में दर्ज की गई थी जब न्यूनतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। मंगलवार को दिल्ली में इस सीजन की सबसे गर्म रात 33.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई।

**दिल्ली में प्रचंड गर्मी से अब तक इतनी मौतें:** बीते मंगलवार को गर्मी से 33 लोगों की मौत हुई। पुलिस के पास अभी पांच जिलों का डेटा नहीं है। ज्यादातर पुलिस उपायुक्त का कहना है कि यह फुटपाथ व रैन बसेरों में रहने वाले लोग थे। शुरूआती जांच में पुलिस इनकी मौत का कारण गर्मी ही मान रही है। हालांकि यह भी कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद तस्वीर और स्पष्ट हो जाएगी। उधर, दिल्ली के 38 अस्पतालों में हर रोज बेहोशी, उल्टी व चक्कर आने के 100 से ज्यादा मरीज पहुंच रहे हैं।

# हमारे इलाके का हीरो है दक्षः सांसद मनोज तिवारी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** उत्तर पूर्वी दिल्ली से भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कन्हैया कुमार को थप्पड़ मारने वाले शख्स की पहचान की है। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने एक कहा कि वह उसे अच्छे से जानते हैं और वह इलाके में हीरो जैसा है। मनोज तिवारी ने गौ रक्षा के लिए उसके प्रयासों की तारीफ की। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि कन्हैया कुमार को थप्पड़ मारना गलत था। इंटरव्यू में मनोज तिवारी से कन्हैया कुमार को थप्पड़ मारने को लेकर सवाल पूछा गया। इसका जवाब देते हुए मनोज तिवारी ने कहा, 'मैं दक्ष को जानता हूं। उसे हमारे क्षेत्र में सब जानते हैं। वह एक गौ रक्षक है। दक्ष हमारे इलाके का हीरो है..यह काम उसने ठीक नहीं किया, थप्पड़ नहीं मारना चाहिए था। थप्पड़ मारने से कन्हैया कुछ देर के लिए हीरो बन गया।'

**लोकसभा चुनाव के दौरान मारा था थप्पड़:** लोकसभा चुनाव के दौरान दिल्ली में कांग्रेस के प्रत्याशी कन्हैया कुमार पर दक्ष चौधरी और अनु चौधरी ने देश के टुकड़े-टुकड़े करने वाला बयान देने पर थप्पड़ जड़ दिया था। कन्हैया के समर्थकों ने दोनों को पकड़कर जमकर पीटा और पुलिस को सौंप दिया था। दिल्ली पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई की थी।

# फैक्टरी मालिक की हुई मौत, जांच जारी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुभाष प्लेस इलाके में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। अपनी दिव्यांग बहन के साथ रहने वाले फैक्टरी मालिक की घर में मौत हो गई, लेकिन दूसरे कमरे में मौजूद उनकी बहन किसी को घटना की जानकारी भी नहीं दे पाई। घर का दरवाजा बंद होने की वजह से सुबह नौकरानी भी दरवाजा खटखटाकर चली गई, लेकिन शाम में भी दरवाजा बंद होने पर नौकरानी ने पड़ोसियों को इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल कर्मी दरवाजा तोड़कर घुसे। अंदर का नजारा देखकर सभी हैरान हो गए। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर ऑस्ट्रेलिया से आए मृतक के भाई को शव सौंप दिया है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, ताकि मौत के कारणों का खुलासा हो सके। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 16 जून की शाम 6.37 बजे पुलिस को सूचना मिली कि पड़ोसी दरवाजा नहीं खोल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। दरवाजा अंदर से बंद था। खटखटाने से अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। पुलिस ने दमकल कर्मियों को बुलाकर दरवाजा तोड़ा। अंदर जाने पर पुलिस ने देखा कि बेडरूम में 49 साल के ऋषि की मौत हो चुकी है। जबकि उनकी बहन 54 साल की गुड्डन बिस्तर पर पड़ी हुई है। जांच में पता चला कि गुड्डन दिव्यांग है और वह न तो बोल सकती है और न चल सकती है। सूचना देने वाले पड़ोसी रमेश चंद ने बताया कि ऋषि की वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र में छोटे बर्त्तन बनाने की फैक्टरी है। उनकी पत्नी अपनी बेटी के साथ पिछले 15 साल से पैतृक घर पर रहती है। वहीं, ऋषि अपनी दिव्यांग बहन के साथ रहते थे। उन्होंने उनकी देखभाल के लिए एक घरेलू सहायिका रखी हुई थी। पड़ोसी ने बताया कि शनिवार रात नौ बजे तक ऋषि उनके साथ ही थे। इसके बाद वह अपने घर लौट आए। पुलिस ने मृतक की पत्नी और भाई लाल पवन सिंह को सूचना दी। वह ऑस्ट्रेलिया में रहते हैं।

## राष्ट्रीय शारीरिक दिव्यांगजन संस्थान का दौरा करेंगी राष्ट्रपति

**नई दिल्ली:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शारीरिक दिव्यांगजन संस्थान का दौरा करेंगी।राष्ट्रपति मुर्मू सबसे पहले संस्थान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगी। इसके बाद संस्थान परिसर में पौधारोपण करेंगी और पी-एंड-ओ कार्यशाला का निरीक्षण करेंगी। राष्ट्रपति क्रॉस डिसेबिलिटी शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र (सीडीईआईसी) का भी दौरा करेंगी और यहां इलाज करा रहे बच्चों से मिलेंगी और उनके स्वास्थ्य की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगी।

# नकली पासपोर्ट रखने के आरोप में एयरपोर्ट पर यात्री गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: प्रो**फाइलिंग और बिहेवियर डिटेक्शन के आधार पर आईजीआई एयरपोर्ट पर तैनात सीआईएसएफ के जवानों ने टर्मिनल-3 के चेक-इन एरिया में एक यात्री को पूछताछ के लिये रोका। पूछताछ करने पर उसने अपनी पहचान रशविंदर सिंह सहोता बताई। उसकी उम्र लगभग 67 वर्ष थी। वह एयर कनाडा की उड़ान से रात 10:50 पर दिल्ली से कनाडा जा रहा था।सीआईएसएफ के जवानों ने उसके पासपोर्ट की जांच करने पर पाया कि उसकी उम्र पासपोर्ट में दी गयी उम्र से काफी कम लग रही है। उसकी आवाज और स्किन भी जवान व्यक्ति जैसी थी और उसकी उम्र पासपोर्ट में दिए गए विवरण से मेल नहीं खा रही थी। गहनता से देखने पर पता चला की यात्री ने अपने बाल और दाढ़ी को सफेद रंग से रंगा हुआ था और बूढ़ा दिखने के लिए चश्मा भी पहना हुआ था। इन संदेहों के आधार पर उसे गहन तलाशी के लिए डिपार्चर एरिया में जांच के लिए ले जाया गया। उसके मोबाइल की जांच के दौरान, एक अन्य पासपोर्ट की सॉफ्ट कॉपी मिली।

# डीसीपी कार्यालय के पास बाइक सवार की चाकू घोंपकर हत्या




**जांच शुरू**

**डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** उत्तर पूर्वी दिल्ली जिला के सीलमपुर में डीसीपी कार्यालय से चंद कदमों की दूरी पर बदमाशों ने बाइक सवार व्यक्ति की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान शाहदरा निवासी मनोज कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार मंगलवार रात तकरीबन 10:30 बजे डीसीपी कार्यालय के पास जीटी रोड पर एक शख्स को चाकू मारने की सूचना मिली। सीलमपुर थाना पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। घायल को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आशंका जताई जा रही है कि लूटपाट या रोडरेज की वजह से मनोज की हत्या की गई।

**गर्मी का सितम**

### शवों की संख्या अधिक हुई है और इसमें गर्मी की चपेट में आकर दम तोड़ने वालों की संख्या अधिक है

# दिल्ली-एनसीआर का दम निकाल रही, कोरोना के बाद पहली बार श्मशान घाट पर लग रहीं कतारें



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भीषण गर्मी में दिल्ली-एनसीआर दम तोड़ने लगे हैं। गर्मी से हालात कुछ ऐसे हैं कि राष्ट्रीय राजधानी के निगमबोध घाट पर शवों की कतारें लगी हुई हैं। जिसमें बुजुर्गों के शवों की संख्या अधिक है। दिल्ली के निगम बोध घाट पर कल रिकॉर्ड 95 शवों का दाह संस्कार हुआ। घाट प्रबंधन से जुड़े लोगों के अनुसार यह कोरोना महामारी के दौर के बाद का नया रिकॉर्ड है। शवों की कतारें लगी हुई हैं। बता दें कि आम तौर पर कश्मीरी गेट स्थित निगमबोध घाट पर 40 से 50 शवों का अंतिम संस्कार किया जाता है, जबकि कोरोना के दौरान यह संख्या 100 से अधिक पहुंच गई थी। अप्रैल 2021 में एक दिन यहां 107 शव आए थे। अब भीषण गर्मी भी उसी तरह का कहर ढा रही है। निगम घाट के प्रबंधक सुमन गुप्ता के अनुसार हाल के दिनों में शवों की संख्या अधिक हुई है और इसमें गर्मी की चपेट में आकर दम तोड़ने वालों की संख्या अधिक है।

**गीता कॉलोनी श्मशान घाट में भी बढ़ी संख्या:** वहीं पूर्वी दिल्ली के गीता कॉलोनी श्मशान घाट समिति के अध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया कि दिन में 7-8 शव आते हैं। अभी तक 18 जून को सबसे अधिक 13 शवों का अंतिम संस्कार हुआ था। 19 जून को अभी तक (दोपहर 1 बजे से पहले तक) 12 शवों का अंतिम संस्कार हो चुका है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक साल हर महीने में 210-230 शवों का अंतिम संस्कार होता है।

**गाजीपुर श्मशान घाट में भी बढ़ी अंतिम संस्कार की संख्या:** पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर श्मशान सुधार समिति के प्रभारी सुनील ने बताया कि पिछले दो हफ्तों से गर्मी बढ़ने से शवों के अंतिम संस्कार की संख्या प्रतिदिन 15 से अधिक हो गई है। सामान्य दिनों में यह संख्या 10-12 के बीच रहती है। 18 जून को श्मशान घाट में 25 शवों का अंतिम संस्कार हुआ था। पिछले साल भी मई से जुलाई के बीच प्रत्येक महीने 350 से अधिक शवों का अंतिम संस्कार हुआ था।

**दिल्ली गेट कब्रिस्तान में दफ्नाए जाएंगे 20 शव:** दिल्ली गेट कब्रिस्तान के संचालक शमीम ने बताया कि आज 20 शव दफना दिए जाएंगे। 12 को दफ्ना दिया गया है, पांच रखे हुए हैं। वैसे, प्रतिदिन औसतन पांच-छह शव ही आते हैं। मंगलवार को 15 शव दफ्न किए गए थे।

**गाजियाबादः 24 घंटे में 30 लोगों को मृतावस्था में अस्पताल लाया गया:** गाजियाबाद में भी गर्मी में लोगों की तबीयत बिगड़ रही है, पहले से बीमार लोगों की सेहत पर इसका बुरा असर पड़ रहा है। पिछले 24 घंटे में जिले के सरकारी अस्पतालों की इमरजेंसी में 30 लोगों को मृतावस्था में लाया गया। अकेले जिला एमएमजी अस्पताल की इमरजेंसी में 24 घंटे में 26 लोगों को मृतावस्था में लाया गया है। इनमें से 12 शवों को स्वजन को सौंप दिया गया और अन्य शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

**पूर्वी दिल्लीः गीता कॉलोनी श्मशान घाट में जलती चिताएं, 18 जून को हुआ 13 शवों का अंतिम संस्कार** :संयुक्त अस्पताल और सीएचसी लोनी में दो की मौत हुई है। सोमवार और मंगलवार देर शाम तक कोविड के बाद पहली बार जिला एमएमजी अस्पताल की इमरजेंसी में इतने लोगों को मृतावस्था में लाया गया।

# श्रमिकों को मुफ्त तीर्थ यात्रा करवाएगी सरकार: सीएम नायब सैनी

**जो भी श्रमिक लाभ के लिए पोर्टल के माध्यम से अप्लाई करेगा, उसे तय समय में लाभ मिलेगा- सीएम नायब सैनी**




**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद:** सीएम नायब सिंह सैनी नई अनाज मंडी में आयोजित श्रमिक सम्मान समारोह में घोषणा की है कि जो भी श्रमिक भगवान श्रीराम के दर्शनों के लिए तीर्थ यात्रा पर जाना चाहता है,उसे सरकार द्वारा मुफ्त यात्रा करवाई जाएगी। इसके लिए अधिकारियों द्वारा कार्ययोजना तैयार की जा रही है। श्रमिक बस या ट्रेन से भी अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शनों के लिए तीर्थ यात्रा जाते हैं तो इसका खर्च हरियाणा सरकार वहन करेगी। सीएम नायब सिंह सैनी बुधवार को जींद की नई अनाज मंडी आयोजित श्रमिक सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि भूपेंद्र हुड्डा समेत कांग्रेस नेता यह कहते फिर रहे हैं कि उनकी सरकार आने पर पोर्टल को बंद कर दिया जाएगा। करनाल में भूपेंद्र हुड्डा ने यह बात बोली तो उनके मूख से भ्रष्टाचार की बू आ रही थी। क्योंकि श्रमिकों तक जो भी लाभ पहुंच रहा है, इस पोर्टल के माध्यम से पहुंचता है। अगर पोर्टल बंद हो गया तो लाभ से वंचित रह जाएंगे। इसलिए सरकार ने फैसला लिया है कि जो भी श्रमिक लाभ के लिए पोर्टल के माध्यम से अप्लाई करेगा, उसे तय समय में लाभ मिलेगा। इसके अलावा सरकार ने हैप्पी कार्ड, बिजली बिल माफी, सोलर योजना की भी शुरूआत की है। सीएम नायब सिंह सैनी ने बटन दबा कर श्रमिकों के लिए तीन योजनाओं के तहत करोड़ों रुपये का लाभ उनके खातों में डालने का काम किया। उन्होंने कहा कि सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं बना रही है। सरकार ने पिछले 10 वर्षों में आयुष्मान कार्ड, चिरायु कार्ड की योजना दी, जिसके तहत पांच लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त दिया गया है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने जरूरतमंदों को प्लाट तो दे दिए थे लेकिन न तो उनकी निशानदेही करवाई गई थी और न ही कब्जा दिलवाया गया था। जिसके चलते यह प्लाट धारक अपने आप को ठगा महसूस कर रहे थे।

**वहन**

**⏩ अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शनों के लिए तीर्थ यात्रा जाते हैं तो इसका खर्च हरियाणा सरकार वहन करेगी**

## हरियाणा में नहीं बढ़ेंगे भूमि के कलेक्टर रेट

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने प्रदेश वासियों को बड़ी राहत देते हुए भूमि के कलेक्टर रेट बढ़ाने के फैसले पर रोक लगा दी है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने राजस्व विभाग के इस प्रस्ताव को लागू करने से इनकार कर दिया है। चुनाव के मौसम में प्रदेश वासियों को यह बड़ी राहत है। हरियाणा में एक अप्रैल से रिवाइज कलेक्टर रेट लागू होते हैं। इस बार लोकसभा चुनाव के कारण आचार संहिता लगी हुई थी। इस कारण से कलेक्टर रेट लागू नहीं हो पाए। आचार संहिता हटते ही जिलों से रिवाइज कलेक्टर रेट के प्रस्ताव राजस्व विभाग को भेजे गए थे।

राजस्व विभाग ने भूमि के 10 से बीस प्रतिशत तक कलेक्टर रेट बढ़ाने का प्रस्ताव दिया था। मुख्यमंत्री ने इस फाइल को लौटाते हुए कहा है कि अभी पुराने रेट पर ही रजिस्ट्री की जाएगी। पूर्व सीएम मनोहर लाल ने अपने कार्यकाल के दौरान निर्देश दिए थे कि कलेक्टर रेट बढ़ाने से पहले जिलों में मार्केट वेल्यू का पता करना जरूरी है। क्योंकि कई जिलों में ऐसी जमीनें भी हैं, जहां जमीनों की मार्केट वेल्यू काफी है, लेकिन कलेक्टर रेट उसके मुकाबले काफी कम है। इससे सरकार को करोड़ों रुपये का राजस्व नुकसान उठाना पड़ता है। पूर्व सीएम के निर्देश के अनुसार ही जिलों से कलेक्टर रेट बढ़ाने का प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन सीएम सैनी ने इसे लागू करने से मना कर दिया। हरियाणा में एनसीआर के तहत आने वाले जिलों से सबसे ज्यादा कलेक्टर रेट बढ़ाने का प्रस्ताव आया था। इनमें रोहतक, गुरुग्राम, फरीदाबाद, पलवल, बहादुरगढ़, सोनीपत, करनाल, पानीपत जिले शामिल हैं। यहां के जिला प्रशासन की ओर से 20 प्रतिशत तक की कलेक्टर रेट में बढ़ोतरी के प्रस्ताव भेजे गए थे। सीएम सैनी ने कलेक्टर रेट बढ़ाने के प्रस्ताव पर रोक लगाते हुए कहा है कि राज्य के सभी जिलों में पुराने रेट पर ही जमीनों की रजिस्ट्री की जाएगी।

# किरण चौधरी और श्रुति चौधरी ने नई दिल्ली में थामा कमल का दामन

**कांग्रेस को झटका**

**⏩ मुख्यमंत्री नायब सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल रहे मौजूद, सत्ता मिलने के आसार देख रही कांग्रेस को झटका**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा की राजनीति में बड़ा बदलाव लाते हुए कांग्रेस नेता किरण चौधरी बुधवार को अपनी पूर्व सांसद पुत्री श्रुति चौधरी के साथ दिल्ली स्थित मुख्यालय पर भाजपा में शामिल हो गई।हाल में हुए लोकसभा चुनाव में श्रुति चौधरी को भिवानी महेंद्र गढ़ सीट से टिकट न दिए जाने से किरण चौधरी क्षुब्ध थी। किरण चौधरी लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान अपने को अलग थलग महसूस कर रही थी और इस बारे में उन्होंने राहुल गांधी से शिकायत भी की थी।बहरहाल हरियाणा में अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव में सत्ता मिलने के आसार देख रही कांग्रेस को झटका लगा है। किरण चौधरी के जाने से कांग्रेस की झोली में कम से कम आधा दर्जन विधानसभा सीट गंवा सकती है। असल में हरियाणा कांग्रेस में लम्बे समय से गुटबाजी हावी है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के विरोध में बनाए गए एसआरके गुट में किरण चौधरी भी शामिल थी। किरण चौधरी और श्रुति चौधरी ने मंगलवार को कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था।किरण चौधरी एक अरसे से पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सम्पर्क में थी। किरण चौधरी के भाजपा में जाने की संभावनाएं एक साल पहले से देखी जा रही थी।

नई दिल्ली में बुधवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व केन्द्रीय शहरी विकास एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल की मौजूदगी में तोशाम से विधायक किरण चौधरी और उनकी बेटी पूर्व सांसद श्रुति चौधरी ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली।



### पीएम मोदी की विकासकारी नीतियों विशेषकर विकसित भारत के संकल्प से प्रभावित हुई : किरण

**पांच बार विधायक रही किरण चौधरी ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकासकारी** नीतियों विशेषकर विकसित भारत के संकल्प से प्रभावित हुई हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इसी सोच के साथ देश की जनता ने तीसरी बार उन्हें सत्ता सौंपी। प्रधानमंत्री के साथ उन्होंने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कार्यों की भी खुलकर प्रशंसा की और कहा कि पर्ची-खर्ची का सिस्टम खत्म कर उन्होंने नई दिशा दी है। इसलिए आज का युवा उज्वल भविष्य देख रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चौधरी बंसीलाल के साथ काम किया है। चौधरी बंसीलाल की तरह ही मनोहर लाल ने भी ईमानदारी से अच्छा कार्य किया है। किरण चौधरी ने कहा कि उन्होंने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस का हाथ छोड़ दिया है। करीब 20 साल पहले उन्होंने हरियाणा विकास पार्टी का कांग्रेस में विलय करवाया था, अब वह साथ छोड़ दिया है। अब भाजपा की नीतियों को घर-घर पहुंचाएंगे और तीसरी बार भाजपा हरियाणा में जीत का परचम लहराएगी। पूर्व सांसद श्रुति चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशहित में ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। पूरे विश्व में भारत का नाम चमकाया है। वह भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रही है।

## न्यूज फ्लैश

### किरण व श्रुति के आने से प्रदेश भाजपा होगी मजबूत: कंवर पाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**यमुनानगर:** हरियाणा की कदावर नेता एवं कांग्रेस पार्टी की मजबूत नेता मानी जानी वाली किरण चौधरी व उनकी पुत्री पूर्व लोकसभा सांसद श्रुति चौधरी का भाजपा में शामिल होने पर कृषि मंत्री कंवरपाल ने स्वागत किया और कहा कि भाजपा में शामिल होने पर इन दोनों नेत्रियों को पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि दूसरे विपक्षी दलों की अपेक्षा भाजपा ही ऐसी पार्टी है जिसमें बूथ स्तर से लेकर बडे पदाधिकारी तक सबको बराबर मान-सम्मान दिया जाता है। भाजपा एक अनुशासित व मजबूत संगठन की पार्टी है और भाजपा में किसी भी तरह का भेदभाव नहीं है। कृषि मंत्री बुधवार को अपने जगाधरी कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि भाजपा में शामिल हुई किरण चौधरी प्रदेश में मंत्री, कई बार विधायक एवं सीएलपी नेता और वहीं उनकी पुत्री श्रुति चौधरी भिवानी से लोकसभा सांसद रही और है उन्हें राजनीति का अच्छा अनुभव हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में जिस प्रकार परिवारवाद, आपसी गुटबाजी, सौतेले जैसा व्यवहार एवं कांग्रेस की जिस प्रकार की कार्य पद्वति चल रही है, उससे न केवल किरण चौधरी दुखी थी, बल्कि कांग्रेस के दूसरे नेतागण भी काफी परेशान हो रहे है। भाजपा को अपने आगामी राजनैतिक विकल्प के रूप में देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी पुरानी सोच से हटकर कार्य कर रही है और यही वजह है कि काफी संख्या में नेतागण व कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी को छोडकर भाजपा में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश व प्रदेश में हर वर्ग के हित को ध्यान में रखकर योजनाओं को अमलीजामा पहनाया है और आज विश्व के विकसित देशों में भारत की गणना होती है। इन्हीं नीतियों की वजह से वें नेता भाजपा में अपना राजनैतिक भविष्य तलाश रहे हैं।

### किरण चौधरी के पार्टी छोड़ने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा :वरूण चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**यमुनानगर:** अंबाला के सांसद वरुण चौधरी ने कहा कि यह दुर्भाग्य की बात है कि प्रदेश की भाजपा सरकार के शासन में कर्ज तो बढ़ा है परंतु गरीबों का भला नहीं हुआ है। भाजपा ने केवल जुमलेबाजी की है, धरातल पर कोई काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक समुंद्र है, किसी के पार्टी छोड़कर जाने से कोई फर्क नहीं पड़ता। अंबाला से नवनिर्वाचित सांसद वरुण चौधरी अपनी लोकसभा चुनाव में जीत के बाद कार्यकर्ता धन्यवाद सम्मेलन में बुधवार को जगाधरी के रामलीला भवन में पहुंचे। सांसद वरुण चौधरी ने सभी कार्यकताओं को कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि अंबाला की यह जीत सभी कार्यकताओं की मेहनत और एकता की जीत है। उन्होंने कहा कि आने वाले तीन महीने के अंदर विधानसभा और नगर निगम के चुनाव हमनें इसी जोश और एकता से मिलकर जीतने है। पत्रकारों से बातचीत में किरण चौधरी और श्रुति चौधरी के कांग्रेस छोड़ने और भाजपा में शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह उनका निजी फैसला है। यहां से भाजपा में जाते हुए तो सभी दिखाई देते है लेकिन उसके बाद फिर कहां चले जाते है, पता नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं किया, प्रदेश में कर्ज बढ़ गया। गरीब लोगों को उन योजनाओं का लाभ नहीं मिला।

जबकि कांग्रेस के राज में गरीब कल्याण के लिए खर्च किए गए पैसे का पूरा लाभ मिला। उन्होंने नीट के सवाल पर कहा कि चाहे प्रदेश की भाजपा हो या केंद्र की भाजपा सरकार हर जगह नौकरियों और परीक्षाओं के पेपर लीक की मामले आम बात हो गई है। उन्होंने कहा कि पहले ही भाजपा बेरोजगार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है और अब इन बच्चों के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है।

## पानीपत में 15 जुलाई से शुरू होगा स्वच्छता सर्वेक्षण, शौचालयों पर लटके ताले व सड़कों पर भरा पानी

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत:** इस वर्ष के स्वच्छ सर्वेक्षण के सर्वे की तारीख तय हो गई है। इस बार की परीक्षा भी 9500 अंकों की ही रहेगी। सफाई की सत्यता जानने के लिए टीमें 15 जुलाई से मैदान में उतरेंगी। इस बार शिक्षण संस्थानों में साफ-सफाई और शहर में घूमने वाले आवारा पशुओं पर भी रोक की कार्रवाई पर विशेष जोर रहेगा। हालांकि पानीपत नगर निगम ने अभी तक स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के लिए तैयारियां अभी शुरू नहीं की हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में रैंकिंग बेहतर लाने के लिए नगर निगम को कड़े प्रयास करने होंगे। अधिकारियों व कर्मचारियों को मैदान में उतकर बेहतर प्रयास करने होंगे। केंद्र सरकार ने प्रारंभिक गाइड लाइन में कई तरह के बदलाव किए हैं। इस बार सफाई की यह परीक्षा रि-साइकिल, रि-यूज, रि-ड्यूज (आरआरआर) थीम पर हो रही हैं। इस बार कॉलोनियों में बैकलेन यानी घरों के पीछे वाली गलियों में भी सफाई नहीं मिलने पर नंबर कट सकते हैं। बैक लेन को उपयोग लायक बनाना अनिवार्य होगा ताकि यहां बच्चे इनका उपयोग खेल गतिविधियों में कर सकें।




**सफाई के दोनों ठेके 30 जून को हो रहे हैं खत्म:** नगर निगम ने सफाई वाहनों में जीपीएस लगे हैं। नगर में सफाई व्यवस्था पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। 30 जून को शहर की सफाई के ठेकों का समय भी पूरा हो गया है। हालांकि इससे पहले 13 मई को ही ठेके खत्म हो गए थे, लेकिन आचार संहिता के चलते इनके लिए नए सिरे से टेंडर नहीं लग पाए थे। जिसके बाद शहर की व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के उद्देश्य से 20 मई को डेढ़ माह के लिए समय सीमा को आगे बढ़ाया गया था।

## कैथल में प्रेम विवाह से नाराज भाई ने की बहन की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथल:** कैथल में अंतरजातीय विवाह से नाराज एक भाई ने अपनी ही बहन की गोली मारकर हत्या कर दी जबकि बहन की ननद व सास गोली लगने से घायल हो गई। आरोपी की बहन की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि उसकी ननद व सास को गंभीर हालत में कैथल के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। वारदात के समय बहन से लव मैरिज करने वाला युवक घर से बाहर था, जिस कारण वह बच गया। आरोपी उसे भी मौत के घाट उतारना चाहता था। कैथल की नानकपुरी कॉलोनी निवासी अनिल ने 24 फरवरी को क्योड़क की रहने वाली लड़की कोमल के साथ घर से भागकर अंतरजातीय विवाह किया था। प्रेम विवाह के बाद लड़की अपने पति अनिल के साथ नानकपुरी कॉलोनी में रह रही थी।

## समाधान शिविरों की वीडियोग्राफी करवाएगी हरियाणा सरकार



**चंडीगढ़/काजल रानी**

हरियाणा के मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने सभी जिलों को निर्देश दिए हैं कि वे जिला मुख्यालयों तथा उप-मंडलों में आयोजित समाधान शिविरों में जिला लोक सम्पर्क एवं शिकायत निवारण समितियों के आम सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी जिले बेहतर निगरानी के लिए उपस्थित होने वाले ऐसे सदस्यों की सूची उनके कार्यालय के साथ साझा करें। मुख्य सचिव आज यहां प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों के दौरान जन शिकायतों के समाधान की प्रगति की समीक्षा के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी मंडल आयुक्तों तथा उपायुक्तों के साथ बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। पारदर्शिता तथा जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए श्री प्रसाद ने उपायुक्तों को दैनिक समाधान शिविरों की वीडियोग्राफी करवाने तथा भविष्य के संदर्भ के लिए इन रिकॉर्डिंग को संभालकर रखने की सलाह दी। उन्होंने सभी जिलों को अन्य विभागों की सहभागिता के कारण अनसुलझी के रूप में वर्गीकृत शिकायतों का डेटा संकलित करने के भी निर्देश दिए। यह डेटा विभागवार और श्रेणीवार तरीके से संकलित किया जाएगा। शिकायत समाधान में तेजी लाने के लिए, मुख्य सचिव ने सभी जिलों को अपने लंबित शिकायत डेटा को विभाग और प्रकार के अनुसार वर्गीकृत करके, उनके समाधान के लिए जिम्मेदार संबंधित विभागों को भेजने को कहा। सुचारू समन्वय और समय पर समाधान सुनिश्चित करने के लिए मुख्य सचिव कार्यालय को जानकारी दी जाएगी। सर्वोत्तम प्रथाओं की जानकारी साझा करने को प्रोत्साहित करने के लिए, श्री प्रसाद ने सभी जिलों से समाधान प्रकोष्ठ टीम द्वारा पहले से उपलब्ध कराए गए गूगल फॉर्म के माध्यम से अपनी सफलता की कहानियों को साझा करने के लिए कहा।

बैठक में मानव संसाधन विभाग के प्रधान सचिव डॉ. डी. सुरेश, हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक डॉ. चंद्रशेखर खरे, सतर्कता विभाग की विशेष सचिव डॉ. प्रियंका सोनी और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की सचिव तथा निगरानी एवं समन्वय की संयुक्त सचिव श्रीमती मीनाक्षी राज समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

**बैठक**

**⏩ मुख्य सचिव नेभविष्य के संदर्भ के लिए इन रिकॉर्डिंग को संभालकर रखने की सलाह दी**

## हरियाणा में बह रही है बदलाव की बयार: सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य एवं सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) की विजयी सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि आज हरियाणा में बदलाव की बयार बह रही है जो कांग्रेस के पक्ष में है, जनता सरकार बदलकर कांग्रेस की सरकार बनाना चाहती है पर इसके लिए सभी को एकजुट होकर पहले की भांति चुनाव मैदान में उतरना है। पार्टी की ओर से जो भी उम्मीदवार मैदान में उतारा जाएगा सभी मिलकर उसकी जीत के लिए कार्य करेंगे तभी कांग्रेस की सरकार बन सकेगी। कुमारी सैलजा बुधवार को दिल्ली रोड स्थित निशुराज रिसॉर्ट में सिरसा विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और नेताओं की एक बैठक को संबोधित करते हुए उनका धन्यवाद कर रही थी। इस बैठक में कालांवाली के विधायक शीशपाल केहरवाला, पूर्व डिप्टी सीएम चंद्रमोहन बिश्नोई, डा. के वी सिंह, पूर्व मंत्री अत्तर सिंह सैनी, पूर्व सांसद चरणजीत सिंह रोडी, पूर्व सांसद डा. सुशील कुमार इंदौरा, पूर्व विधायक भरत सिंह बैनीवाल, पूर्व विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया, एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल, एडवोकेट संदीप नेहरा, अमीर चावला, नवीन केडिया, वीरभान मेहता, संतोष बैनीवाल, शीतल मान, राजन मेहता, कर्ण चावला, लाधू राम पुनियां, जग्गा सिंह बराड़, पुष्पा महंत, गोपीराम चाडीवाल, राजेश चाडीवाल, राजन मेहता, कृष्णा फोगाट, आनंद बियानी, उर्मिला भारद्वाज, रामनिवास राडा, भूपेंद्र गंगवा, बलकार सिंह, जयपाल सिंह लाली, मंगतराम लालवास, नवनीत गोदारा, सुरेंद्र वर्तिया, श्यामसुंदर बतरा, सुरेंद्र बंसल, बलविंद्र नेहरा, बूटा सिंह थिंद, गुरनाम सिंह, एडवोकेट गुरदेव सिंह विर्क, राम सिंह सरदूलगढ़, श्याम सुन्दर बत्रा, मिथुन वर्मा आदि मौजूद थे। सभी ने नवनिर्वाचित सांसद कुमारी सैलजा का भव्य रूप से स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं और पार्टी नेताओं को संबोधित और उनका धन्यवाद करते हुए कुमारी सैलजा ने कहा कि इस जीत के लिए कार्यकर्ताओं ने खूब पसीना बहाया, यह जीत कार्यकर्ताओं और जनता की जीत है।



# किरण चौधरी के पार्टी छोड़ने से कांग्रेस को होगा नुकसान: सुभाष

**टीम एक्शन इंडिया**

**रोहतक:** हरियाणा के पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुभाष बतरा ने तोशाम की विधायक किरण चौधरी के कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल होने पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने माना कि किरण चौधरी के पार्टी छोड़कर जाने से कांग्रेस को नुकसान होगा। यह ठीक संकेत नहीं है। वे बुधवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किरण चौधरी बड़ी नेता हैं। कांग्रेस पार्टी में 4 दशक तक काम किया है। पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल की पुत्रवधू हैं। दिल्ली विधानसभा में डिप्टी स्पीकर रही हैं। हरियाणा में 4 बार से विधायक हैं। हरियाणा सरकार में मंत्री और कांग्रेस विधायक दल की नेता रही हैं। उन्होंने कहा कि किरण चौधरी काफी समय से खुद को उपेक्षित महसूस कर रही थी। इसलिए उन्होंने निर्णय लिया है। बतरा ने बताया कि किरण चौधरी से मोबाइल फोन पर बातचीत हुई थी। तब उन्होंने सलाह दी थी कि उन्हें कांग्रेस छोड़कर नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि छोटा कार्यकर्ता भी पार्टी से जाता है तो नुकसान होता है। हालांकि बतरा ने यह भी कहा कि कांग्रेस समुद्र है। उन्होंने बीजेपी को भी निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सभी नेताओं को मिलकर बीजेपी के खिलाफ लड़ाई लड़नी चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगामी विधानसभा चुनाव के बाद हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का वोट प्रतिशत बढ़ा है जबकि बीजेपी का वोट प्रतिशत घटा है।

**वोट प्रतिशत**

**⏩ हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का वोट प्रतिशत बढ़ा है जबकि बीजेपी का वोट प्रतिशत घटा है।**

# हरियाणा के दो लालों की विरासत भाजपा में लाने का श्रेय मनोहर लाल को मिला

**विरासत**

**⏩ कुलदीप विश्नोई को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया था ।कुलदीप विश्नोई के असंतोष को भी मनोहर लाल ने ही भुनाया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और मोजूदा केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल नब्बे के दशक में हरियाणा में भाजपा की राजनीति के निगेहबान थे। यानी कि वे प्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री थे।इस पद पर नियुक्त नेता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की पृष्ठ भूमि से आते है। मनोहर लाल भी इसी रास्ते से निगहबानी के पद तक पहुंचे थे।उस दौर में 1996से1998 के बीच हरियाणा विकास पार्टी और भाजपा के गठबंधन की बंसीलाल के नेतृत्व वाली सरकार को गिराने में मनोहर लाल की भूमिका की चर्चा होती रहती है। लेकिन अब बंसीलाल और भजनलाल की विरासत को भाजपा में लाने का श्रेय भी मनोहर लाल को मिला है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल की पुत्र वधू किरण चौधरी और किरण चौधरी की पुत्री श्रुति चौधरी को भाजपा में लाने के लिए मनोहर लाल ही माध्यम बने। हालांकि किरण चौधरी कांग्रेस में उपेक्षित महसूस कर रही थी। श्रुति चौधरी को लोकसभा चुनाव में भिवानी महेंद्रगढ़ सीट से टिकट न देने से वे खासी आहत थी। हालांकि कांग्रेस नेता अजय माकन की राज्यसभा चुनाव में हार को लेकर शक की सुई किरण चौधरी की ओर मुड़ गई थी।समझा जा रहा था कि किरण चौधरी एक अरसे से कांग्रेस छोड़ने का मन बनाए थी। समय समय पर चर्चाएं भी चलती थी कि किरण चौधरी भाजपा में जाने वाली है। लेकिन किरण चौधरी कहती थी कि में कही नही जा रही। कांग्रेस में असंतुष्ट कुलदीप विश्नोई भी मनोहर लाल के जरिए भाजपा में आए।कुलदीप विश्नोई हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का पद चाहते थे।जब भूपेंद्र हुड्डा गुट ने उन्हें इस मुहिम में पटखनी दे दी तो वे खासे असंतुष्ट हो गए। कुलदीप विश्नोई ने राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग कर कांग्रेस उम्मीदवार अजय माकन को हरा दिया था। इसके बाद कांग्रेस नेतृत्व ने कुलदीप विश्नोई को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया था। कुलदीप विश्नोई के असंतोष को भी मनोहर लाल ने ही भुनाया। कुलदीप विश्नोई के भाजपा में आने के बाद उनके बेटे भव्य विश्नोई को भाजपा के टिकट पर आदमपुर से विधायक बनवाया गया। कुलदीप विश्नोई भाजपा में अपने लिए बड़ी भूमिका चाहते थे। न मिलने से वे फिर असंतुष्ट है। लोकसभा चुनाव में हिसार सीट से टिकट की उम्मीद थी लेकिन न मिलने से असंतुष्ट बैठे थे। मुख्यमंत्री नायब सैनी उन्हे मनाने दिल्ली आवास तक पहुंचे थे।



# विधायक सुरेंद्र पंवार ने मॉडल टाऊन में पहुंचकर सुनी समस्याएं

## जैश पार्क से बिजली के ट्रांसफार्मर को शिफ्ट करने के दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: विधायक सुरेंद्र पंवार ने** मॉडल टाऊन स्थित जैश पार्क में पहुंचकर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने बताया कि पार्क के अंदर बिजली का ट्रांसफार्मर रखा गया है, जिसकी वजह से हादसे की संभावना बनी रहती है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने मौके पर ही बिजली निगम के अधिकारियों को ट्रांसफार्मर बाहर शिफ्ट करने का निर्देश दिया। विधायक सुरेंद्र पंवार को रेजिडेंट्स वेलफेयर



एसोसिएशन जैस पार्क सर्कल मॉडल टाऊन के पदाधिकारियों व अन्य क्षेत्रवासियों ने बताया कि पार्क के अंदर बिजली का ट्रांसफार्मर रखा हुआ है, जिसकी वजह से बिजली की तारें भी पार्क के अंदर से क्रांस की हुई है। इसकी वजह से कई बार हादसे की संभावना बनी रहती है। बिजली के तार तेज हवा में आपस में कनैक्ट हो जाते है, जिसकी वजह से चिंगारियां उठ जाती है। इसके साथ ही कई बार बच्चे पार्क में खेलते समय ट्रांसफार्मर के पास पहुंच जाते है। क्षेत्रवासी समस्या के बारे में प्रशासन को भी अवगत करवा चुके है, लेकिन समस्या जस की तस बनी रहती है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने मौके पर ही बिजली निगम के अधिकारियों को ट्रांसफार्मर व बिजली की तारें शिफ्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर के अंदर जितने भी पार्क है बिजली निगम को एक सर्वे करवाकर उन पार्कों के अंदर से बिजली की तारें व ट्रांसफार्मर शिफ्ट करवाने चाहिए, क्योंकि पार्क में बड़ी संख्या में बच्चों से लेकर वरिष्ठजन तक सैर करने के लिए जाते है। इस तरह की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर शिफ्ट करने के निर्देश दिए। इस दौरान सतीश सलूजा, संजीव बत्रा, राजेश मिड्डा, राजन खुराना, जोगिंद्र खुराना, महेंद्र खुराना, धर्मवीर, महेंद्र, रमेश मुखी, तिलक, विकास सहित बड़ी तादाद में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## सामान्य योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण दे रहा हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़/केंद्रीय विश्वविद्यालय** (हकेवि), महेंद्रगढ़ का योग विभाग अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होने वाले सामान्य योग प्रशिक्षण का अभ्यास विश्वविद्यालय के आसपास के गांवों और सुदूर क्षेत्रों में अपने विद्यार्थियों के माध्यम से दे रहा है। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा तैयार किया गया योग अभ्यास का सामान्य प्रोटोकॉल विद्यार्थी जन-सामान्य को करा रहे हैं। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अजयपाल ने बताया कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। यह कार्यक्रम न केवल समाज में योग के प्रति जागरूकता लाता है बल्कि हमारे विद्यार्थियों को समाज में जाकर योग प्रशिक्षण देने का अवसर भी प्रदान करता है। यह प्रशिक्षण योग विभाग के एमएससी द्वितीय सत्र व चतुर्थ सत्र के विद्यार्थी, शोधार्थी अपने-अपने क्षेत्र में दे रहे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### फ्लिपकार्ट ने की "बैक टू कैंपस" अभियान के जून संस्करण की घोषणा

**नोएडा ।** छात्र नए अकादमिक वर्ष की तैयारी कर रहे हैं, ऐसे में देश की घरेलू स्तर पर विकसित हुए ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस ने मई 2024 संस्करण को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद अपने सालाना "बैक टू कैंपस" प्रोग्राम के जून, 2024 के संस्करण की शुरूआत करने की घोषणा की है। यह कैंपेन 21 जून से 27 जून के बीच चलेगा। इस कैंपेन के दौरान लैपटॉप, टैबलेट, गेमिंग कंसोल, मॉनिटर, स्मार्टवॉच, टू वायरलेस ईयरफोन, प्रिंटर्स, लैपटॉप ऐक्सेसरीज जैसे विभिन्न ब्रैंड के उत्पाद उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि छात्रों की विभिन्न प्रकार की जरूरतें पूरी की जा सकें। ग्राहक फ्लिपकार्ट पर विभिन्न विकल्पों का लाभ उठा सकते हैं जिनमें सुपर क्वॉइंस, नो-कॉस्ट ईएमआई और अपग्रेड की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए पुराने लैपटॉप के लिए आकर्षक एक्सचेंज डील शामिल हैं। इसके अलावा, छात्रों के लिए अतिरिक्त ऑफर के अंतर्गत लैपटॉप और टैबलेट पर 6,000 रुपये तक की छूट मिलती है जिसमें विभिन्न क्रेडिट कार्ड पर 12 महीनों तक की नो-कॉस्ट ईएमआई की सुविधा मिलती है। अलग-अलग माध्यमों से भुगतान करने की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए, फ्लिपकार्ट, कैश ऑन डिलिवरी, यूपीआई और डेबिट/क्रेडिट कार्ड जैसे कई विकल्प उपलब्ध कराता है, ताकि लेन-देने को आसान बनाया जा सके। खरीदारी के अनुभव को बेहतर और मजेदार बनाने के लिए, फ्लिपकार्ट ऑन-डिमांड वीडियो असिस्टेंस फीचर उपलब्ध कराएगा जहां विशेषज्ञ एजेंट खरीदारी करने में मदद करेंगे। इसके अलावा, जेन-एआई वाली चैट सहायता उपलब्ध होगी, ताकि खरीदारी करने वाले सोच-समझकर निर्णय ले सकें। लैपटॉप के सेगमेंट में छात्रों को ऐसी डिवाइसें चाहिए होती हैं जिनमें नए जेनरेशन का प्रोसेसर हो और रैम की क्षमता भी भरपूर हो। एचपी, आसुस, एसर जैसे ब्रैंड के विभिन्न प्रकार की खूबियों से युक्त लैपटॉप की व्यापक रेंज 9,990 रुपये की शुरूआती कीमत पर उपलब्ध होगी। इसके अलावा, ताकतवर प्रोसेसर और ग्राफिक्स कार्ड वाले लैपटॉप की कीमत 45,990 रुपये से शुरू होती है और ये भी ऑफर के तहत उपलब्ध होंगे। इसके अलावा, टैबलेट विभिन्न प्रकार की जरूरतें पूरी कर सकते हैं, इसलिए टैबलेट काफी मशहूर हो रहे हैं। फ्लिपकार्ट 4 जीबी रैम और 128 जीबी इंटरनल स्टोरेज वाला एलटीई टैबलेट छात्रों को 9,999 रुपये की शुरूआती कीमत पर उपलब्ध कराएगा।

### टाटा साल्ट इम्यूनो बना रहा है देश के स्वास्थ्य को और भी सशक्त

**रेवाड़ी : भारत** के ब्रांडेड आयोडीन युक्त नमक खंड में अग्रणी और मार्केट लीडर, टाटा साल्ट की यात्रा, 1983 में अपनी स्थापना के बाद से आयोडीन की कमी से होने वाले विकार (डिसऑर्डर-आईडीडी) के खिलाफ देश के संघर्ष के साथ जुड़ी हुई है। इसके प्रमुख उत्पाद को ' देश की सेहत, देश का नमक के रूप में जाना जाता है। टाटा साल्ट आईडीडी के बारे में जागरूकता बढ़ाने में भी अपनी प्रतिबद्धता और प्रयासों के लिए प्रशंसित रहा है। कंपनी ने दो साल पहले, टाटा साल्ट इम्यूनो की शुरूआत की थी। यह खाद्य नमक खंड में पहला ऐसा नमक है जिसमें आयोडीन के साथ जिंक शामिल है। जिंक एक आवश्यक पोषक तत्व है, जो




स्वास्थ्य प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत और तंदुरुस्त रखने में मदद करता है,यह ब्रांड संतुलित आहार को बढ़ावा देता है। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स की अध्यक्ष, पैकेज्ड फूड्स- इंडिया, दीपिका भान कहती हैं, संतुलित आहार में, ऐसे नमक का सेवन करना जरूरी है जो आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करता हो। टाटा साल्ट इम्यूनो को स्वाद बनाए रखते हुए जिंक जैसे आवश्यक पोषक तत्वों के साथ तैयार किया गया है। हम अपने उपभोक्ताओं को सोच-समझ कर अपने नमक का विकल्प चुनने के लिए प्रोत्साहित करते हैं और ऐसा तभी संभव है जब वे अपने नमक की जरूरत के बारे में खुद को जागरूक रखें। हाल ही में दुनिया भर में नमक जागरूकता सप्ताह मनाया गया है जिस अवसर पर टाटा साल्ट इम्यूनो ने अपने उपभोक्ताओं से सोच-समझकर नमक के विकल्पों के सेवन करने की सिफारिश की है।

# विशेष लोक अदालत के प्रति आमजन को किया जा रहा है जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : जिला विधिक सेवा** प्राधिकरण कुरुक्षेत्र के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायधीश आराधना साहनी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र द्वारा 1 जून से जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में डीएलएसए द्वारा सर्वोच्च न्यायालय भारत द्वारा 29 जुलाई से 3 अगस्त तक आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत के बारे में पंपलेट देकर जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में पीएलवी जोगिन्दर कौर द्वारा सलीमपुर में लोगों को जागरूक किया गया और उन्हें पंपलेट बांटे गए। इन कैंपों का उद्देश्य है लोगों में जागरूकता लाना है।

# कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन हेड की बैठक हुई

**समालखा( कुलदीप सिंह )**
आल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन हेड ऑफिस हिसार की कन्वेंशन समालखा कार्यालय में हुई जिसकी अध्यक्षता सर्कल सचिव सतेन्दर पूनिया ने की जिसमें मुख्य रूप से राज्य चेयरमैन देवेंद्र हुड्डा राज्य उप प्रधान जितेंद्र सैनी राज्य प्रेस सचिव सोमपाल रावल ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि बिजली कर्मचारी लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं लेकिन निगम मैनेजमेंट व सरकार कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं कर रही है निगम में लाइनमैन से फोरमैन, शिफ्ट अटेंडेंट से सीनियर शिफ्ट अटेंडेंट, फोरमैन से जेई एलडीसी से यूडीसी, जेई से जेई 1,आदि हजारों पद जोकी प्रमोशन कोटे से भरे जाने हैं वह खाली पड़े हैं! एक्स ग्रेसिया पॉलिसी में 5 वर्ष की



शर्त को हटाने ,कौशल रोजगार निगम को भंग करने ,जोखिम भत्ता देने, नये पावर प्लांट लगाने, कनेक्शन के हिसाब से नए पद सर्जित करके नई भर्ती करने, पुरानी पेंशन बहाल करने ,निजीकरण पर रोक लगाने आदि अनेकों मांगों को लेकर सरकार को एजेंडा पहले सोप जा चुका है उन्होंने सरकार व मैनेजमेंट को आगह करते हुए कहा की सरकार बिजली कर्मचारियों की मांगों का जल्दी से जल्दी समाधान करें नहीं तो इन सभी मांगों को लेकर 22 जून को रोहतक कर्मचारी भवन में राज्य कार्यकारणी की मीटिंग बुलाई गई है जिसमें आगामी आंदोलन की घोषणा की जाएगी इस अवसर पर राज्य कमेटी के सदस्य प्रमोद शर्मा विनोद कुमार,अमित कुमार ,यूनिट समालखा के प्रधान कपिल रावल सब युनिट के प्रधान राकेश सचिव शिवकुमार,सिटी के प्रधान दलेल शर्मा,अमित रावल ,जोगिंदर ,नरेश कुमार बलराम आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# संत कबीर दास जयंती कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर की बैठक

**सोनीपत।**
**गोहाना की नई अनाज** मण्डी में 22 जून को आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय संत कबीर दास जयंती कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने संबंधित अधिकारियों के साथ बुधवार को लघु सचिवालय में बैठक ली। उन्होंने कहा कि इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सैनी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करें। इसलिए सभी व्यवस्था को समुचि ढंग से पूरा करवाने के लिए उन्होंने सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के तहत टेंट की व्यवस्था, लोगों के बैठने के साथ पेयजल व शौचालय की



व्यवस्था, पार्किंग, रोड की मरम्मत, हेलीपैड का निर्माण, बैरिकेडिंग, मीडिया गैलरी, मुख्य मंच व सास्कृतिक मंच निर्माण इत्यादि व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने अन्य विभागीय अधिकारियों को भी पूर्ण सहयोग के निर्देश देते हुए विभिन्न प्रकार के प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि हर प्रकार की व्यवस्थाओं की वे स्वयं जांच करेंगी। उन्होंने इस कार्यक्रम के लिए एसडीएम गोहाना विवेक आर्य को नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए कहा कि अगर किसी अधिकारी को कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को पूर्ण करने में किसी प्रकार की परेशानी आती है तो वे एसडीएम गोहाना से संपर्क करें ताकि उस समस्या का तुरंत समाधान किया जा सके। उन्होंने अनाज मण्डी में सफाई व्यवस्था को लेकर मार्केट कमेटी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वहां पूर्ण सफाई व्यवस्था का ध्यान रखें। इसके अलावा उन्होंने हेलीपैड का निर्माण करने व आयोजन स्थल पर बैरिकेडिंग व पार्किंग स्थल को लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग के एक्सईएन को निर्देश दिए कि वे इन प्रबंधों को निश्चित समय पर पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आयोजन स्थल का एक नक्शा तैयार करें कि कहां किस चीज की व्यवस्था की जानी है। इसके अलावा उन्होंने एनएचआई के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आज ही मुख्यमंत्री रूट का निरीक्षण करें और देखें की कहीं पर रोड़ को रिपेरिंग करने की जरूरत तो नहीं है। अतिरिक्त उपायुक्त ने सांस्कृति व मैन स्टेज को लेकर एसडीएम को निर्देश दिए कि वे टेंट वाले के साथ मिलकर स्टेज बनवाने के साथ-साथ लोगों के बैठने की उचित व्यवस्था के लिए कुर्सियों व अन्य व्यवस्थाएं पूर्ण करवाएं। इसके अलावा उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन को निर्देश दिए कि आयोजन स्थल पर गर्मी को देखते हुए पीने के पानी का पुख्यता इंतजाम करवाना सुनिश्चित करें इसके अलावा आयोजित स्थल पर वीआईपी शौचालय व सामान्य लोगों के लिए अस्थायी शौचालयों की व्यवस्था करवाई जाए।

## महादेव गऊशाला में 5 दिवसीय बाल संस्कार शाला का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : बच्चों में लुप्तप्राय:** होते संस्कारों के कारण माता पिता को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है महादेव गौशाला समिति ने इस पर चिंता व्यक्त करते हुए श्रीमद्भागवतगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के सहयोग से पांच दिवसीय बाल संस्कार शाला का आयोजन करने का विचार किया है इस अवसर पर जानकारी देते हुए महादेव गौशाला के संरक्षक श अशोक रोशा ने बताया हमारी संस्कृति राम ,कृष्ण, महाराणा प्रताप, वीर शिवाजी ,विवेकानंद जैसे महापुरुषों की तपोभूमि रही है, प्रत्येक महापुरुष का आचरण संस्कारों से ओतप्रोत रहा है। इन सब के पीछे था उनका प्रेरणाप्रद बचपन। हम सब जानते हैं यह सभी संस्कार संयुक्त परिवारों में दादा, दादी ,नाना ,नानी की कहानियों सुन कर हमारे व्यक्तित्व का विकास हुआ भौतिक युग में एकल परिवार के कारण जीवन का महत्वपूर्ण अंग संस्कार तेजी से बदलते हुए परिवेश में कब हमसे छूट गया हमें पता ही नहीं चला बच्चों में शिक्षा के साथ साथ संस्कारों का होना महत्वपूर्ण है संस्कारों के बिना शिक्षा अधूरी है बालक के बहुआयामी व्यक्तित्व के गढ़ने में माता पिता गुरु होते थे। वहीं संस्कारों के बीजारोपण में परिवार के साथ समाज का भी महत्वपूर्ण योगदान होता था। आज के बदलते परिवेश में समय निकालकर बच्चों को संस्कारवान बनाना यज्ञ के समान है बाल संस्कार शाला इसी महत्ती आवश्यकता को पूर्ण करती है। महादेव गौशाला के प्रधान सुरेंद्र गोयल ने कहा नौनिहालो के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास की इस योजना में उन्हें मानवीय मूल्यों, सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराया जाये गया बच्चों के माध्यम से सांस्कृतिक सामाजिक परिवर्तन सरल है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला: हरमन प्यारे नेता** राहुल गांधी के जन्म दिन पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता पवन जैन ने तथा कॉग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा वरिद्ध आश्रम सेक्टर 12 पंचकुला में फल, मिठाइयाँ, दवाइयां तथा अन्य जरूरत का समान देकर व केक काट कर वरिष्ठ लोगों के साथ मनाया गया। जिसमें पवन जैन, कृष्ण नन्हा ,पूर्व सिटी प्रधान आर के ककड़, राकेश सोंधी,अनूप सिंह, आर बी पहुजा, आर सी गुप्ता,एम एच खान, पवन



शर्मा, रवीन्द्र पाठक, कुलदीप गर्ग जी,जीवन सिंह रंगा जी,मनोज जयरथ, राजीव पासबोला,राकेश जायसवाल, विनोद बब्बर, हिमांशु शर्मा,रवि शंकर, संदीप सप्रा, जी,योगेन्द्र शर्मा एडवोकेट, पूरव एम सी विकास चौधरी,युवा नेता धीरजकक्कड़,रवि शर्मा, दीपक शर्मा राजेश जैन टोनी, मोनू कुमार, सतीश ककड, युवा नेता वंशज चौधरी सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बड़ चड कर भाग लिया।

# हम तो बाबा के भरोसे चलते है......पर झूमे श्यामप्रेमी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : समस्त** श्यामप्रेमी परिवार कुरुक्षेत्र द्वारा सलारपुर रोड़ स्तिथ नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में मंगलवार देर सांय 525वां श्याम ताली संकीर्तन आयोजित किया गया। श्यामप्रेमी अजय गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में सभी श्यामप्रेमियों ने पूजन में हिस्सा लिया। समस्त श्यामप्रेमी परिवार द्वारा खाटू श्याम जी के प्रचार-प्रसार के लिए प्रत्येक ताली कीर्तन किया जाता है। साथ ही महिला ताली कीर्तन भी करवाए जाते हैं और महीने में दो दिवसीय खाटू धाम



यात्रा राजस्थान जाती है। जिन भक्तों को अपने निवास स्थान,व्यापारिक प्रतिष्ठान एंव संस्थानों में श्याम जी का संकीर्तन करवाना हो, वे संपर्क कर सकते हैं। ये संकीर्तन पूर्णतः निःशुल्क होंगे। संकीर्तन में गायक लखबीर सिंह लक्खा ने लगन तुम से लगा बैठे,जो होगा देखा जाएगा.....,लो आ गया अब तो श्याम, मैं शरण में तुम्हारी......, श्रद्धा बिन श्याम मिले नहीं ये जान ले प्यारे, है भाव का भूखा सांवरिया पहचान ले प्यारे...... और हम तो बाबा के भरोसे चलते है...... इत्यादि भजन गाए। साथ ही अन्य श्याम प्रेमियों ने भी बारी-बारी से भजन सुनाए। इसके पश्चात हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। कीर्तन में प्रसाद की सेवा हरविंदर सिंह और गगन खरबंदा की ओर से रही। खाटू श्याम जी की आरती में मंदिर संचालक पण्डित महेश भारद्वाज,पुजारी कुलदीप शर्मा, गौरव गुप्ता,मोहित तायल ,शुभम अरोड़ा, शिवम,सुदेश बंसल,योगेंद्र अग्रवाल, हरगंगा देवी,कविता गोयल,अनु और सोनिया सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई।

# जीवन में सत्य का आचरण करने वाले करते हैं उन्नतिः संदीप

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : जीवन में** वही लोग उन्नति और सम्मान पाते हैं जो हमेशा सत्य का आचरण करते हैं। उक्त शब्द गुरुकुल कुरुक्षेत्र में चले रहे सार्वदेशिक आर्य वीरांगना दल के राष्ट्रीय शिविर में रोजड़, गुजरात से पधारे वैदिक विद्वान् आचार्य संदीप ने कहे। उन्होंने वीरांगनाओं को जीवन में हमेशा सद्मार्ग पर चलने और यथासंभव दूसरों की सहायता करने के लिए प्रेरित किया। इससे पूर्व शिविर में पहुंचने पर संचालिका व्रतिका आर्या एवं मुख्य संरक्षक संजीव आर्य ने आचार्यका स्वागत किया। बता दें कि गुजरात मे महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत जी की प्रेरणा एवं सार्वदेशिक आर्य वीर




दल के अध्यक्ष स्वामी डॉ. देवव्रत सरस्वती जी के मार्गदर्शन में गुरुकुल में यह शिविर चल रहा है जिसमें देश के विभिन्न प्रदेशों की लगभग 400 आर्य वीरांगनाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।आचार्य संदीप ने वीरांगनाओं को सम्बोधित करते हुए कहा शिविरों में युवाओं को समाज में फैली बुराइयों को दूर कर नई जाग्रति लाने का पुनीत कार्य किया जा रहा है और यह तभी सार्थक है जब युवा पीढ़ी शिविर की दिनचर्या और लिये गये प्रशिक्षण को अपने जीवन में आत्मसात करें। उन्होंने कहा कि शिविर के तीन मुख्य उद्देश्य हैं- शारीरिक उन्नति, दृढ़ संकल्पी मन और बौद्धिक विकास। उन्होंने कहा कि शिविर के दौरान पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करें, अपने प्रशिक्षकों के प्रति समर्पित हो जाओ तभी आप कुछ बन पाओगे। स्वामी दयानन्द का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि गुरुवर विरजानंद जी से शिक्षा प्राप्ति के दौरान एक बार दयानन्द आश्रम में झाड़ू लगा रहे थे। संयोग से उसी समय गुरुजी के टहलने का समय था, एक दूसरे ब्रह्मचारी ने कूड़े का ढ़ेर गुरुजी के रास्ते में कर दिया और गुरुजी से शिकायत भी कर दी कि यह दयानन्द ने जानबूझकर किया है। ऐसा सुनकर गुरु विरजानंद जी क्रोधित हो गये और दयानन्द को एक छड़ी लेकर पास बुलाया। दयानन्द के आते ही गुरुजी ने दो-तीन छड़ी दयानन्द के हाथों पर लगाई मगर दयानन्द ने इसका विरोध नहीं किया। पूरे समर्पण भाव से गुरुजी को कहा- गुरुजी! आपका शरीर बहुत कमजोर है, मुझे छड़ी मारते हुए कहीं आपके हाथों में चोट न आ जाए, इसलिए आप ये छड़ी मुझे ही दे दीजिए, मैं स्वयं को सजा दूंगा।

गुरु के प्रति ब्रह्मचारियों ने ऐसा ही समर्पण भाव होना चाहिए। अन्त में उन्होंने सभी वीरांगनाओं से शिविर में सीखे गये पूरे प्रशिक्षण को अपने गांव, शहर आदि में जाकर दूसरों को सीखाने का संकल्प दिलाया।

# मंडी क्षेत्र में पेयजल की कमी का संकट जल्द ही दूर हो जायेगा: जैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः मंडी क्षेत्र में पेयजल** की कमी का संकट जल्द ही दूर हो जायेगा, 23 सेक्टर सिथत हुड्डा वाटर वर्क्स से निगम के बूस्टिंग स्टेशन को 2 एम० एल० डी० अतिरिक्त पानी मिलना शुरू हो गया है जिसकी आपूर्ति जल्द ही शुरू हो जाएगी। मंडी क्षेत्र में पेयजल के संकट की लगातार आ रही शिकायतों के चलते मुख्यमंत्री के पूर्व मिडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन बुधवार को 23 सेक्टर की ग्रीन बेल्ट में अमृत योजना के तहत निर्मित बूस्टिंग स्टेशन पर पंहुचे और वस्तुसिथिति



की जानकारी ली। बूस्टिंग स्टेशन पर मौजूद अधिकारियों ने बताया कि सदर थाने के पास सिथित बूस्टिंग स्टेशन से मंडी क्षेत्र एवं देव नगर को पानी की आपूर्ति होती है। उन्होंने बताया कि अब देवनगर को 23 सेक्टर बूस्टिंग स्टेशन से पानी की आपूर्ति की जाएगी
और देव नगर जाने वाले पानी की जो बचत होगी वह ककरोई रोड पर वाल्व लगाकर मंडी क्षेत्र में दिया जायेगा।

## संपादकीय

# जलते जंगल, अमंगल के संकेत

**दुनिया भर** में जंगलों में लगने वाली आग की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। इसके पीछे जलवायु परिवर्तन एक बड़े कारक के रूप में उभर रहा है। इस वर्ष ब्राजील में अमेजन के वर्षा वनों में 75000 आग की घटनाएं हो चुकी हैं। 2013 से यह संख्या दोगुनी है। इससे 30 लाख जीव प्रजातियों पर खतरा मंडरा रहा है। दुनिया की 25 प्रतिशत आक्सीजन की जरूरत इन वर्षा वनों से पूरी होती है। मैक्सिको, ग्रीस, अमेरिका सहित दुनिया के अनेक देश दावाग्नि की चपेट में आ चुके हैं। वैसे तो मनुष्य शुरू से ही जंगलों को आग से साफ करके खेती के लिए जमीनें तैयार करता रहा है, किन्तु अब दुनिया की हवा, पानी, और पर्यावरणीय जरूरतों को पूरा करने के लिए जितने न्यूनतम क्षेत्र में वन होने चाहिए उतने भी नहीं बचे हैं। इसलिए इस घातक प्रक्रिया पर विराम लगाना अति आवश्यक हो गया है।
जंगलों की आग के और भी अनेक नुकसान हैं। आग से फैलने वाला धुआं कार्बनडाई आक्साइड का मुख्य स्रोत होने के कारण ग्रीन हाउस प्रभाव पैदा करके वैश्विक तापमान में वृद्धि करता है। तापमान वृद्धि से आग लगने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। इस तरह एक घातक दुश्चक्र चल निकला है। वनाग्नि से असंख्य जीव-जंतु नष्ट हो जाते हैं और जैव विविधता के लिए बड़ा खतरा पैदा हो जाता है। मिट्टी की ऊपरी परत जल कर खुरखुरी हो जाती है और बारिश में बह कर समुद्र में पहुंच जाती है। वनस्पति का आच्छादन समाप्त हो जाने से भू-जल भरण की प्रक्रिया भी बाधित हो जाती है। वायु प्रदूषित हो जाने के कारण श्वास संबंधी रोगों का प्रकोप बढ़ जाता है। हमारे देश में भी वनाग्नि भयंकर समस्या बनती जा रही है। अकेले हिमाचल प्रदेश में ही इस वर्ष 1900 वनाग्नि की घटनाएं हो चुकी हैं। इससे 20,000 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। इसमें से 2729 हेक्टे।प वृक्षारोपण क्षेत्र है। 374 वन बीट संवेदनशील हैं। इससे 6।61 करोड़ रु। का नुकसान अनुमानित है। किन्तु यह अनुमान तो वृक्ष की मृत पैदावार की कीमत पर आधारित है। पेड़ की पर्यावरणीय सेवाओं के हिसाब से यदि नुकसान का आकलन करना हो तो यह अरबों रुपये में जाएगा। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए दो तरह से प्रयास करने होंगे। एक तो आग लगने की घटनाएं ही कम होती जाएं ऐसी व्यवस्था करनी होगी। लोगों को जागरूक करना ताकि वे वनों में आग के नुकसान से परिचित हों और इस कार्य का प्रकट विरोध करने के लिए सक्रिय हों। वनों का नुकसान सरकार का नुकसान नहीं है बल्कि पूरे समाज का नुकसान है। आग लगाने वाले शरारती तत्वों को पकड़ने और दंडित करने की व्यवस्था हो। दूसरा काम है, जब आग लग जाती है तो उस पर काबू पाना। इसके लिए दीर्घकालीन योजना बनाई जानी चाहिए। आग लगे तो कुआं खोदने की प्रवृति से बाहर निकलना होगा। और आग प्रतिरोधक स्थाई योजना बनानी चाहिए। सबसे पहले आग लगने के तत्काल बाद पता लग जाना चाहिए। इसके लिए खोज टावर नेटवर्क, और दूरबीन एवं रेडियो से लैस कर्मी चाहिए जो त्वरित रिपोर्टिंग कर सकें। पुराने समय में लोगों की वनों पर निर्भरता का स्तर बहुत ऊंचा था जिससे आग बुझाने में उनका सहयोग लेना आसन था। लोग हाथ से कठिन परिश्रम के आदी थे और आग बुझाने जैसे कठिन काम को करने की हिम्मत जुटा लेते थे।

# यूपी में राहुल तो अन्य राज्यों में अखिलेश तलाश रहे हैं संभावनाएं

संजय सक्सेना

"कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का कहना है कि राहुल गांधी के निर्णय से उत्तर प्रदेश कांग्रेस को बड़ी ताकत मिली है। प्रदेश कांग्रेस की मांग पर उन्होंने अपनी परंपरागत सीट को चुना है, जिससे पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में उत्साह है। प्रदेश में संगठन को बूथ स्तर पर खड़ा करने के प्रयास निरंतर किए जा रहे हैं। पार्टी अभियान के तहत इसमें जुटी है और वरिष्ठ पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी जा रही हैं। हर जिले में नए कार्यकर्ताओं को जोड़ा जा रहा है। पार्टी मुख्यालय में आज राहुल गांधी का जन्मदिन मनाए जाने के साथ ही सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर विशेष आयोजन किए गये है। कांग्रेसी निराश्रित महिलाओं के बीच जाकर खुशियां बांटेंगे"

**उत्तर प्रदेश** की रायबरेली लोकसभा सीट से राहुल गांधी की जीत के बाद यूपी में पार्टी के लिये नई संभावनाएं तलाश रहा कांग्रेस आलाकमान और गांधी परिवार एक बार फिर प्रदेश में विस्तार के लिये कमजोर हो चुके संगठन को नए सिरे से खड़ा करने का प्रयास कर रहा है। राहुल गांधी ने भले ही समाजवादी पार्टी के वोट बैंक के सहारे रायबरेली से जीत हासिल की हो,लेकिन वह अपनी जीत को इस तरह से प्रचारित कर रहे हैं जैसे यूपी की जनता कांग्रेस को फिर से बीजेपी के विकल्प के रूप में देखने लगी है। राहुल गांधी ने केरल की वायनाड सीट से त्यागपत्र देकर रायबरेली सीट का संसद में प्रतिनिधित्व करने का निर्णय कर कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार किया है,अब यह उर्जा कब तक बरकरार रहेगी कोई नहीं जानता है। इस बार समाजवादी पार्टी से हाथ मिलाकर चुनाव लड़ रही कांग्रेस को यूपी में 06 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल हुई थी। यूपी को लेकर राहुल गांधी की चपलता को आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए बड़े संदेश के रूप में देखा जा रहा है। साढ़े तीन दशक से उत्तर प्रदेश में अपनी खोए जनाधार को तलाश रही कांग्रेस को अबकी लोकसभा चुनाव के नतीजों से नई उम्मीद जागी है। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की निगाह अब उत्तर प्रदेश पर सबसे अधिक है। बीजेपी ने आम चुनाव में काफी खराब प्रदर्शन किया था,इससे भी कांग्रेस में खुशी का माहौल है।

बहरहाल, यह एक पहलू है। दूसरा पहलू यह है कि समाजवादी पार्टी ने यूपी में कांग्रेस को वह सब कुछ दे दिया है जिसकी उसे वर्षो से दरकार थी,लेकिन अब अखिलेश इसकी कीमत वसूलना चाहते हैं। अखिलेश भी कांग्रेस से इस बात की अपेक्षा कर रहे हैं कि वह भी यूपी में बाहर उन राज्यों में उसको हिस्सेदारी दे जहां जल्द विधानसभा चुनाव होने हैं। कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी को उसका हिस्सा नहीं दिया तो सपा प्रमुख अपनी साइकिल से कांग्रेस को उतारने में देरी नहीं करेंगे। सपा के सूत्र कह रहे हैं कि आम चुनाव के बाद यूपी में विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस-सपा का गठबंधन महाराष्ट्र और हरियाणा चुनाव पर निर्भर करेगा। अगर कांग्रेस इन दो राज्यों में सपा को सीट देने के लिए तैयार हुई, तभी सपा यूपी विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस के किसी दावे पर विचार करेगी। यूपी में शीघ्र ही विधानसभा की 10 रिक्त सीटों पर चुनाव होने हैं। इनमें से एक सीट सीसामऊ (कानपुर) से सपा विधायक इरफान सोलंकी को सजा होने से रिक्त हुई है, जबकि नौ विधानसभा सदस्य अब लोकसभा सांसद बन चुके हैं। सपा के चार विधायकों अखिलेश यादव, अवधेश प्रसाद, लालजी वर्मा और जियाउर रहमान बर्क की सीटें उनके लोकसभा सदस्य चुने जाने के बाद रिक्त हो गई हैं। अखिलेश वर्ष 2019 का विधानसभा चुनाव करहल, अवधेश प्रसाद मिल्कीपुर, लालजी वर्मा कटेहरी और जियाउर रहमान कुंदरकी से जीते थे। खैर से भाजपा विधायक अनूप प्रधान वाल्मीकि, गाजियाबाद से अतुल गर्ग और फूलपुर से भाजपा विधायक प्रवीण पटेल के भी लोकसभा सदस्य चुने जाने से अब यह स्थान खाली हो गए हैं। मझवा (मिजार्पुर) से निषाद पार्टी के विधायक विनोद कुमार बिंद और मीरापुर से रालोद के विधायक चंदन चौहान भी अब सांसद हो गए हैं। इस तरह से शीघ्र ही चुनाव आयोग इन 10 रिक्त सीटों पर चुनाव कराएगा। कांग्रेस इंडिया गठबंधन के तहत सपा से विधानसभा उपचुनाव में भी साझेदारी चाह रही है।



बताते चलें कांग्रेस और सपा के बीच ऐसा ही मनमुटाव लोकसभा चुनाव से पहले हुए मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में सपा को सीट न दिए जाने से दोनों दलों के बीच देखने को मिला था।। इस साल अक्टूबर में महाराष्ट्र और हरियाणा में विधानसभा चुनाव होने हैं।वहीं 2025 में पश्चिम बंगाल,दिल्ली और बिहार में विधान सभा चुनाव होने हैं। सपा के अंदरखाने चर्चा है कि कि अगर कांग्रेस महाराष्ट्र और हरियाणा में उनकी पार्टी को कुछ सीटें देने पर रजामंद हुई, तभी यूपी के उपचुनाव में कांग्रेस को कोई सीट देने पर विचार किया जा सकता है। महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी की ठीकठाक पकड़ है। 2019 के विधानसभा चुनाव में यहां से सपा के दो विधायक जीते थे। इससे पहले भी सपा वहां चुनाव जीतती रही है। इसी आधार पर सपा ने महाराष्ट्र में दावा करने का फैसला किया है। वहीं, हरियाणा की 20 सीटों पर मुस्लिम-यादव समीकरण प्रभावी हैं, जिसे सपा अपने पक्ष में मानती है। इस बारे में सपा के प्रवक्ता राजेंद्र चैधरी का कहना है कि यूपी में सपा और कांग्रेस के बीच गठबंधन है, लेकिन उपचुनाव में सीटों के मामले में कोई भी निर्णय समय आने पर सपा नेतृत्व ही लेगा।

उधर, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का कहना है कि राहुल गांधी के निर्णय से उत्तर प्रदेश कांग्रेस को बड़ी ताकत मिली है। प्रदेश कांग्रेस की मांग पर उन्होंने अपनी परंपरागत सीट को चुना है, जिससे पदाधिकारियों व कार्यकताओं में उत्साह है। प्रदेश में संगठन को बूथ स्तर पर खड़ा करने के प्रयास निरंतर किए जा रहे हैं। पार्टी अभियान के तहत इसमें जुटी है और वरिष्ठ पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी जा रही हैं। हर जिले में नए कार्यकर्ताओं को जोड़ा जा रहा है। पार्टी मुख्यालय में आज राहुल गांधी का जन्मदिन मनाए जाने के साथ ही सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर विशेष आयोजन किए गये है। कांग्रेसी निराश्रित महिलाओं के बीच जाकर खुशियां बांटेंगे।

सूत्र बताते हैं कि लोकसभा चुनाव में अमेठी व रायबरेली समेत छह सीटों पर कांग्रेस की जीत के बाद प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय व प्रदेश अध्यक्ष के लिए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की चुनौती भी और बढ़ गई है। पार्टी के निष्क्रिय चेहरों को चिह्नित कर हटाने की तैयारी भी है। माना जा रहा है कि उत्तर प्रदेश में राहुल गांधी की सक्रियता अब और बढ़ेगी। जिसके बाद प्रदेश कार्यकारिणी में कुछ नए चेहरे भी शामिल हो सकते हैं। इसके साथ ही कांग्रेस की सहयोगी दलों के साथ प्रस्तावित धन्यवाद यात्रा में भी राहुल गांधी की अधिक सक्रियता होने की उम्मीद जताई जा रही है।

कुल मिलाकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की अपनी-अपनी सियासी महत्वाकांक्षा के चलते दोनों दलों के बीच की दूरियां धीरे-धीरे बढ़ती नजर आ रही हैं।

समाजवादी पार्टी को चिंता इस बात की भी है कि यदि कांग्रेस ने यूपी में फिर से जड़े जमा ली तो समाजवादी पार्टी को इसका दीर्घकालीन खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।बता दें समाजवादी पार्टी के पास आज जो भी वोट बैंक है,उस पर कभी कांग्रेस का कब्जा हुआ करता था। सपा के पूर्व प्रमुख और दिवंगत नेता मुलायम सिंह यादव यह बात अच्छी तरह से समझते थे,इसीलिए उन्होंने कभी कांग्रेस से गठबंधन में रूचि नहीं दिखाई।

नेताजी बेटे अखिलेश को भी कई बार सचेत कर चुके थे कि कांग्रेस से उसकी नजदीकी ठीक नहीं हैं। 2017 के विधान सभा चुनाव के समय नेताजी ने यह बात कही थी,तब कांग्रेस-सपा ने मिलकर यूपी विधान सभा चुनाव लड़ा था। परंतु तब इन दोनों नेताओं को कोई खास कामयाबी नहीं मिल पाई थी।

## कविता

चमत्कारिक योग'

भारतीय वैदिक योग
जनमानस होता निरोग,
विश्व गुरु बनने की
प्रथम क्रिया तथा
प्रतिक्रिया में
पहला कदम है
वैश्विक योग दिवस,
भारत की पहल पर
विश्व में मनाया जाएगा
वैश्विक योग दिवस।
पहले निरोगी काया
फिर उस पर योग का साया,
पड़ जाए फिर स्वस्थ
जीवन की छाया।
योग ने किया सबको निरोगी
वैश्विक मुद्रा के लिए भी उपयोगी।
स्वस्थ रहेगा तन और मन
योग शिक्षा से ही
कमा पाएंगे हम
पोंड,डॉलर और धन,
विश्व के गुरु तो बनेंगे ही
देंगे दुनिया को दिशा दर्शन,
आओ अपनाएं योग को
दूर भगाएं सारे रोग को,
योग विद्या है भारत की संपत्ति,
अपनाने में किसी को नहीं है आपत्ति,
आओ हम सब लोग
योग सीखे और सिखाएं

संजीव
---------

# एक प्रोग्राम, एक परीक्षा पद्धति" पर विचार होना चाहिए

प्रो.मनमोहन प्रकाश

**ये हमारे देश के** शिक्षा तंत्र को क्या हो गया है। बोर्ड से लेकर विश्वविद्यालयों तक तथा अच्छे शिक्षण संस्थानों में प्रवेश से लेकर नोकरी तक के लिए आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं में कभी प्रश्न पत्र लीक के समाचार प्राप्त होते हैं, कभी सिलेबस के बाहर प्रश्न पूछे जाने की खबरें प्राप्त होती हैं और परीक्षार्थियों द्वारा आपत्ति लेने पर उन प्रश्नों को निरस्त कर दिये जाते हैं।कहीं उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन सही नहीं होता है। किन्हीं परीक्षा केन्द्रों से परीक्षा में नकल करने और कहीं से सामुहिक नकल कराने की खबरें समय-समय पर आती रहती हैं। इतना ही नहीं कभी परीक्षा परिणाम जरूरत से ज्यादा देरी से आते है तो कहीं परीक्षा परिणाम जरूरत से ज्यादा जल्दी आ जाते हैं। कभी-कभी तो परीक्षार्थियों को परीक्षा परिणाम में की गई अनियमितता के लिए, उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन से सहमत नहीं होने कारण न्यायालय की शरण में जाना पड़ता है। ये सब घटनाएं देश के शिक्षा तंत्र की इमेज को निश्चित रूप से प्रभावित करती हैं। इतना ही नहीं शिक्षा नीति 2020 को केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान कर देने के बाद भी भारत के सभी राज्यों में अभी तक लागू नहीं किया जा सका। परिणाम यह है कि कुछ विश्वविद्यालय और स्वशासी शिक्षा संस्थानों में सेमेस्टर परीक्षा पद्धति लागू है तो कुछ अन्य में वार्षिक परीक्षा पद्धति लागू है। कहीं स्नातक प्रोग्राम तीन वर्ष का है, कहीं स्नातक प्रोग्राम चार वर्ष का है।एक ही प्रोग्राम और कोर्स के लिए पाठ्यक्रम भी अलग-अलग दिखाई देते हैं, प्रश्न पत्र का पेटर्न भी अलग-अलग हैं, अंतरिक्ष परीक्षाओं का अधिभार और मूल्यांकन का तरीका भी भिन्न है। विधार्थियों की महाविद्यालयों में दैनिक उपस्थित घट रही है और कोचिंग संस्थानों में उपस्थित बढ़ रही है। शिक्षण संस्थानों में मूल भूत सुविधा की दृष्टि से मानक भी एक समान नजर नहीं आते हैं। विधार्थियों में अनुशासन और राष्ट्र प्रेम की भावना जगाने वाली एनसीसी की सुविधा भी प्रत्येक शिक्षण संस्थानों में नहीं है जबकि भारत अभी भी पूरी तरह से आतंकवाद, नक्सलवाद से मुक्त नहीं हुआ है और विभिन्न देशों के मध्य चल रहे युद्ध और शीत युद्ध के कारण निकट भविष्य में विश्व युद्ध की संभावनाओं से कोई इंकार नहीं कर रहा है।शरीर और मन को स्वस्थ रखने में और हार या जीत की विभिन्न परिस्थितियों सामंजस्य स्थापित करने में खेलों का अपना विशेष स्थान है ऐसे में कुछ ही शिक्षण संस्थानों से आउटडोर और इनडोर खेल की सुविधाएं नजर आती है। सबसे चिंता जनक बात यह है कि प्रतियोगी परीक्षाओं (नोकरी/प्रवेश हेतु) और उपाधि परिक्षाओं के प्रश्नपत्र में कोई समानता नजर नहीं आती है। जबकि किसी भी प्रोग्राम की शिक्षा प्राप्त कर लेने के बाद अधिकांश विधार्थियों का लक्ष्य प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से अच्छी नोकरी प्राप्त करना होता है।

अतः जब हमारा देश एक राष्ट्र,एक निशान,एक विधान की दिशा में आगे बढ़ रहा है तो उसे एक जैसे शिक्षा प्रोग्राम के लिए एक पाठ्यक्रम,एक परीक्षा पद्धति पर भी विचार करना चाहिए।

## विचार

# बुलेट ट्रेन- वंदे भारत नहीं ट्रेन्स का सुरक्षित संचालन जरूरी

निर्मल रानी

**गत 15 जून को** रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव दिल्ली में पत्रकारों से एक अनौपचारिक वार्ता के दौरान रेल मंत्रालय की उपलब्धियां गिनाते हुये कह रहे थे कि भारतीय रेल आगामी 5 वर्षों में 250 से अधिक वंदे भारत एक्सप्रेस और 300 से अधिक अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन्स चलाने की योजना पर कार्यरत है। इसी वार्ता के दौरान उन्होंने नई रेल पटरियां बिछाने ,गाड़ियों को तीव्र गति देने जैसे कई विषयों पर रौशनी डाली। रेल मंत्री ने यह भी बताया कि सुरक्षित यात्रा के लिए छह हजार किलोमीटर के मार्ग पर कवच लगाने का काम तेज गति से चल रहा है और अब दस हजार किलोमीटर मार्ग को कवच से लैस करने के लिए निविदा लाने की तैयारी की जा रही है। रेल मंत्री ने बताया कि नेटवक की क्षमता का विस्तार होने के बाद नयी गाड़ियों को तेज गति से चलाना संभव होगा। जिस दिन रेल मंत्री अपने मंत्रालय की उपरोक्त अनेक उपलब्धियां गिना रहे थे उसके ठीक दो दिन बाद यानी 17 जून (सोमवार) को प्रातःकाल जलपाईगुड़ी के पास खड़ी कंचनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन में पीछे से आ रही एक मालगाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी। रंगापानी और निजबाड़ी के निकट हुई इस दुर्घटना में तीन बोगियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। इस दुर्घटना में अब तक 15 लोगों के मरने व 60 से अधिक लोगों के घायल होने का समाचार है। इस घटना को लेकर रेलवे की ओर से अंतर्विरोध पैदा करने वाले बयान सुनने को मिले।रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा के अनुसार उक्त ट्रेन्स में टक्कर संभवतः इसलिए हुई क्योंकि मालगाड़ी ने सिग्नल की अनदेखी की और अगरतला से सियालदह जा रही कंचनजंगा एक्सप्रेस को टक्कर मार दी। जबकि लोको पायलट संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष संजय पांधी ने कहा कि ह्वह्वरेलवे बोर्ड का यह कहना गलत है कि चालक को लाल सिग्नल पर एक मिनट के लिए ट्रेन रोकनी चाहिए और टीए 912 मिलने के बाद सीमित गति से आगे बढ़ना चाहिए।ह्व उन्होंने कहा, ह्वह्वलोको पायलट की मौत हो जाने और सीआरएस जांच लंबित होने के बावजूद लोको पायलट को ही जिम्मेदार घोषित करना अत्यंत आपत्तिजनक है।ह्व प्रायः रेल दुर्घटना बाद इस तरह के अंतर्विरोध पैदा करने वाले बयानआना भी एक सामान्य बात है। क्योंकि प्रत्येक अधिकारी यही चाहता है कि वह स्वयं को सुरक्षित रखते हुये दुर्घटना का जिम्मेदार किसी और कर्मचारी या अधिकारी को ठहरा दे। जाहिर है यह नैतिकता का वह दौर तो है नहीं जबकि नवंबर 1956 में तमिलनाडु में हुई एक बड़ी रेल दुर्घटना के बाद तत्कालीन रेल मंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने नैतिक आधार पर रेल मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। बहरहाल रेल विभाग के विकास व आधुनिकीकरण के तमाम दावों के बावजूद किसी न किसी कारण रेल दुर्घटनाओं का सिलसिला अभी भी बदस्तूर जारी है। दो जून 2023 को ओडिशा में बेंगलुरू-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस, शालीमार-चेन्नई सेंट्रल कोरोमंडल एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी से जुड़ी भयानक ट्रिपल ट्रेन दुर्घटना जिस में कम से कम 50 लोग मारे गए थे और 350 से अधिक घायल हो गए थे वह तो सबसे अधिक चर्चा का केंद्र बनी थी। गत दस वर्षों में हुई प्रमुख रेल दुर्घटनाओं में 26 मई 2014 को उत्तर प्रदेश के संत कबीर नगर में गोरखपुर की ओर जा रही गोरखधाम एक्सप्रेस दुर्घटना हुई जो खलीलाबाद स्टेशन के पास खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई। इस हादसे में 25 लोगों की मौत हो गई थी और 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। फिर 20 नवंबर 2 016 को कानपुर में पुखरायां के निकट इंदौर-पटना एक्सप्रेस पटरी से उतर गई थी जिसमें कम से कम 150 यात्रियों की मौत हो गई थी और 150 से अधिक यात्री घायल हो गए थे। इसी तरह 18 अगस्त 2017 को पुरी-हरिद्वार उत्कल एक्सप्रेस मुजफ़्फ़र नगर में पटरी से उतर गई थी जिसमें 23 लोगों की मौत हो गई थी और लगभग 60 अन्य घायल हो गए थे। इसके बाद 13 जनवरी 2022 को बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस के 12 डिब्बे पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार क्षेत्र में पटरी से उतर गए, जिससे नौ लोगों की मौत हो गई और 36 अन्य घायल हो गए। यह घटनायें उल्लेखनीय हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# हिन्दी अंकों की अपेक्षा क्यों ?

सुनील चौरसिया 'सावन'

**मुझे मतगणना में माइक्रो आब्जर्वर** पद पर सेवाएं प्रदान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। सभी दस्तावेजों पर अंग्रेजी अंक लिखने की अनिवार्यता ने मुझे झकझोर कर रख दिया। जमीनी स्तर पर हिन्दी अंकों का आंगन सजाना बहुत जरूरी है। राजभाषा हिन्दी हित हेतु विद्यार्थियों के मानस-क्षेत्र में हिन्दी अंकों का पौधारोपण आवश्यक है। भाषा और भाव से ही भव का सृजन होता है।

**नजरों को बदलो, नजारे बदल जाएंगे ।**
**वक्त आने पर चांद-सितारे बदल जाएंगे।। - सावन**

हमें व्यवहारिक जीवन में हिन्दी अंक ०,१,२,३,४,५,६,७,८ और ९ लिखने का अहर्निश अभ्यास करते रहना चाहिए। प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र 'आज' जो वर्ष १९२० ई. से अनवरत प्रकाशित हो रहा है, वह आज भी हिन्दी अंकों को विशेष सम्मान प्रदान कर प्रकाशित करता है। समस्त संपादकों एवं प्रकाशकों को भी अपने समाचार-पत्रों एवं पत्रिकाओं में हिन्दी अंकों को विशेष महत्व देना चाहिए। हम चाह कर भी हिन्दी अंकों का सहारा लेकर न फोन कर पाते हैं और न ही ईमेल आईडी बना पाते हैं। हिन्दी अंकों के प्रयोग की दृष्टि से सभी सॉफ्टवेयर में सुधार की आवश्यकता है। पासवर्ड बनाते वक्त भी हिन्दी अंकों का प्रयोग अनिवार्य होना चाहिए। आम आदमी के जीवन में भी हिन्दी अंकों का खास स्थान होना चाहिए।

समस्त निजी एवं सरकारी दस्तावेजों पर हिन्दी अंकों की अनिवार्यता अत्यावश्यक है। महत्व देने से महत्व बढ़ता है। आज हिन्दी अंक विलुप्त से हो गए हैं। इसका जिम्मेदार हम और आप हैं। हम सुधरेंगे तो हमारा समाज सुधरेगा। समाज सुधरेगा तो राष्ट्र सुधरेगा और एक दिन अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी हिन्दी अंकों को सम्मानजनक स्थान प्राप्त होगा। आइए, हम हिन्दी अंकों को लिखना और सीखना स्वयं से शुरू करें।

# आइए! जी भर के झूठ बोलें

रामविलास जांगिड़

**झूठ का** सबसे बड़ा गुण है उसका सृजनात्मक होना। सच अपने आप में स्थिर और अपरिवर्तनीय होता है, जबकि झूठ एक कहानी की तरह होता है। झूठ को हम अपनी कल्पना से सजा सकते हैं। झूठ सामाजिक राजनीतिक संबंधों को मजबूत करने का एक अद्वितीय तरीका है। नेताजी ने नई टोपी खरीदी। वे आपसे उसकी प्रशंसा की उम्मीद कर रहे हैं। वास्तव में टोपी अच्छी नहीं है, लेकिन आप सुंदर सा झूठ बोलकर कहेंगे- "वाह क्या टोपी पहनी है! एकदम प्रधानमंत्री लग रहे हो! वाह!" एक छोटा सा झूठ बोलकर आप उनके चेहरे पर मुस्कान ला सकते हैं। सच को बदलना असंभव होता है, लेकिन झूठ को परिस्थितियों के अनुसार बदला जा सकता है। अगर आपने एक झूठ बोला और बाद में परिस्थिति बदल गई, तो आप अपने झूठ को भी उसी के अनुसार बदल सकते हैं। यह लचीलापन हर परिस्थिति में संभालने की क्षमता प्रदान करता है। झूठ में अनोखी मनोरंजन क्षमता होती है। दुनिया झूठ सुनने में आनंदित होती है। टीवी और सिनेमा की दुनिया में तो सिर्फ झूठ ही झूठ होता है। यही दर्शकों को बांधे रखता है। सभी कहानियां मात्र झूठ पर ही आधारित होती है। अगर कहानी सच की हो जाए तो पल भर में लड़ाई ना हो जाए? नेताओं के सारे वादे झूठे! राजनीतिक पार्टियों के वादा पत्र, घोषणा पत्र, संकल्प, नारे सब महाझूठे! टीवी अखबार में आने वाले सारे विज्ञापन झूठे! घर में पत्नी की तारीफ में कही हुए सारी बातें झूठी! सूरज रोज पूर्व में उगता है, यह भी एक महाझूठ! झूठ हमारे जीवन को एक रंगीन कैनवास बनाता है। एक उदास और एकरंगी जीवन में, झूठ रंग भरने का काम करता है। यह हमें हमारी वास्तविकता से परे एक नई दुनिया की सैर कराता है। यह हमें वह दिखाता है जो हम देखना चाहते हैं, न कि वह जो वास्तव में है। झूठ एक बहुआयामी उपकरण है जो सृजनात्मकता, सामाजिक संबंध, लचीलापन, मनोरंजन और रंगीन जीवन की पेशकश करता है। झूठ अपने आप में कमाल का और अति आवश्यक कौशल है। झूठ बोलने से समाज में शांति बनी रहती है। इससे मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जब झूठ बोलते हैं और लोग उसे मान लेते हैं, तो इससे एक प्रकार का आत्म-संतोष मिलता है। इससे मानसिक तनाव कम होता है और आप खुश रहते हैं। झूठ बोलने से रचनात्मकता में वृद्धि होती है। झूठ बोलने के लिए नई-नई कहानियां गढ़नी पड़ती हैं, जिससे दिमाग तेज होता है और कल्पनाशक्ति बढ़ती है। घर में शांति बनाए रखने के लिए झूठ बहुत उपयोगी हो सकता है। यदि पत्नी जी नई ड्रेस में मोटी लग रही हो तो दुनिया का कौन सा पति है जो सच बोलकर बीवी से अपना माथा फुड़वाएगा? दुनिया के सारे पति लोग झूठ बोलने में माहिर हैं।

## न्यूज फ्लैश

### भारत विकास परिषद द्वारा विशाल रक्तदान शिविर विश्वकर्मा मंदिर में आज

**गन्नौर। गन्नौर भारत विकास** परिषद गन्नौर शाखा हरियाणा मध्य प्रांत व बहालगढ़ स्टील उद्योग के विशेष सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 20 जून को आज विश्वकर्मा मंदिर में किया जाएगा। भारत विकास परिषद शाखा के अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक , उपाध्यक्ष सेवा संदीप सिंगल ने जानकारी देते हुए बताया कि रक्तदान शिविर का आयोजन स्वर्गीय श्री हरि शंकर सिंघानिया फाउंडर जे के लक्ष्मी सीमेंट की जयंती के उपलक्ष में किया जाएगा । बहालगढ़ स्टील उद्योग के संचालक दीपक गोयल ने रक्तदाताओं से रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि रक्तदान ही महादान है इसलिए समय-समय पर हमें रक्तदान करते रहना चाहिए ।

### कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन कांग्रेसियों ने धूमधाम से मनाया



**राई । राष्ट्रीय राजमार्ग-44** पर बहालगढ़ चौक के पास बुधवार को कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं रायबरेली से सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन कांग्रेसियों ने धूमधाम से मनाया है। इस दौरान आंतिल बाराह खाप के प्रधान एवं कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। जयभगवान आंतिल ने कहा कि राहुल गांधी देश के प्रत्येक वर्ग के हितों की रक्षा के लिए लम्बा संघर्ष कर रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा से लेकर न्याय यात्रा निकालकर राहुल गांधी सत्ता को सच्चाई का आईना दिखाकर अंतिम व्यक्ति के आंसू पोंछने का काम किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लोगों की सेवा करने के लिए निस्वार्थ, समर्पित और भावुक प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहे हैं। राहुल गांधी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल ने जांटी गांव से हरिद्वार में गंगा स्नान के लिए बसें भेजी हैं। जाटी गांव से हरिद्वार के लिए बसें रवाना करने के दौरान जयभगवान आंतिल ने कहा कि जब भी श्रद्धालु एकत्रित होकर किसी तीर्थ स्थल के दर्शन के लिए कहेंगे तो उनको तीर्थ स्थल के दर्शन करवाने का वे प्रयास करेंगे।

### श्रीराम फर्टिलाइजर्स एंड कैमिकल्स ने किसानों को दिखाया प्रधानमंत्री किसान निधी का लाइव प्रसारण



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : पिपली में फर्टिलाइजर्स** एंड कैमिकल्स के द्वारा किसानों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण दिखाया गया। इस लाइव प्रसारण में प्रधानमंत्री ने किसानों के खातों में किसान सम्मान निधी की 17वीं किस्त के तहत 20 हजार करोड़ से भी ज्यादा की राशि अंतरित की। हरियाणा प्रदेश में 16 लाख किसानों के खाते में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 335 करोड़ रुपए की राशि जमा करवाई। श्रीराम फर्टिलाइजर्स एंड कैमिकल्स के द्वारा आयोजित इस लाइव प्रसारण में किसानों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया। इस अवसर पर श्रीराम फर्टिलाइजर्स एंड कैमिकल्स के अधिकारी वीरेंद्र शर्मा बारना ने किसानों को सरकारी योजनाओं के बारे में बताया। इस अवसर पर उनके साथ अन्य अधिकारीगण व किसान मौजूद थे।

### जीवन में कुशलता प्राप्त करना ही योग है

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। भगवद् गीता में भगवान** श्रीकृष्ण ने कहा है कि योग से कर्म में कुशलता आती है। योग केवल आसन नहीं है, बल्कि आप कितनी कुशलता से बातचीत कर पाते हैं, कितनी कुशलता से किसी भी परिस्थिति का सामना कर पाते हैं, यह भी योग है। आज के समय में कोई भी यह नहीं कहेगा कि उन्हें कुशलता नहीं चाहिए। यहां कोई ऐसा नहीं, जिन्हें नवाचार नहीं चाहिए। अंतः स्फूर्णा नहीं चाहिए या बातचीत करने की कुशलता नहीं चाहिए।

# ऑनलाइन पोर्टल से गरीब लोगों के खाते में जा रहा है सरकारी योजनाओं का पैसा: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। मुख्यमंत्री नायब सिंह** ने कहा कि ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का पैसा सीधे गरीब लोगों के बैंक खाते में पहुंच रहा है और आज जींद में आयोजित श्रमिक जागरूकता एवं सम्मान समारोह में भी करीब 1 लाख गरीब लोगों के खाते में 80 करोड़ की राशि ट्रांसफर की जाएगी। जिसको लेकर विपक्ष के लोगों के पेट में दर्द हो रहा है और वे पोर्टल को लेकर अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री अपने करनाल प्रवास के दौरान पार्टी कार्यकर्ता सैक्टर 13 निवासी राजकुमार गोयल के घर पहुंचे और कार्यकताओं का उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर राजकुमार गोयल व प्रमोद बंसल ने मुख्यमंत्री को पगड़ी पहनाकर व मोमेटो देकर सम्मानित



किया। मुख्यमंत्री ने पार्टी कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा कि लोकसभा के आम चुनाव के बाद केन्द्र में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी है और अब हरियाणा प्रदेश में आप सभी कार्यकताओं की कड़ी मेहनत, लगन और संघर्ष के कारण तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। मुख्यमंत्री ने करनाल लोकसभा आम चुनाव के प्रत्याशी मनोहर लाल तथा करनाल विधानसभा के उपचुनाव में उन्हें स्वयं प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने के लिए करनाल की जनता के साथ-साथ पार्टी के कार्यकताओं का धन्यवाद किया और कहा कि आपके आशीर्वाद के कारण मनोहर लाल केन्द्र सरकार में ऊर्जा व शहरी विकास मंत्रालय का बड़ा मंत्री बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि जब करनाल विधानसभा उप चुनाव के लिए मेरे नाम की घोषणा हुई तब सारा विपक्ष मुझे हराने के लिए एकजूट हो गया था, लेकिन करनाल की जनता मेरे साथ थी। जिसके कारण करनाल क्षेत्र के अंदर एक नहीं दो-दो कमल के फूल खिलें हैं, जिसका श्रेय आम जनता और पार्टी कार्यकताओं को जाता है। नायब सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में पिछले साढे नौ वर्षों के दौरान प्रदेश का अभूतपूर्व विकास करवाया है तथा करनाल क्षेत्र में भी विकास को बढ़ावा दिया है। इतना ही नहीं गरीब लोगों की भलाई के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं उनका सरलीकरण किया गया है, जिसके कारण आम जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल द्वारा शुरू की गई विकासात्मक कार्यों एवं परियोजनाओं को तेज गति से पूरा करवाया जाएगा। करनाल को लेकर मेरे संज्ञान में जो भी कार्य लाया जाएगा उसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा।

## आम जनता में मुख्यमंत्री नायब सिंह की बढ़ी लोकप्रियता



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। मुख्यमंत्री नायब** सिंह की आम जनता में लोकप्रियता निरंतर बढ़ती जा रही है, जिसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि करनाल आगमन पर मुख्यमंत्री के स्वागत को लेकर आम जनता हाथों में फूल माला व पुष्पगुच्छ लेकर लंबी कतार में खड़े दिखाई दिए। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री का पगड़ी व पुष्पगुच्छ से गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह भी स्वयं जनता के बीच में पहुंचकर न केवल उनका हालचाल पूछते है, बल्कि उनकी समस्याओं का मौके पर समाधान करने पर प्रयास करते है। करनाल प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री दिनभर विभिन्न कार्यक्रमों में व्यस्त होने के बावजूद भी देर सायं लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह में 11 बजे तक लोगों की समस्या सुनते रहे और मौके पर ही उनके समाधान के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बुधवार को सुबह होते ही फिर से आम जनता से मिलना शुरू किया और उनकी समस्याओं का निराकरण किया जिसे लेकर आम जनता बेहद खुश दिखाई दी।

### हत्या के मामले में फरार चल रहा चौथा एवं मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। सीआइए टू की** टीम द्वारा थाना निगदू में दर्ज हत्या के मुकदमे में मुख्य आरोपी राहुल पुत्र सुभाष सिंह वासी कारसा डोड थाना निगदू को आज शहर करनाल क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी से पूछताछ कर उसके कब्जे से वारदात में प्रयोग की गई तलवार भी बरामद की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए इन्चार्ज सीआईए टू निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि थाना निगदू में दर्ज हत्या के मामले में उनकी टीम द्वारा उपरोक्त आरोपी को गिरफ्तार किया गया है और आरोपी से पूछताछ कर वारदात में प्रयोग की गई तलवार बरामद की गई।

## समस्याओं का शिविरों में हो रहा है समाधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। स्वच्छ भारत** मिशन हरियाणा के उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र, नीलोखेड़ी स्थित एसडीएम और तहसील कार्यालय पहुंचे। सुभाष चंद्र ने एसडीएम कपिल शर्मा व तहसीलदार संदीप कुमार से समाधान शिविरों के माध्यम से आ रही जनता की समस्याओं का फीडबैक लिया। सुभाष चंद्र ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने निर्देश दिए थे कि लंबित विकास कार्यों और योजनाओं को शीघ्र अति शीघ्र पूरा किया जाए। इसके साथ ही अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों के साथ-साथ समाधान शिविरों में लोगों की समस्याओं और छोटे-छोटे कार्यों को पूरा करना



सुनिश्चित करें। सभी अधिकारियों को प्रत्येक व्यक्ति को पूरा सम्मान देना है, उनकी समस्या को सुनना है और समाधान करना सुनिश्चित करना है। इस मामले को अधिकारी पूरी गंभीरता के साथ लें, अगर किसी भी स्तर पर लापरवाही नजर आई तो सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने परिवार पहचान पत्र, प्रोपर्टी आईडी, एनडीसी, बिजली विभाग तथा पुलिस विभाग से संबंधित तमाम समस्याओं पर विशेष फोकस देकर समाधान करने के आदेश देते हुए कहा था कि वृद्ध व्यक्ति की उम्र 60 वर्ष होने के तुरंत बाद समाज कल्याण विभाग के अधिकारी वृद्ध के घर जाकर आयु को सत्यापित करें और पेंशन बनाने का काम करें। इसी तरह बीपीएल कार्ड, पीपीपी की आय सत्यापित करने पर विशेष फोकस रखें और एलडीएम बैंक से संबंधित समस्या को भी तुरंत दूर करवाएं। सुभाष चंद्र ने बताया कि तहसीलदार और राजस्व विभाग के अन्य अधिकारियों को आदेश दिए कि टोकन लगाने के बाद व्यक्ति की रजिस्ट्री कार्य पूरा करवाना सुनिश्चित करें अगर इस बाबत शिकायत मिली तो अधिकारी को बख्शा नहीं जाएगा। सुभाष चंद्र ने कहा कि भाजपा सरकार में किसी को भी चिंता करने की जरूरत नहीं है।

### भजन पर मंत्रमुग्ध हुए श्रोता



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। शहर के** रेलवे रोड पर स्थित कर्मचारी कॉलोनी में रामायण के संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन करवाया गया। श्री आदर्श संकीर्तन मंडल द्वारा प्रस्तुत इस कार्यक्रम के आयोजक युद्धवीर सिंह सांगवान सपरिवार थे, जबकि दरबार का पूजन देवी जी मंदिर के पुजारी गौरव शर्मा ने विधिवत मंत्रोच्चार से करवाया। कार्यक्रम का आगाज मंडल संचालक मास्टर अमरसिंह सोनी के द्वारा हनुमान चालीसा एवं गणेश वंदना से किया गया। उन्होंने "लहर लहर लहराए रे झंडा बजरंगबली का" तथा "दुनिया में देव हजारो है बजरंगबली का क्या कहना" आदि अनेक भजनों का संपुट लगाकर लोगों को मंत्रमुग्ध किया व रामायण की सुंदर चौपाइयों का वर्णन किया। कलाकार सोनू सोनी ने "श्याम तेरे ही हवाले मेरा परिवार है" तथा दिनेश भगत ने "छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना "भजनों का संपूर्ण लगाकर अपनी शानदार प्रस्तुति दी। अन्य कलाकार राजसिंह इंदौरा, ईश्वर एवं सुशील कुमार ने भी अपनी-अपनी प्रस्तुति देकर लोगों का भरपूर मनोरंजन किया।

## समाधान शिविर में 47 शिकायतों का निपटारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। हरियाणा सरकार** के आदेश पर जिला व उपमंडल मुख्यालयों पर आयोजित किये जा रहे समाधान शिविर अनेक लोगों के लिये वरदान साबित हो रहे हैं। उम्र के छह दशक पार कर सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट-काटकर थक चुके अनेक लोगों के चेहरों पर उस समय रौनक देखने को मिल रही है जब शिविरों में उनकी बुढ़ापा पैंशन मंजूर हो रही है। ऐसे बुजुर्ग मुक्त कंठ से सरकार की प्रशंसा करते नहीं थकते। आज यहां समाधान शिविर में पहुंचे शिव कालोनी गली नंबर-दो के



बाशिंदे रामदास के अनुसार बुढ़ापा पैंशन के लिये वे अरसे से एक से दूसरे दफ्तर के चक्कर काट रहे थे। आज वोटर कार्ड के साथ-साथ आयु प्रमाण के तौर पर स्कूल रजिस्टर का दस्तावेज लेकर समाधान शिविर में पहुंचे। संबंधित कर्मचारियों ने पूरे दस्तावेज कंप्यूटर में दर्ज कर आश्वस्त किया कि अगले महीने से उनकी पैंशन शुरू हो जायेगा। उन्होंने सामाधान शिविरों की सराहना की और कहा कि ऐसे शिविर बहुत पहले आरंभ करने चाहिये थे। गांव पाढ़ा के 65 वर्षीय धर्मबीर पैंशन के लिये कभी बीडीपीओ कार्यालय तो कभी समाज कल्याण कार्यालय में गुहार लगाते रहे पर बात नहीं बनी। आखिर एसएलसी सर्टिफिकेट लेकर आज समाधान शिविर पहुंचे हाथों हाथ काम हो गया। उन्हें भी भरोसा दिलाया गया कि अगले महीने से बुढ़ापा पैंशन आरंभ हो जायेगा। धर्मबीर का कहना है कि ऐसे शिविर लगातार आयोजित किये जाने चाहियें ताकि सभी पात्र इनका फायदा उठा सकें। उन्होंने पैंशन संबंधी शिकायत का समाधान होने पर सरकार के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों का आभार जताया। शिविर में पहुंचे ऐसे ही अनेक बुजुर्ग शिकायत का निपटारा होने पर प्रफुल्लित नजर आये। जिला मुख्यालयों के अलावा उपमंडल स्तर पर भी आयोजित किये जा रहे शिविरों में रोजाना बड़ी संख्या में लोग परिवार पहचान पत्र, प्रोपर्टी आईडी, जमीन की रजिस्टरी, शहरी निकाय विभाग से एनडीसी लेने, नकशे की मंजूरी, पैंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण व्यवस्था, अपराध, बिजली-पानी संबंधी आदि शिकायतों के निपटारे के लिये समाधान शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इन शिविरों के सार्थक नतीजे सामने आ रहे हैं।

## टूटी सड़क को नहीं किया ठीक, दुकानदार परेशान

### दुकानदारों ने भाजपा मंडल महामंत्री के नेतृत्व में जन स्वास्थ्य विभाग को दी शिकायत नहीं हुआ समाधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। नगर पालिका रोड पर** जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा पेयजल आपूर्ति लाइन ठीक करने के बाद जगह-जगह से टूटी सड़क को ठीक न करने पर दुकानदार भाजपा मंडल महामंत्री या अमन मुखिया के नेतृत्व में जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ को शिकायत देने पहुंचे ।

शिकायत में दुकानदारों ने बताया कि गत 22 में को पेयजल आपूर्ति लाइन को ठीक करने के लिए जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा सड़क को जगह-जगह से तोड़ा गया था लेकिन बार-बार अवगत कराने के बाद भी सड़क को ठीक नहीं



किया जा रहा जिस दुकानदार परेशान है । दुकानदार अमन, सुनील, अनुराग आदि ने बताया कि लिखित में शिकायत देने से पहले वह जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यालय में जाकर विभाग के के को कई बार अवगत करवा चुके हैं लेकिन अवगत कराने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही । भाजपा मंडल महामंत्री अमन मुखीजा ने बताया कि जहां से फैजुल्लापुर की लाइन को ठीक करने के लिए खुदाई की गई है वहां से निकल गई मिट्टी को भी नहीं उठाया गया जिस कारण तेज हवा चलने पर मिट्टी दुकानों में चली जाती है जिससे दुकानदार बहुत परेशान है ।

उन्होंने कहा कि अगर उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वह इसकी शिकायत विभाग के उच्च अधिकारियों व विधायक से करेंगे ।

## खलीला ने लोगों से मिल कर उनकी समस्या को जाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
कांग्रेस नेता संदीप भारद्वाज खलीला द्वारा एक फिर लोकसभा चुनाव के बाद गरीब आवास संघर्ष यात्रा के तहत रविवार को ग्रामीण हलके के गांव बबैल, भारत नगर व हाली कालोनीऔर धूप सिंह नगर में घर घर जाकर एडवोकेट संदीप भारद्वाज खलीला ने लोगों से मिल कर उनकी समस्या को जाना। एडवोकेट संदीप खलिला ने कहा कि उनकी संस्था की ओर से ग्रामीण हलके के प्रत्येक गांव में गरीब आवास संघर्ष यात्रा चलाई जा रही है।भारद्वाज खलीला ने बताया कि सेवा ही धर्म टीम द्वारा पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के गरीबों को उनका हक दिलाने के



लिए यात्रा चलाई जा रही है। यात्रा के दौरान उन परिवारों को चिन्हित किया जा रहा है जिनका मकान बनाने के लिए सरकार द्वारा कई बार सर्वे किया गया परंतु आज तक उनको सरकार की तरफ से कोई मदद नही की गई। सरकार द्वारा क्षेत्र में गरीब परिवारों के मकान बनवाने को लेकर कई-कई बार सर्वे करवाए जा चुके हैं परंतु आज तक उनके मकान नही बनवाए गए। वही सरकार का स्वच्छ भारत मिशन भी दम तोड़ रहा है। क्षेत्र में सैंकड़ों परिवार ऐसे हैं जिनके घरों में आज भी शौचालय नही हैं। और आज भी बहन बेटियों को शौच के लिए बाहर खुले में जाना पड़ता है।भारत के सभी बेघर नागरिकों को केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर देने की घोषणा की गई। इस योजना में जिन लोगों के पास अपना खुद का घर नहीं है, सरकार उन्हें वित्तीय सहायता देकर घर बनाने में मदद करने की बात कही गई थी। लेकिन यह केवल झूठे वादे ही साबित हुए। बड़े-बड़े वादों का ढिंढोरा पीटने वाली सरकार आम जनता के लिए कुछ नहीं कर पा रही। कुछ समय बाद विधानसभा चुनाव होने वाले हैं इन झूठे वादों का जनता विधानसभा में हिसाब करेगी । अगर हमने समाज के अंतिम पंक्ति का विकास करना है तो लोगो को जागरूक होना होगा।

## नागरिक अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. को करें स्व-प्रमाणित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। नगर निगम** आयुक्त अभिषेक मीणा के निर्देश पर निगम क्षेत्र में सम्पत्ति आई.डी. को स्व-प्रमाणित करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसके लिए नगर निगम की 20 टीमें सभी वार्डों में डोर टू डोर जाकर प्रॉपर्टी आई.डी. को सत्यापन करने का कार्य कर रही हैं। अब तक 31 हजार 163 सम्पत्तियों को स्व-प्रमाणित किया जा चुका है। जो व्यक्ति सम्पत्ति आई.डी. को स्व-प्रमाणित कर रहे हैं, उन्हें वित्त वर्ष 2024-25 के सम्पत्ति कर पर 10 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है। यह जानकारी नगर निगम के उप निगम आयुक्त अशोक कुमार ने बुधवार को दी। उन्होंने सभी शहरवासियों से अपील करते कहा कि वे एन.डी.सी. पोर्टल पर प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित कर अपने डाटा को लॉक करें। उन्होंने बताया कि प्रॉपर्टी आई.डी. को लॉक करने से कोई अन्य व्यक्ति उससे किसी प्रकार की छेडखानी नहीं कर सकता और न ही उसमें कोई तबदीली लाने के लिए आपत्ति दर्ज कर सकता। ऐसा करने से सम्बंधित प्रॉपर्टी मालिक स्वयं को सुरक्षित महसूस करेंगे। उन्होंने बताया कि एन.डी.सी. पोर्टल पर प्रॉपर्टी आई.डी. के डाटा को स्व-प्रमाणित करते ही प्रॉपर्टी आई.डी. लॉक हो जाती है। इसके पश्चात अगर कोई भी व्यक्ति इसमें आपत्ति दर्ज करना चाहे तो उसके लिए ओ.टी.पी. सम्बंधित प्रॉपर्टी मालिक



के पास आएगा। इसके बिना वह कुछ नहीं कर सकता। न्होंने बताया कि उपरोक्त कार्य को करने के लिए नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में कर्मचारियों की टीमें गठित की गई हैं, जो डोर टू डोर जाकर सभी सम्पत्ति धारकों से सम्पर्क कर प्रॉपर्टी आई.डी. का डाटा स्व-प्रमाणित करने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने सभी सम्पत्ति धारकों से अपील करते कहा है कि वह इस कार्य के लिए नगर निगम की टीमों का सहयोग करें। यह कार्य नागरिकों की सुविधा के लिए ही किया जा रहा है। एन.डी.सी. पोर्टल पर प्रॉपर्टी आई.डी. को कैसे करें स्व-प्रमाणित- उन्होंने बताया कि नागरिक सबसे पहले एन.डी.सी. पोर्टल (प्रॉपर्टी डॉट यूएलबी हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन) साईट पर जाएं। इसके बाद अगर किसी व्यक्ति ने साईट पर रजिस्ट्रेशन किया हुआ है तो ठीक, नहीं तो न्यू रजिस्ट्रेशन का बटन क्लिक कर उस पर अपना ब्यौरा दर्ज करें। इसके पश्चात अपने रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर से लॉगिन करें तथा सर्च फील्ड में जाकर प्रॉपर्टी आई.डी. को सर्च करें। फिर प्रॉपर्टी का ब्यौरा पर क्लिक कर उसे चेक करें। प्रत्येक ब्यौरा के आगे येस व नो, दोनो विकल्प मिलेंगे।

तो उसे येस कर दें। सारी जानकारी को येस करने के बाद अंत में परिवार पहचान पत्र या आधार नम्बर डालकर सब्मिट करें, उसके पश्चात प्रॉपर्टी आई.डी. स्व-प्रमाणित हो जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि अगर प्रॉपर्टी आई.डी. डाटा में कोई त्रुटि हो, तो रजिस्ट्री व आधार कार्ड जैसे आवश्यक दस्तावेजों सहित नगर निगम कार्यालय के नागरिक सुविधा केन्द्र (सी.एफ.सी.) में आकर आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योगा मैराथन का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिला प्रशासन द्वारा** 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को प्रातः 6 बजे से 7 बजे तक योगा मैराथन का आयोजन किया गया। इस मौके पर नगराधीश शुभम बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए तथा मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर खेल विभाग से कोच तथा आयुष विभाग की ओर से जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.सतपाल, डॉ.नितिन रोहिला उपस्थित रहे। इस मौके पर नगराधीश ने कहा कि योग का




अर्थ जोड?ा है। जिला प्रशासन योग के साथ आम जन को जोड? के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में आज की मैराथन का आयोजन किया गया है। मैराथन के माध्यम से 21 जून को नई अनाज मंडी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोग शामिल हों, यही मैराथन का मुख्य उद्देश्य है।

# समाधान शिविरों के प्रति लोगों का बढ़ रहा है विश्वास

## -बुधवार को निगमायुक्त विश्राम मीणा ने लघु सचिवालय में समाधान शिविर में सुनी लोगों की समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** आम जन से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर प्रतिदिन आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में प्रशासन द्वारा आमजन की सभी प्रकार की समस्याओं का मौके पर ही निवारण किया जा रहा है। प्रदेश सरकार की यह समाधान शिविर योजना आमजन हित में अनूठी पहल सिद्ध हो रही है। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जिला स्तर पर लघु सचिवालय के तृतीय तल पर प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में उपमंडल स्तर पर भी प्रतिदिन इस समय अवधि के दौरान समाधान शिविर आयोजित हो रहे हैं।



बुधवार को समाधान शिविर के दौरान निगमायुक्त विश्राम मीणा ने लोगों की समस्याएं सुनते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिस भी विभाग को जो सभी शिकायत भेजी जाए उसका तुरंत प्रभाव से निवारण करें ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न आए। समाधान शिविर के दौरान आई 104 शिकायतों में से अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। लोगों की अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान हो रहा है और लोगों का शासन और प्रशासन के प्रति अपनी समस्याओं को लेकर विश्वास बढ़ता जा रहा है। इसी कारण प्रत्येक दिन समाधान शिविरों

**समस्याएं**

**समाधान शिविर के दौरान आई 104 शिकायतों में अधिकतर शिकायतों का हुआ मौके पर समाधान**

में लोग अपनी समस्याएं लेकर काफी संख्या में आगे आ रहे हैं। इन समाधान शिविरों में ज्यादातर फैमिली आईडी, प्रॉपर्टी आईडी, राजस्व विभाग सहित बिजली विभाग की समस्याएं आ रही हैं, जिनका संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा मौके पर ही निवारण किया जा रहा है। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने कहा कि परिवार पहचान पत्र में जन्म तिथि, नाम आदि का सत्यापन, वैवाहिक स्थिति सत्यापन, व्यवसाय, डुप्लीकेट मोबाइल नंबर, बैंक अकाउंट, जाति वेरिफिकेशन, फैमिली आईडी करेक्शन, वेरिफिकेशन जैसी दिक्कतों का समाधान करने के लिए शहरी व ग्रामीण स्तर पर 21 जून तक विशेष कैंप आयोजित किए जा रहे है। सभी नागरिक जिनकों परिवार पहचान पत्र को लेकर समस्याएं आ रही है तो वह अपने नजदीक लगे कैंपों के माध्यम से ठीक करवा सकते हैं। डीसीपी नरेन्द्र ड्डूसह, नगराधीश पूजा कुमारी, एसडीएम सोनीपत अमित कुमार, डीआरओ हरिओम अत्री, डीडीपीओ जितेन्द्र कुमार, कष्टद्द निवारण समिति के सदस्य अनिल आंतिल सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# मुख्य सचिव ने समाधान शिविर को लेकर कि समीक्षा बैठक

**समीक्षा बैठक**

**समाधान शिविर को लेकर प्रदेश के उपायुक्तों के साथ वर्चुअल माध्यम से समीक्षा बैठक की**





**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने समाधान शिविर को लेकर प्रदेश के उपायुक्तों के साथ वर्चुअल माध्यम से समीक्षा बैठक की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बता दें कि इस समीक्षा बैठक में प्रदेश के डिवीजनल कमीशनर भी वर्चुअल माध्यम से जुडे।

मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने समाधान शिविरों में आने वाली समस्याओं/शिकायतों के समाधान के बारे में समीक्षा करते हुए कहा कि सभी जिलों एवं उपमंडलों में हरियाणा सरकार के निदेर्शानुसार समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर उपायुक्त डा0 शालीन ने वीसी को सुना और उसके उपरांत वहा मौजूद सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उपायुक्त डा0 शालीन ने वीसी के दौरान बताया कि हरियाणा सरकार के निदेर्शानुसार जिलें में हर कार्यदिवस पर सुबह 9 बजे से 11 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन जिला व उपमंडल स्तर पर किया जा रहा है, जिसमें आमजन अपनी समस्या को लेकर आते है और उनकी समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर ज्यादातर का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अम्बाला जिला में 126 शिकायतें आई थी, जिनमें से 70 प्रतिशत शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। उन्होंने बताया कि अधिकतर शिकायत परिवार पहचान पत्र व समाजिक सुरक्षा पैशन को लेकर आ रही है जिनका मौके पर ही निपटान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रोपटी आईडी व अन्य जिन समस्याओं मे पहले वैरिफाई करने की आवश्यकता होती है उनको सम्बंधित विभाग के अधिकारी को उनका तत्परता से समाधान करने के निर्देश दिए।

# उपायुक्त कार्यालय में समाधान शिविर का किया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं का समाधान करने के लिए डीसी कार्यालय के कोर्टरूम में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। उपायुक्त डा0 शालीन ने इसकी अध्यक्षता करते हुए जिला अम्बाला के विभिन्न स्थानों से आएं लोगो की समस्याओं को सुना और साथ ही वहा मौजूद सम्बंधित विभागो के अधिकारियों को उनक समस्याओं का तत्काल से समाधान करने के निर्देश दिएं। उपायुक्त डा0 शालीन ने शिविर में अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर आए लोगों की समस्याओं को ध्यान से सुना और सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं/शिकायतों का निवारण सम्बन्धित विभाग के अधिकारी

**समाधान**

**उपायुक्त ने अध्यक्षता करते हुए जिला अम्बाला के विभिन्न स्थानों से आएं लोगो की समस्याओं को सुना**

तत्परता के साथ करें और कार्य में किसी प्रकार कौताही व लापरवाही न बरतें। समाधान शिविर में कुल 18 समस्याएं आई जिनमें से अधिकतर परिवार पहचान पत्र से सम्बन्धित थी। इसके अलावा वृद्वावस्था पैंशन, प्रोपर्टी आईडी, पुलिस विभाग से सम्बन्धित थी। बता दें कि समाधान शिविर में उपायुक्त डा0 शालीन के सामने अम्बाला शहर से आएं राजकिशन शर्मा की शिकायत का मौके पर ही समाधान किया गया जिसमें उन्होंने बताया कि उन्होंने किसी व्यक्ति को किसी कार्य के लिए 2000 रुपएं एडवांस दिए थें।

# लोगों को एकत्रित कर नशे से दूर रहने को किया जागरूक

**निशुल्क उपचार**

**नशा करने वाले व्यक्ति को पीड़ित मानकर उसका सरकारी अस्पतालों में निशुल्क उपचार करा रही है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख ओपी सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साहब के दिशानिदेर्शों एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में विशेष पखवाड़े के अंतर्गत प्रतिदिन नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस कड़ी में आज कुरुक्षेत्र जिले में विभिन्न स्थानों पर लोगों को एकत्रित कर नशे के विरुद्ध जागरूक किया गया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने उपस्थित लोगों के साथ बातचीत के माध्यम से नशे जैसे भयंकर विषय पर चर्चा की। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों पर दृष्टिपात करते हुए कहा कि पूरे संसार में एक वर्ष में औसतन 80 लाख लोग तम्बाकू के सेवन से मरते हैं जबकि भारत में औसतन प्रतिवर्ष 19 लाख लोगों की मृत्यु तम्बाकू के कारण होती है। मदिरा अर्थात शराब के नशे में व्यक्ति अपराध करता है लेकिन सूखा नशा मनुष्य के मस्तिष्क को इतना अधिक प्रभावित करता है कि ऐसा व्यक्ति हिंसक हो जाता है। नशे के प्रभाव में वह कोई भी अपराध कर सकता है। डॉ. वर्मा ने आगे कहा कि राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि 90 प्रतिशत अपराधों की जड़ केवल और केवल नशा है। उन्होंने बताया कि नशा तस्करी में संलिप्त अपराधियों की गुप्त सुचना 9050891508 पर देकर देश के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करें। हरियाणा सरकार नशा करने वाले व्यक्ति को पीड़ित मानकर उसका सरकारी अस्पतालों में निशुल्क उपचार करा रही है।

# विशेष लोक अदालत के प्रति आमजन को किया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायधीश आराधना साहनी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र द्वारा 1 जून से जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में डीएलएसए द्वारा सर्वोच्च न्यायालय भारत द्वारा 29 जुलाई से 3 अगस्त तक आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत के बारे में पंपलेट देकर जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में पीएलवी जोगिन्दर कौर द्वारा सलीमपुर में लोगों को जागरूक किया गया और उन्हें पंपलेट बांटे गए।

# पंद्रह दिवसीय योगाभ्यास कार्यशाला का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के दर्शन-विभाग में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पंद्रह दिवसीय गहन योगाभ्यास कार्यशाला का आयोजन आचार्य शीलक राम के मार्गदर्शन में लगातार चल रहा है। पंद्रह जून से शुरू हुई इस योगाभ्यास कार्यशाला का समापन 29 जून को होगा। कुवि के दर्शन-विभाग की अध्यक्षा प्रोफेसर अनामिका गिरधर ने कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा का कार्यशाला के आयोजन के लिए आभार प्रकट करते हुए बताया कि विविध प्रकार के आसन, प्राणायाम,



प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, मुद्रा, बंध, षट्कर्म का अभ्यास महर्षि पतंजलि, महर्षि व्यास, स्वात्माराम योगी, महर्षि घेरंड, स्वामी दयानंद, योगी अयंगर, ओशो तथा बिहार स्कूल ऑफ योग द्वारा निर्देशित जानकारी अनुसार अभ्यास करवाया जा रहा है। प्रतिदिन नये-नये ढंग से विविध अभ्यास करवाये जा रहे हैं। इस कार्यशाला में योगाभ्यास की प्रत्येक बारीकी और गूढता का सनातन भारतीय योगाभ्यास की मयार्दा आधुनिक चिकित्सकीय प्रणाली को ध्यान में रखते हुये अभ्यास करवाया जा रहा है।

# योग से हम स्वयं को रख सकते है मानसिक व शारीरिक रुप से मजबूत: रमन

**जागरूक किया**

**प्रदेश सरकार लोगों को योग के प्रति जागरूक करने का काम किया जा रहा है**





**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** नगराधीश रमन गुप्ता ने कहा कि योग हमारी प्राचीन सभ्यता से जुड़ा है, योग करके हम मानसिक व शारीरिक रुप से मजबूत रह सकते है। योग को हमें अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार लोगों को योग के प्रति जागरूक करने का काम किया जा रहा है और लोग योग के प्रति जागरुक भी हुए है। नगराधीश रमन गुप्ता बुधवार को पायलट रिहर्सल के तहत द्रोणाचार्य स्टेडियम के पास मैराथन को हरी झंडी दिखाने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। योग मैराथन में स्कूली विद्यार्थियों, योग संस्थाओं, कॉलेज विद्यार्थियों व आमजन ने भाग लेकर योग के प्रति लोगों को जागरुक करने का काम भी किया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पुरुषोतमपुरा बाग में योग प्रोटोकॉल के तहत कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिसमें योग प्रशिक्षकों द्वारा योग की विभिन्न क्रियाएं करवाई गई।

नगराधीश रमन गुप्ता ने इस मौके पर बताया कि 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर आज योग मैराथन के साथ-साथ पायलट रिहर्सल आयोजित की गई है। योग मैराथन द्रोणाचार्य स्टेडियम से शुरू होकर पुरुषोतमपुरा बाग तक गई है। इस दौरान सभी ने योग के प्रति आमजन को जागरुक किया है। उन्होंने कहा कि सरकार के आदेशानुसार 21 जून को 10वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस योग दिवस को ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से ही पूरे जिले में योग का प्रशिक्षण देने व योग रिहर्सल का कार्य किया गया। योग से हर बीमारी पर अंकुश पाया जा सकता है। योग और आसन करने से सर्वाइकिल, डायबिटीज, उच्च व निम्न रक्तचाप, एसीडीटी सहित अनेकों प्रकार की बीमारियों से बचा जा सकता है। जब प्रदेश का प्रत्येक नागरिक स्वस्थ होगा तभी वह प्रदेश, समाज की तरक्की में योगदान दे सकेगा। योग ही मनुष्य को स्वस्थ रख सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि योग को हमें एक दिन ना करके उसे नियमित रुप से अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। योग करके हम मानसिक व शारीरिक रुप से मजबूत बन सकते है। प्रदेश सरकार द्वारा योग की महत्वता बारे आमजन में जागरुकता आए इसके लिए कार्य किए जा रहे है और आज योग को पूरे संसार ने माना है।

पुरुषोतमपुरा बाग में पायलट रिहर्सल के तहत योग प्रशिक्षकों ने योग प्रोटोकॉल के तहत योग की विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास करवाया, उपस्थित सभी प्रशासनिक अधिकारियों, विद्यार्थियों, योग संस्थाओं के सदस्यों ने इन क्रियाओं का अभ्यास किया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बढ़-चढकर हिस्सा लें आमजन: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** डीसी डॉ. शालीन ने आमजन से आह्वान किया है कि 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर बढ़-चढकर हिस्सा लें। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन अम्बाला शहर के पुलिस लाईन ग्राउंड में किया जाएगा। डीसी डॉ. शालीन बुधवार को योग दिवस की रिहर्सल के बाद बोल रहे थे। सर्वप्रथम पुलिस लाईन ग्राउंड से योग दिवस को लेकर मैराथन की शुरूआत की गई। इसके पश्चात डीसी डॉ. शालीन ने दीप प्रज्जवलित करके रिहर्सल का शुभारंभ किया। उन्होंने योग



शाधकों के साथ योगासन एवं प्राणायाम भी किया। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि 21 जून को अम्बाला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस लाईन ग्राउंड, अम्बाला शहर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का भव्य तरीके से आयोजन किया जाएंगा। इसके अतिरिक्त 6 ब्लॉक में भी योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें जिला प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी, आयुष विभाग, शिक्षा विभाग एवं खेल विभाग व ब्रह्मकुमारी संस्था, पंतजलि, नेहरू युवा केन्द्र, भारतीय योग संस्थान व अन्य विभागों के लोग हिस्सा लेंगे।

डीसी डॉ. शालीन ने बताया कि

**कार्यक्रम**

**जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन अम्बाला शहर के पुलिस लाईन ग्राउंड में किया जाएगा**

हमारा स्वस्थ शरीर ही हमारे जीवन की असली पूंजी है, हमें इसें बनायें रखने के लिए नियमित रूप से योग व प्रणायाम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग प्राचीन पद्धति ही नही बल्कि एक अच्छा स्वस्थ जीवन जीने की कला है। उन्होंने कहा कि सभी को प्राणायाम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि योगा करने से हमारा शरीर स्वस्थ ही नही रहता बल्कि इसके साथ- साथ मानसिक बल भी मिलता है और विचारों में सुद्दढता आती है।

इस अवसर पर एडीसी अपराजिता, एसडीम अम्बाला सिटी दर्शन कुमार, सीटीम विश्वजीत सिंह, सीईओं नवीन आहुजा, डीएसपी रमेंश कुमार, डीएओ शशीकांत शर्मा, डीईओ सुरेश कुमार, डीडीपीओ दिनेश कुमार, जिला खेल अधिकारी डा0 प्रवीन कुमार, डिप्टी सीएमओ बलविन्द्र कौर, आयुष से नीरू अग्रवाल, भारती योग संस्थान से विशाल वर्मा, नेहरू युवा केन्द्र से हर्षदीप के साथ-साथ अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहें।

# शिवानी बनी एसडीएम, गांव भोडवाल माजरी में खुशी का माहौल

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**

"**कौन** कहता है कि आसमान में छेद नहीं हो सकता,एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारो"। इस कहावत को चरितार्थ कर दिखाया है समालखा हल्के के गांव भोडवाल माजरी की 22 वर्षीया शिवानी पांचाल ने, जिसने हाल ही में हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन (एचपीएससी) की परीक्षा पास करके न सिर्फ अपने परिजनों बल्कि गांव व जिला का नाम रोशन किया है। शिवानी को एसडीएम पद पर नियुक्ति मिली है।

बीसी ए कैटेगरी में एचसीएस बनी शिवानी पांचाल गांव भोडवाल



माजरी के एक साधारण व संयुक्त परिवार से ताल्लुक रखती है। शिवानी की मां सविता एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं जबकि पिता स्वर्गीय दिलबाग सिंह की 2005 में सड़क दुघर्टना में मौत हो चुकी है। शिवानी के चाचा नरेश पांचाल जो स्वयं पुलिस में एक अधिकारी हैं ने जानकारी देते हुए बताया कि शिवानी ने अपनी कक्षा 12 वीं तक की पढ़ाई समालखा के चंदन बाल विकास स्कूल से पूरी की तथा एनआईटी कुरूक्षेत्र से सिविल इंजीनियरिंग में बी टैक किया। उसके बाद शिवानी ने रेवाड़ी के बावल क्षेत्र में एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी भी की। उन्होंने बताया कि बेटी शिवानी ने नौकरी के साथ साथ सैल्फ स्टीडी भी जारी रखी वह रोजाना सुबह 5 बजे से देर रात 10-11 बजे तक पढ़ती थी। उसकी मेहनत का नतीजा है कि आज वह एचसीएस परीक्षा पास करके एसडीएम बन गयी है।

# प्रकाश उत्सव समागम में तरह-तरह के पकवान का लगा लंगर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** मीरी-पीरी के मालिक श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज के प्रकाश उत्सव समागम में श्री अखंठ पाठ साहिब की दूसरी लड़ी के मध्य भोग दौरान भारी गिनती में संगत श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के समक्ष नतमस्त हुई। गुरुद्वारा साहिब के पूर्व हैड ग्रंथी एवं कथावाचक भाई गुरदास सिंह ने सरबत के भले की गुरु चरणों में अरदास की। इस दौरान हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के चीफ सैकेटरी जसविंदर सिंह दीनपुर, एडिशनल सैकेटरी राजपाल सिंह दुनियामाजरा, सतपाल सिंह, उप सचिव रूपिंदर सिंह, अमरिंदर सिंह, गुरुद्वारा साहिब पातशाही पहली व दसवीं



कपाल मोचन बिलासपुर के मैनेजर हरकीरत सिंह व मैनेजर हरकीरत सिंह ने संगत का हरियाणा कमेटी की ओर से संगत का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में दूर दराज से आई संगत के लिए अलग-अलग पकवान का लंगर लगाया गया। इसी के साथ संत बाबा अमरीक सिंह पटियाला वालों की टीम ने संगत के लिए ठंडे पेय पदार्थ की सेवा की गई, जबकि संगत के लिए दही-भल्ले का स्टाल भी लगाया गया। संगत को गर्मी से राहत दिलाने के लिए ठंडे पानी एवं जलजीरे की छबील बुधवार को भी लगातार चलती रही। दूसरी ओर आज भी मॉडर्न पैथ लैब की ओर से मरीजों की जांच कर उन्हें दवाइंया दी गई।

**गुरु के दर पर**

**मध्य भोग दौरान भारी गिनती में संगत श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के समक्ष नतमस्तक हुई**

बताया गया है कि निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में प्रतिदिन ३५० से ४०० मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना ने आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में बताया कि २० से २२ जून तक लगातार दिवान सजाएंगें, जिनमें सिख पंथ के महान विद्वान संगत का मार्गदर्शन करेंगे।

# नीट पेपर लीक और धांधली के खिलाफ के खिलाफ आम आदमी पार्टी का प्रर्दशन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**आम आदमी पार्टी के** कार्यकताओं ने जिला अध्यक्ष राकेश चुघ एवम प्रदेश सह सचिव सुखबीर मलिक के नेतृत्व में नीट पेपर लीक व धांधली के खिलाफ प्रदर्शन किया और जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में निष्पक्ष जांच की मांग की। इस प्रदर्शन में आम आदमी पार्टी के सभी पदाधिकारी व सभी कार्यकताओं शामिल हुए। जिला अध्यक्ष राकेश चुघने कहा कि हाल ही में देश की सबसे प्रतिष्ठित मेडिकल परीक्षा नीट के रिजल्ट में हुई गड़बड़ी ने देश के लाखों बच्चों का भरोसा तोड़ दिया है। बीजेपी सरकार में देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा पर भी सवालिया निशान लग गए हैं। लाखों बच्चे और अभिभावक इसकी वजह से मानसिक तनाव में हैं। 1583 बच्चों को ग्रेस मार्क्स दिए गए और कई जगह से परीक्षा में गड़बड़ी की खबरें आने पर देश के लाखों बच्चों का भविष्य खतरे में है। 24 लाख बच्चों के साथ बहुत बड़ा धोखा हुआ है। उन्होंने कहा कि एमबीबीएस कोर्स में एडमिशन पाने के लिए 12वीं के बच्चे प्री-मेडिकल नीट एग्जाम देते हैं। नीट की परीक्षा देश के प्रतिष्ठित परीक्षाओं में गिना जाता है। इससे पहले कभी ऐसा नहीं सुना गया कि पैसे देकर पीएमटी एग्जाम में अच्छे नंबर ला सकते हैं। पिछले कुछ दिनों से लगातार गुजरात के गोधरा, बिहार के पटना और उत्तर प्रदेश से परीक्षा में बड़े घोटाले की खबर आ रही है। बिहार पुलिस ने भी माना है कि नीट के प्रश्न पत्र के लिए छात्रों से 30 से 50 लाख रुपए लिए गए। गुजरात के गोधरा में एग्जम सेंटर के डिप्टी सुपरीटेंडेंट खुद इस भ्रष्टाचार में शामिल थे। केंद्र सरकार सब कुछ जानती हुई भी भ्रष्टाचार को छिपाने की कोशिश कर रही है। इस पर सुखवीर मलिक ने कहा कि नीट के परिणाम 14 जून को आने थे, लेकिन इसे दस दिन पहले यानि 4 जून को ही जारी कर दिया गया। ताकि मीडिया चुनावी नतीजों में लगी रहे और भाजपा के पेपर लीक की चर्चा न हो। इसलिए एनटीए ने जानबूझकर 4 जून को नतीजे जारी किए। इस बात की भी जांच होनी चाहिए कि किन कारणों से 14 जून की जगह 4 जून को नीट के नतीजे जारी किए गए। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्रालय और उसके अधीन आने वाले एनटीए ने भाजपा शासित राज्यों में उसके नेताओं के साथ मिलकर देश के लाखों बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। इसलिए आम आदमी पार्टी मांग करती है कि सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में नीट परीक्षा में हुए घोटाले की जांच कराई जाए।




# निगम कार्यालय ने लगाई छबील, कर्मचारियों ने बुझाई राहगीरों की प्यास

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। नगर निगम की** ओर से कार्यालय परिसर के सामने शीतल पेय पदार्थ की बुधवार को छबील लगाई। नगर निगम के अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार की अध्यक्षता में निगम कर्मचारियों ने छबील लगाकर राहगीरों को ठंडा व मीठा जल पिलाया और नागरिकों की प्यास बुझाकर कडकती धूप से राहत देने का प्रयास किया। बता दें कि नगर निगम करनाल कार्यालय पिछले कुछ वर्षों से इस प्रकार का आयोजन करता आ रहा है। अतिरिक्त निगम आयुक्त ने बताया कि नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा के दिशा-निर्देश में छबील लगाने का आयोजन किया गया था। उन्होंने बताया कि पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी के प्रकोप ने आमजन को बेचैन कर रखा है। ऐसे में नगर निगम कर्मचारियों ने हजारों की संख्या में गुजरने वाले राहगीरों को सांय तक ठंडा व मीठा पानी पिलाने की सेवा की और नागरिकों को कडकती गर्मी व लू से राहत दिलाई। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त व अतिरिक्त निगम आयुक्त द्वारा मिट्टद्दी के बर्तनों में शीतल जल भरा गया, जिन्हें निगम कार्यालय के आस-पास व छत पर रखा गया, ताकि पशु-पक्षियों की प्यास भी बुझाई जा सके। अतिरिक्त निगम आयुक्त ने बताया कि छबील कार्यक्रम को जीरो वेस्ट थीम पर आयोजित किया गया। इसमें किसी भी प्रकार का प्लास्टिक या डिस्पोजल आईटम का प्रयोग नहीं किया गया।



## न्यूज फ्लैश

### संत निरंकारी मिशन की विभिन्न शाखाओं में किया जाएगा योग दिवस का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। संत निरंकारी मिशन** द्वारा अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को संपूर्ण भारतवर्ष में स्थापित संत निरंकारी मिशन की विभिन्न शाखाओं में प्रातः 6 बजे से स्थानीय योग प्रशिक्षकों के निर्देशन द्वारा निरंकारी भवन के प्रांगण में, खुले स्थानों एवं पार्को में योग दिवस का उत्साहपूर्वक आयोजन किया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा इस वर्ष अंतराष्ट्रीय योग दिवस का विषय महिला सशक्तिकरण के लिए योग दिया गया है जो निसंदेह आज के समय की मांग है। संत निरंकारी मिशन भी समय-समय पर महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित कर उन्हें सक्षम बनाने में प्रयासरत है, जिसमें मुख्यतः सिलाई एवं कढाई सेंटर, ब्यूटीशियन कोर्स, टयूशन सेंटर इत्यादि प्रमुख है। संत निरंकारी मिशन के करनाल जोनल इंचार्ज आदरणीय सतीश हंस जी ने जानकारी दी कि वर्ष 2015 से ही संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा, संत निरंकारी चैरिटेबल फाउन्डेशन द्वारा योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है। इसी श्रृंखला के अंतर्गत इस वर्ष भी अंतराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का विशाल रूप में आयोजन संपूर्ण भारतवर्ष के लगभग हर प्रांत के शहरों में उत्साहपूर्वक किया जाएगा। इसी कड़ी में रेलवे रोड स्थित निरंकारी भवन में 21 जून को सुबह 6 से 7 बजे तक योग दिवस का आयोजन किया जाएगा।

### बच्चों को पाठ्य सामग्री बांटकर मनाई निर्जला एकादशी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**



**महेंद्रगढ़। प्रयास** बालाजी संस्था द्वारा महराणा प्रताप चौक के पास संचालित पाठशाला में अनिल बागोतिया के मार्गदर्शन में बच्चों को जल जीरा, पाठ्य सामग्री, पेस्ट्री बांटकर निर्जला एकादशी बच्चों के साथ मनाई गई। शहर निवासी पूजा गोयल ने बेटे विहान के पांच माह का होने पर पर बच्चों के बीच अपनी खुशी मनाई। पूजा ने बताया कि हमारी संस्कृति में हर खुशी मिलकर मनाने की परंपरा है, इससे खुशी का महत्व कई गुण बढ़ जाता है। संस्था सहयोगी शिक्षक विकास भांडोर ने बताया कि हमारा मुख्य उद्देश्य सरकार की मुहिम सब पढ़ें सब बढ़े को आगे बढ़ाने का है। इस अवसर पर अमृत चोपड़ा, सुशीला बागोतिया, निकिता चोपड़ा, सौरभ शर्मा, प्रतीक आदि उपस्थित रहे।

### पंचायत समिति की साधारण बैठक स्थगित, चेयरमैन समेत सभी सदस्य भी रहे नदारद

**गन्नौर । पंचायत समिति** की साधारण बैठक स्थगित हो गई। बैठक में चेयरमैन सहित सभी 28 सदस्य भी नदारद रहे। जिस कारण बैठक नहीं हो पाई। चेयरमैन सोनू के पारिवारिक सदस्य के देहांत हो जाने की वजह से वह बैठक में नहीं पहुंच पाए। वहीं चेयरमैन के विरोध में चल रहे पंचायत समिति के सदस्यों ने भी बैठक से दूरी बनाए रखी। 28 में से अधिकतर सदस्य ई-रिक्शा खरीद के मामले में हुई गड़बड़ी व विकास कार्य न होने की वजह से चेयरमैन सोनू व वाइस चेयरमैन कृष्णा देवी के खिलाफ लामबंद हैं। वह लगातार ब्लाक समिति चेयरमैन को पद से हटाए जाने की मांग कर रहे हैं। वह दोनों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला कर उन्हें हटाने में जुगत में है। जिस वजह से उन्होंने बैठक से दूरी बनाए रखी। पंचायत समिति के सदस्यों ने बताया कि उन्होंने चेयरमैन व वाइस चेयरमैन के खिलाफ उपायुक्त को अविश्वास प्रस्ताव दिया हुआ है। इसके बाद भी बैठक की गई। उन्होंने बताया कि मंगलवार दोपहर चार बजे चेयरमैन उन्हें व्हाट्सएप ग्रुप पर मैसेज कर सूचना देते हैं कि उनके परिवार में किसी सदस्य का देहांत होने की वजह से वह बैठक में नहीं पहुंचेंगे, जिस वजह से यह बैठक नहीं हो पाएगी। चेयरमैन सोनू का विरोध कर रहे पंचायत समिति के सदस्यों को बीडीपीओ पूनम चंदा ने उन्हें कार्यालय में उपस्थित होने के लिए उनसे फोन पर भी संपर्क किया, ताकि वह अपनी शिकायत उन्हें लिखित में सौंपे, लेकिन फोन करने के बाद भी एक भी सदस्य बीडीपीओ कार्यालय में शिकायत देने नहीं पहुंचा।
-अगली बैठक का समय निर्धारित नहीं

# समस्याओं का समाधान होगा जरूरः डीसी वीरेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



**नागरिकों की** समस्याओं का समाधान धरातल पर हो रहा है। राज्य सरकार की नई पहल समाधान शिविर इस कड़ी का बड़ा हिस्सा बनता जा रहा है। प्रशासन इस कार्य में अहम कड़ी साबित हो रहा है। जरूरतमंद एक ही छत के नीचे लगाए जा रहे समाधान शिविर का लाभ लेकर अपने जीवन में परिवर्तन कर रहे है। जो समस्याएं उन्हें रात दिन अनिश्चिता में रखती थी आज उनका निदान निश्चित समय अवधि में हो रहा है। समस्या लेकर पहुंच रहे लोगों की समस्याओं का निदान तो होता ही है साथ ही साथ उन्हें हौंसला और संतोष भी मिलता है। समस्याओं के निदान को लेकर पहुंच रहे लोगों में विशेष हौंसला दिखाई पड़ता है इसका श्रेय शिकायत कर्ता सरकार व उपायुक्त को देते है। लोगों का मानना है कि प्रशासन उनकी समस्याओं पर संज्ञान लेकर उनको दूर करने का आश्वासन नहीं देता बल्कि उन पर कार्यवाही का अमली जामा पहनाता है। उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में आयोजित किये जा रहे इन समाधान शिविर में जिला प्रशासन द्वारा शिकायतों का मौके पर समाधान किया जा रहा है। समाधान शिविर में बुधवार को 208 समस्याएं विभिन्न शिकायतकताओं द्वारा प्राप्त हुई जिनमें बहुत सी समस्याओं का मौके पर निदान किया गया। उपायुक्त ने बताया कि वे समस्याओं का समाधान करने के लिए हमेशा तत्पर रहते है। शिकायतकर्ता उनसे एक कॉल की दूरी पर है। उन्होंने जिले के लोगों की सुविधा के लिए अपना निजी मोबाइल नम्बर भी साझा किया हुआ है। इस पर भी मिलने वाली समस्याओं का तत्काल समाधान करते है। लोगों का विश्वास ही उनकी ताकत है। वे इसे कभी भी नहीं तोड़ेंगे। शिविर में पहुंचे राज नगर के दिनेश शर्मा ने उपायुक्त के समक्ष गलियों में लगाई गई स्ट्रीट लाइट की दुर्दशा का बख्यान किया। उन्होंने बताया कि निगम के उच्च अधिकारियों को इस समस्या के सदंर्भ में कई बार अवगत कराया लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। अब उनका विश्वास उपायुक्त के आश्वासन पर टिका है।

# धोखाधड़ी से सामान उतरवाने के मामले में एक आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। धोखाधड़ी** से सामान उतरवाने और फर्जी चेक देने के मामले में थाना शहर पुलिस टीम ने एक आरोपित लालबीर वासी आकोदा को गिरफ्तार किया, पुलिस ने आरोपित को प्रोडक्शन वारंट पर लाकर गिरफ्तार किया। जिसे न्यायालय से पुलिस रिमांड पर लिया गया और आरोपित से मामले की पूछताछ की गई। आरोपित से पूछताछ कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। शिकायतकर्ता अमीलाल वासी रेलवे रोड ने थाना शहर में शिकायत दर्ज कराई कि उसकी दुकान रेलवे रोड पर स्थित है और वह बिल्डिंग मेटिरियल का काम करता है। उसने बताया कि उसका सामान पाली यूनिवर्सिटी में जाता था, जिसकी पेमेंट गाड़ी ड्राइवर के जरिये नकद पहुंचाते थे। बीती 23-09-2023 को चार-पांच अज्ञात व्यक्तियों ने धोखाधड़ी से उसका सामान गांव पाली मे मंगवाकर जबरदस्ती गाड़ी से अपनी गाड़ी में उतरवा लिया, जिन्होंने सामान पाली यूनिवर्सिटी में पहुंचाऐ जाने बारे बात सुनी हुई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि दोषियान ने सामान उतरवाकर एक फर्जी चेक गाड़ी ड्राइवर को दे दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# एडवोकेट मनोज ने केक काट कर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

**टीम एक्शन इंडिया**



**सोनीपतः आजादी के बाद सबसे** बड़ी पैदल यात्रा जो कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक चलकर भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से देश में मोहब्बत के पैगाम को घर घर पहुँचाने वाले,न्याय के योद्धा, निडर निर्भीक व्यक्तित्व के धनी देश कि उम्मीद, हम सब के नेता जननायक श्री राहुल गांधी जी का जन्मदिन खानपुर के सपना कुँज अनाथ आश्रम में 54 वा जन्मदिन अनाथ आश्रम के बच्चो के साथ केक काट कर मनायाएडवोकेट मनोज गोहाना ने कहा आज पूरा देश राहुल गांधी का जन्मदिन मना रहा हैं और देश में युवा पीढ़ी मै बहुत जोश देखने को मिल रहा है इस अवसर पर अरुण गोयल, परवीण कुमार,रोहित इंदौर, कृष्ण कुमार आदि मौजूद रहे।

# बूथ स्तर पर भाजपा मनाएगी विश्व योग दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत /कमाल हुसैन**



**आगामी 21 जून को** दसवां विश्व योग दिवस हरियाणा प्रदेश में बूथ स्तर पर भी मनाया जाएगो इस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने की जिला महामंत्री रोशन लाल ने बैठक का एजेंडा प्रस्तुत किया तथा जिला महामंत्री कृष्ण छोकर ने सभी का स्वागत कियो भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष बलविंदर आर्य ने सभी का धन्यवाद कियो भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि भारतीय शास्त्रों में जहां प्रकृति पूजा का संदेश दिया गया है वहीं पहला सुख निरोगी काया को ही माना गया है लेकिन बढ़ता प्रदूषण और विलासितापूर्ण जीवनशैली सुखी जीवन के मार्ग में सबसे बड़ी रुकावट है ऐसे दौर में मनुष्य प्रकृति के निकट जाकर योगाभ्यास करें तो सुखी जीवन व्यतीत कर सकता है इसलिए सभी आयु वर्ग के लोगों को प्रतिदिन योग करना चाहिऐ उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर आयुर्वेदिक औषधियों को प्राथमिकता देनी चाहिऐ

**30 जून से 6 जुलाई तक पौधरोपण अभियान**

जिला अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि इस बार पार्टी ने बूथ स्तर पर विश्व योग दिवस मनाने का निर्णय लिया है इसी प्रकार 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस भी बूथ स्तर पर मनाया जाएगो उन्होंने कहा कि आगामी 25 जून आपातकाल दिवस को काला दिवस के रूप में मनाया जाएगा और 30 जून से 6 जुलाई तक पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा जिसके तहत हर बूथ पर कम से कम 10 पौधे लगाए जाएंगे उन्होंने कहा कि मनुष्य प्रकृति के निकट रहकर ही अधिक प्रसन्न रह सकता है इसलिए हमें आगामी मानसून के दौरान अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए और वर्षा जल का संचय करने के प्रयास भी करने चाहिऐ घर का पानी घर में खेत का पानी खेत में और तालाब का पानी तालाब में रहे तो निश्चित रूप से भूमिगत जल स्तर को ऊपर उठाया जा सकता है।

# लूट करने वाले आरोपियों को हथियार सप्लाई करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



**सीआईए थ्री प्रभारी** इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि गत शुक्रवार को सुबह बलजीत नगर स्थित पंजाब नैशनल बैंक की मित्र शाखा में नकाबपोश बदमाशों द्वारा हथियार के बल पर लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था। सीआईए थ्री पुलिस टीम ने पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए वारदात का महज 48 घंटे के दौरान पदार्फाश कर गिरोह के सरगना समेत 6 आरोपियों को रविवार देर शाम सोनीपत के जुआ गांव से गिरफ्तार किया था। आरोपियों की पहचान प्रशांत 28 निवासी पुरखास, अजय 23 निवासी कारद हाल शेखपुरा, साहिल 21 निवासी पुगथला, प्रिंस 23 निवासी जुआ, मोहित 29 निवासी कुंडली सोनीपत व केशव 18 निवासी घूप सिंह नगर पानीपत के रूप में हुई थी। पूछताछ में आरोपी प्रशांत, केशव, साहिल व अजय ने वारदात में प्रयुक्त देसी पिस्तौल व 2 जिंदा रौंद करीब 2 महिने पहले भिवानी के लोहारू से गजानंद पुत्र मंगतराम निवासी लोहारू से 40 हजार रुपएं में खरीदकर लाने बारे स्वीकारा था। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त 1 देसी पिस्तौल, 1 जिंदा रौंद व लूटी गई 1 बाइक व 1 कार बरामद कर पुलिस टीम ने बैंक की मित्र शाखा से लूटी गई नगदी बरामद करने व असला सप्लायर को गिरफ्तार करने के लिए सभी आरोपियों को सोमवार को माननीय न्यायालय में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया था। इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि रिमांड के दौरान पुलिस टीम ने आरोपियों की निशानदेही पर असला सप्लायर आरोपी गजानंद को मंगलवार देर शाम भिवानी के लोहारू से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी गजानंद ने वारदात में प्रयुक्त एक देसी पिस्तौल व 2 जिंदा रौंद आरोपी प्रशांत, केशव, साहिल व अजय को 40 हजार रुपए में बेचने बारे स्वीकारा। पूछताछ के बाद पुलिस ने बुधवार को आरोपी गजानंद को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

**आरोपियों से वाहन लूट की 3 अन्य वारदातों का खुलासा हुआ था**

गिरफ्तार आरोपियों से लूट की उक्त वारदात के अतिरिक्त वाहन लूट की 3 अन्य वारदातों का खुलासा हुआ था।

आरोपियों ने 5 जून को सोनीपत के थाना गन्नौर क्षेत्र में एक युवक से गन पॉइंट पर एचएफ डिलक्स बाइक छीनी। वारदात बारे गन्नौर थाना में अभियोग दर्ज है। 6 जून को पानीपत थाना सदर क्षेत्र में आईओसीएल के कर्मचारी से गन पॉइंट पर एक होंडा कार छीनी, 16 जून को थाना चांदनी बाग क्षेत्र में गन पॉइंट पर एक युवक से प्लेटिना बाइक छीनी। पानीपत की उक्त दोनों वारदातों बारे संबंधित थाना में अभियोग दर्ज है।

# गांव की समस्याओं को दूर करना मेरी प्राथमिकताः महीपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



**कम समय में ही** आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का जिले में व्यापक प्रभाव दिखाई देने लग गया है। प्रचंड गर्मी के बावजूद भी लोग उमंग व उत्साह के साथ कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी समस्याओं का निदान करवा रहे है। पिछले पांच दिनों से लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान कर रहे विकास पंचायत एवं सहकारिता मंत्री महीपाल ढांडा ने ददलाना व रजापुर में लोगों को आश्वस्त करते हुए कहते है कि जो समस्याएं वे लेकर आए है। उनका समाधान करना मेरी प्राथमिकता है। दोनों गांव में विभिन्न विभागों से जुड़ी 120 के करीब समस्याएं प्राप्त हुई। मंत्री ने कहा कि आप निश्चिंत होकर घर जाएं आपकी समस्या का समाधान कराना अब मेरी व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। ग्रामीणों ने डिपों होल्डर की अनियमिताओं को मंत्री के समक्ष रखा जिस पर मंत्री ने डिपों रदद करने संबंधी आश्वासन ग्रामीणों को दिया। उन्होंने कहा कि गांव में मिली समस्याओं को वे ईमेल के जरिये, व्हाटस्प के जरिये व फोन के जरिये हल कराने का कार्य कर रहे है। इस कार्य में प्रशासन का लगातार पूरा सहयोग मिल रहा है। विकास पंचायत एवं सहकारिता मंत्री महीपाल ढांडा ने बुधवार को जिले के गांव ददलाना में लोगों की समस्याओं को सुना व अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे हर सूरत में इन समस्याओं का निदान करें। ददलाना गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किये गए इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से जुड़ी 40 समस्याएं प्राप्त हुई। जिनमें से ज्यादातर समस्याएं फैमली आईडी अलग कराने, खेतों के रस्ते पक्के कराने, मकानों की मरम्मत करवाने व पैंशन से जुड़े मामले सामने आए। जिनका उन्होंने अधिकारियों के सहयोग से समाधान किया।

ग्रामीणों ने विकास पंचायत एवं सहकारिता मंत्री के समक्ष गांव के खेतो में बिजली की सप्लाई रात्रि की बजाय दिन में उपलब्ध कराने से संबंधित समस्या रखी जिस पर संज्ञान लेते हुए उन्होंने बिजली विभाग के कार्यकारी अभियंता से फोन पर बात कर तुरंत इस समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। ग्रामीण महीपाल, राजेन्द्र, देवी सिंह ने नहरी रास्तों को पक्का कराने के लिए मंत्री को लिखित में अर्जी दी जिस पर संज्ञान लेते हुए मंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से बात की व इस समस्या का समाधान शीघ्रता से करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने एक अन्य समस्या को लेकर मंत्री को अवगत कराया कि गांव में सभी सीवर ओवरफलो होकर चल रहे है जिससे समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। इस पर विभाग के अधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए शीघ्रता से कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

# शहर थाना पानीपत में हर्बल गार्डन बनाने का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**




**देशबंधु गुप्ता** राजकीय महाविद्यालय पानीपत में इतिहास विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत ग्रीनमैन दलजीत कुमार ने बताया कि आज शहर थाना पानीपत में सहयोग संस्था के प्रधान गौरव लिखा और शहर थाना पानीपत के इंचार्ज इंस्पेक्टर राजबीर सिंह के बुलावे पर हर्बल गार्डन बनाने के लिए पौधोरोपन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे 4 प्रकार की तुलसी, बेहड़ा, काला बासा, दो प्रकार की इंसुलिन, ,आँवला, कड़ीपत्ता, ईमली, मल्टी स्पाइसी प्लांट, अजवायन, एलोवेरा, सतावर, मधुमालती , गिलोय, सहजन, इसबगोल, छोटी इलायची, बड़ी इलायची, सतावर, दालचीनी, तेजपत्ता,पपीता, सफेदआखा, स्नेकप्लांट्स, अपराजिता, छिपकली बेल, सुखशांति,टिकोमा सहित 95 हर्बल पौधे रोपित किए गए। सैकड़ो आयुर्वेदिक पौधे शहर थाना पानीपत के हर्बल गार्डन में रोपित किए जाएंगे।

# भगवान परशुराम चौक पर छबील व भंडारे का हुआ आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया**
**केवल पार्क स्थित** भगवान परशुराम चौक पर निर्जला एकादशी पर मीठे पानी की छबील व भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली प्रदेश ब्राह्मण सभा आदर्श नगर क्षेत्र ने किया। इस मौके पर मुख्य संरक्षक पवन शर्मा विधायक, नवीन त्यागी सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन के अलावा पूर्व विधायक जय प्रकाश यादव, प्रधान अरविन्द शर्मा, महासचिव हरीश भारद्वाज, उमेश शर्मा कोषाध्यक्ष, सुरेन्द्र त्यागी संरक्षक, चन्द्रशेखर शर्मा, एक्शन इंडिया के समूह संपादक रवि भारद्वाज, निगम पार्षद नेहा प्रदीप अग्रवाल, किरण शर्मा, युवा ब्राह्मण सभा का अध्यक्ष वरूण त्यागी, सुनील अवस्थी, देशराज गुप्ता, राहुल त्यागी, गौरव शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी ने बताया कि आज केवल पार्क स्थित भगवान परशुराम चौक पर मीठे पानी का वितरण व भंडारे का आयोजन किया गया। इस प्रकार के आयोजन सभी को करने चाहिए। क्योंकि सेवा से बड़ा कोई कार्य नहीं होता है। नवीन त्यागी ने कहा कि कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का मैं तहेदिल से धन्यवाद करता हूं।

## राहुल गांधी को कांग्रेस नेता बालेराम ने दी जन्मदिन की बधाई



**टीम एक्शन इंडिया**
**राहुल गांधी** का जन्मदिन आज पूरे देश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जहां एक और कुछ कार्यकर्ताओं ने फल का वितरण किया, तो वहीं कई कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण कर अपने नेता का जन्मदिन मनाया और राहुल गांधी की लम्बी उम्र की कामना की। इस अवसर दिल्ली स्थित राष्ट्रीय कार्यालय पर भी राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया गया। जहां पर राहुल गांधी के अलावा कई कांग्रेस के दिग्गज नेता मौजूद रहे और राहुल गांधी को जन्मदिन की बधाई दी।इस दौरान राहुल गांधी ने कांग्रेस के कई कार्यकर्ताओं को संविधान की पुस्तक भेंट की। इस दौरान राहुल गांधी ने शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस नेता बालेराम को भी संविधान की पुस्तक भेंट की। इस अवसर पर बालेराम ने राहुल गांधी को जन्मदिन की बधाई दी और दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव का भी आभार प्रकट किया।

## 'दिल्ली सरकार तत्काल अपने अस्पतालों में हीट स्ट्रोक यूनिट बनाए'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: नेशनल चाइल्ड** एंड वूमेन डेवलपमेंट चेरिटेबल ट्रस्ट दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने सरकार से तत्काल अपने अधीनस्थ सभी अस्पतालों में 'हीट स्ट्रोक यूनिट ' स्थापित करने का आग्रह किया है। साल दिल्ली में गर्मी ने सारे रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं। फिर भी लाखों लोगों को अपने काम पर जाना पड़ता है। तपन इतनी अधिक है कि लोगों को हीट स्ट्रोक हो रहे हैं। शैल्टर न होने से यात्रियों को धूप में खड़े होकर बसों का इंतजार करने के कारण भी हीट स्ट्रोक हो रहे हैं।

## 'पानी की समस्या का समाधान निकाले दिल्ली सरकार'





**टीम एक्शन इंडिया**
**राजधानी दिल्ली में पानी** की समस्या दिन-प्रतिदिन काफी ज्यादा विकराल रूप लेती जा रही है। पानी न आने की वजह से निम्न तबके को मजबूरी में हैंडपम्प का पानी पीना पड़ रहा है। इसी समस्या को लेकर आज वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली वजीरपुर की झुग्गियों में पानी की किल्लत को लेकर विरोध किया गया। इस दौरान महिला मोर्चा ने मटका फोड़ व घर-घर में पर्चे बाँट कर आक्रोश प्रकट किया। इस मौके पर वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल, जिला अध्यक्ष विरेन्द्र गोयल, निगम पार्षद योगेश वर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष चंचल जैन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल ने कहा कि तपती गर्मी में लोगों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। दिल्ली सरकार को पानी की समस्या का समाधान निकलना चाहिए। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखें।

# अखिल ब्राह्मण सभा शालीमार बाग ने किया सम्मान समारोह का आयोजन







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: अखिल ब्राह्मण** सभा शालीमार बाग ने प्रमुख सहयोगियों एवं कार्यकारिणी का सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर चेयरमैन पंडित गोविंद शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अखिल ब्राह्मण सभा शालीमार बाग द्वारा प्रमुख सहयोगियों और कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों तथा कार्यकारणी सदस्यों का एवं तन-मन-धन से सेवा करने वाले सभी सहयोगियों का सम्मान किया गया। अखिल ब्राह्मण सभा को तन-मन-धन से सहयोग देने के लिए सभा हमेशा ही उनको आदर और सम्मान देती रही है। इसी श्रृंखला में इस वर्ष भी हमारे मुख्य संरक्षक एवं मुख्य सहयोगी अश्वनी शर्मा के साथ-साथ अन्य सभी सहयोगियों का सम्मान किया गया। इसमें मुख्य रूप से मुख्य संरक्षक अश्वनी शर्मा, श्री मरघट वाले बालाजी के महंत वरुण शर्मा जी, समाज सेवी संजीव शर्मा, चेयरमैन पंडित गोविंद शर्मा, अध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा, मुख्य सलाहकार डॉ हरिनारायण शास्त्री, महासचिव ऋषिकांत दीक्षित, कोषाध्यक्ष तारा दत्त शर्मा, सह कोषाध्यक्ष मुकेश शर्मा, सचिव राम मेहर शर्मा, भगवान दास उपाध्याय सलाहकार, संरक्षक सत्यवान गौड, संरक्षक परविंदर शारदा, उपाध्यक्ष यज्ञदत शर्मा, आर.पी कौशिक अश्वनी शर्मा, ऋषि राम शर्मा, नरेश शर्मा, तुषार शर्मा, सुधीर शर्मा, राजेश शास्त्री, पं. सतीश शर्मा, अनुज कौशिक, सतीश वत्स, समाजसेवी मोहनलाल शर्मा, सुंदर शर्मा, गोपाल लाटा, अशोक भारद्वाज, मोहन जी,राजू भारद्वाज महिला शक्ति में सीमा शर्मा, नेहा भारद्वाज और वंदना शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## दिल्ली भाजपा ने किया श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** हाल में ही में दिल्ली में सम्पन्न लोकसभा चुनाव में भाजपा को सभी 7 सीटें मिलने पर श्री श्याम कृपा मंडल, दिल्ली ने आर्य ओडिटोरियम, नई दिल्ली में धन्यवाद दिल्ली के उद्देश्य से श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। श्रद्धेय श्री रासरज महाराज जी की मधुर वाणी में हुए श्री सुंदरकांड ने एकत्र भक्तों का मनमोह लिया। यह श्री सुंदरकांड पाठ सांसद प्रवीण खंडेलवाल एवं बाँसुरी स्वराज के सानिध्य एवं मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर के संयोजन में आयोजित हुआ। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, संगठन महामंत्री पवन राणा, केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, सासंद मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी, योगेंद्र चंदोलिया, प्रवीण खंडेलवाल, बाँसुरी स्वराज और विधायक अजय महावर श्री सुंदरकांड पाठ में सम्मलित हुए और आनंद लिया। पार्षद योगिता सिंह एवं राजपाल सिंह, स्थानीय भाजपा नेता हरीश खुराना, वीरेन्द्र बब्बर, अजय भारद्वाज, अशोक भारद्वाज, के.सी. तनेजा, नरेश चौधरी आदि भी उपस्थित रहे। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने लोकसभा चुनाव में विजय देने के लिए दिल्ली वालों का धन्यवाद दिया और कहा भाजपा का हर कार्यकर्ता आपके सुख दुख का साथी है और रहेगा।

## जहांगीरपुरी के आई ब्लॉक मे छबील का हुआ आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के** जहांगीरपुरी इलाके में प्रभु कृपा से छबील का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रदीप गोयल और उनके साथीगण के द्वारा किया गया। इस मौके पर अशोक कुमार, त्रिवेणी यादव, चंदू सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रदीप गोयल ने कहा कि आज जहांगीरपुरी इलाके के आई ब्लॉक स्थित 900 वाली गली के बाहर मीठे पानी का वितरण किया गया। इसमें बहुताय की संख्या में लोगों में मीठे पानी का वितरण किया गया। इस मौके पर अशोक कुमार और त्रिवेणी यादव ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम सभी को आयोजित करने चाहिए। क्योंकि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है।

## नरेलाः पाना मामुरपूर में जाटों वाली चौपाल में धूमधाम से मनाई गई निर्जला एकादशी





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: बाहरी उत्तरी** दिल्ली के नरेला में मंगलवार को निर्जला एकादशी का पर्व धार्मिक श्रद्धा व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न मंदिरों में पूजा पाठ के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। वही लोगों ने अपने सामर्थ्य अनुसार दान पुण्य किए। पंडितों के अनुसार निर्जला एकादशी पर व्रत एवं दान पुण्य से दीघार्यु एवं मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस दिन के महात्मय को देखते हुए लोगों ने जगह-जगह भंडारे व मीठे ठंडे पानी की छबील लगाकर लोगों को ठंडा मीठा पानी पिलाया और भंडारे का प्रसाद वितरण किया। इसी कड़ी में नरेला के पाना मामुरपूर स्थित जाटों वाली चौपाल में युवा समाजसेवी मोंटी भारद्वाज ने शीतल पेय की छबील लगाई। जिसमें दर्जन भर सेवादारों ने दिनभर सड़क से गुजरने वाले राहगीरों वाहन चालकों को रोक-रोककर ठंडा शीतल पेय पिलाया। छबील को दोपहर से प्रारंभ कर सायं तक लगाया गया। जिसमें दिन भर सैकड़ो लोगों की प्यास बुझाई गई। चिलचिलाती गर्मी में राहगीर छबील पर शीतल पेय पीकर गर्मी से राहत महसूस कर रहे थे और युवाओं के पुण्य कार्य की सराहना भी कर रहे थे। इस मौके पर मोंटी भारद्वाज, सोनू खत्री, मोनू खत्री, सुनील पहलवान, बबलू ,साहिल, गौतम वर्मा, शिवम, यश, चिकू सहित कई सेवादार मौजूद रहे।

## एकादशी पर भाजपा नेता धर्मवीर यादव ने बांटा मीठा पानी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: भाजपा नेता** धर्मवीर यादव ने एकादशी के दिन मीठे पानी का वितरण किया गया। इस मौके पर धर्मवीर यादव ने कहा कि आज निर्जला एकादशी के दिन मीठे पानी का वितरण किया गया। सभी को मीठे पानी का वितरण करना चाहिए। मीठे पानी का वितरण करना एक पुण्य का कार्य है। इसलिए सभी अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करें। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# हरियाणा में ना नहरों में पानी है ना पीने का पानी है भाजपा सरकार तेरी यही कहानी है: बजरंग गर्ग

बैठक

सरकार की तरफ से अग्रोहा में कोई मूलभूत सुविधा तक नहीं है- बजरंग गर्ग

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की एक आवश्यक बैठक अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में अग्रोहा के विकास, बिजली व पानी की समस्या पर विचार किया गया। वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि हरियाणा में बिजली है



ना पानी है भाजपा सरकार तेरी यही कहानी है। अग्रोहा नहरों में पानी आना तो दूर की बात पीने का पानी तक नहीं है। पीने का पानी टैंकर व कैंपर में खुले आम बिक रहा है। सरकार की तरफ से अग्रोहा की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अग्रोहा में ना तो बस अड्डा चालू है ना ही रेलवे लाइन है। यहां तक की बरसाती नाले सभी बन्द पड़े है और टूटे पड़े है। सड़के खड्डों में बदल चुकी है। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धर्म नगरी है। महाराजा अग्रसेन जी की राजधानी है। अग्रोहा में हर रोज हजारों परिवार अग्रोहा धाम में दर्शन के लिए आते हैं और हर रोज हजारों मरीज अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में इलाज करने के लिए आते हैं। सरकार को अग्रोहा के विकास की तरफ विशेष ध्यान देना चाहिए। अग्रोहा में जो भारी बिजली व पानी की किल्लत है सरकार को उसे तुरंत प्रभाव से दूर करनी चाहिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम में 22 जून को पूर्णिमा के पावन पर्व पर भव्य भजन समारोह, छप्पन भोग व भंडारे का कार्यक्रम रहेगा। जिसमें अनेकों भजन गायक देवी-देवताओं के गुणगान करेंगे। श्री गर्ग ने कहा कि जनता के सहयोग से अग्रोहा धाम में करोड़ों रुपए की लागत से निर्माण कार्य व सुंदरीकरण का काम रात-दिन चल रहा है। इस अवसर पर प्रदीप बंसल दिल्ली, नरेश बंसल नागौर, जगदीश प्रसाद मथुरा, संतोष अग्रवाल अयोध्या, अशोक गुप्ता पंजाब, राष्ट्रीय महासचिव चूड़ियां राम गोयल, राष्ट्रीय युवा संयोजक अनंत अग्रवाल, निर्माण समिति संयोजक ऋषि राज गर्ग, कोषाध्यक्ष पवन गर्ग आदि प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव रखें।

# राहुल गांधी के जन्मदिवस के उपलक्ष में कांग्रेस भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन

रक्तदान शिविर

कांग्रेस भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। युवाओं ने बढ़चढकर हिस्सा लिया।

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**

राहुल गांधी के जन्मदिवस के उपलक्ष में हरियाणा यूथ कांग्रेस डॉ. सेल के अध्यक्ष डॉ. हर्ष कुमार घीगड़ा की अध्यक्षता में अम्बेडकर चौक कांग्रेस भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में युवाओं ने बढ़चढकर हिस्सा लिया। साथ ही केक काटकर राहुल गांधी को सभी ने लंबी उमर का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर लवनीश हुड्डा जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस रोहतक ग्रामीण



ने कहा कि जननायक राहुल गांधी के जन्मदिवस पर लगभग 50 यूनिट रक्तदान किया गया है। उन्होंने कहा कि हम जो रक्तदान करते है वह किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाता है साथ ही उन्होंने कहा कि लोगों का कांग्रेस की कल्याणकारी नीतियों में बहुत विश्वास है तभी आज युवाओं ने राहुल गांधी के जन्मदिवस पर रक्तदान करने के लिए बढ़चढ़ कर पहल की है। इस अवसर पर विकास परमार जिला अध्यक्ष शहरी, मंहत रामानुजदास, रघबीर सैनी, सादखान, साहिल दलाल, प्रंशात बटेजा, सन्नी बुद्धिराजा, सागर, दीपक हुड्डा, हिमांशु शर्मा, नवीन बल्हारा आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### हरियाणा लोक कलाकार संगठन ने अपनी मांगों को लेकर ढ़ोल नगाड़ों के साथ शान्तिप्रिय प्रदर्शन किया




**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**

हरियाणा लोक कलाकार संगठन के द्वारा अम्बेडकर चौक से लेकर लघु सचिवालय तक प्रदेशभर के लोककलाकारों द्वारा अपनी मांगों को लेकर शान्तिप्रिय प्रदर्शन ढ़ोल नगाड़ों के साथ किया गया। इस अवसर पर संगठन के अपना ज्ञापन उपायुक्त रोहतक को दिया। संगठन के प्रधान प्रदीप बहमनी ने बताया कि हरियाणा प्रदेश की लोक कलाकारों की स्थिति दिन प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। बुजुर्ग लोक कलाकर अपनी विद्याओं को युवाओं को देने से कतरा रहे है एवं युवा रोजगार के अवसर न होने के कारण इन विद्याओं को अपना नहीं रहे है। संगठन के मुख्य सलाहकार राकेश चावरिया ने लोककलाओं को शिक्षा में विषय के रूप में जोड? का अह्वान किया है। उन्होंने बताया कि शिक्षा में लोककला विषय के रूप में आने से युवा इससे ज्यादा से ज्यादा जुड़ेगें। संगठन के मुख्य सचिव नरेश कुण्डू ने कहा कि हरियाणा कला परिषद से अधिकतर कार्य कलाकारों को मिलता है। उन्हें कार्य मुख्य कार्यालय से न मिलकर उनके मण्डल से ही मिलना चाहिए ताकि किसी भी प्रकार की दस्तेवाजीकरण की समस्या आने पर कलाकार अपने ही नजदीकी मण्डल से सम्पर्क कर सकें। संगठन के साग विद्या के 72 वर्षीय प्रधान मेनपाल ने बताया कि सरकार ने बुजुर्ग लोक कलाकारों की जो पेंशन घोषिणा की थी उसे तुरंत लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि साग विद्या की मेहनताना 15000 रुपए दल की बढ़ाकर 50000 प्रति दल किया जाना चाहिए। संगठन के प्रतिनिधि मण्डल ने मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार से सीधे तौर पर बातचीत करने का आह्वान किया है।

इस अवसर पर सभी कलाकारों ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि गीता जंयती का मेहनताना जो अभी तक उन्हें नहीं मिला है उसे जल्द से जल्द दिलवाया जाए। साथ ही उन्होंने बताया कि सांस्कृतिक विभागों द्वारा जो भी कार्यक्रम करवाए जाते है उनका मेहनताना मिलने में 6 से 8 महीने लग जाते है जिससे कलाकारों को बहुत सी समस्यओं का सामना करना पड़ता है। अतः इस मेहनताने को 6 से 8 महीने की बजाय 10 दिन में निर्धारित किया जाए। इस अवसर पर संगठन के सभी पदाधिकारी व प्रदेशभर से आये हुए लोककलाकार उपस्थित रहे।

### परीक्षा आयोग बीमार है

**टीम एक्शन इंडिया/नवेन्दु उन्मेष**

मैं एक परीक्षा आयोग के कार्यालय के सामने से गुजर रहा था तो मेरी नजर उसके प्रवेश द्वार पर टंगी एक बैनर पर पड़ी जिसमें लिखा था परीक्षा आयोग बीमार है। मेंने देखा कि मुख्यद्वार पर कुछ युवा धरना-प्रदर्शन भी कर रहे हैं। पूछने पर उन परीक्षार्थी युवाओं ने बताया कि अंकल देश में जितने भी परीक्षा आयोग हैं सब बीमार हैं। इनकी बीमारी का इलाज दुनिया के किसी डाक्टर के पास नहीं है। इसकी बीमारी एड्स और कैंसर से भी भयंकर है। मेरी जिज्ञासा बढ़ी तो पूछा आखिर इन परीक्षा आयोग को कौन सी बीमारी हो गयी है जिसका इलाज संभव नहीं है। इस पर एक युवा ने बताया कि हमलोग दिनरात मेहनत करके और परीक्षा के लिए किसी तरह फीसभर कर परीक्षा देने आते हैं और परीक्षा भी देते हैं लेकिन बाद में पता चलता है प्रश्नपत्र लीक हो गये हैं। अब आप ही बतायें कि इस बीमारी का इलाज क्या है। एक परीक्षार्थी परीक्षा दे और प्रश्नपत्र लीक हो जाने के बाद आयोग के अधिकारियों के पास पुनः परीक्षा कराने को लेकर गुहार लगाये या कोर्ट में याचिका दायर करे।वहां खड़े एक अन्य युवा ने तो यह भी कहा कि आयोग में चहेतों को ग्रेस मार्क देकर भी पास किया जाता है।

# बिजली कटौती से दुखी किसानों ने लगाया जाम

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**

पाई गांव के किसानों व ग्रामीणों ने बिजली आपूर्ति ने होने पर बुधबार को पूंडरी-राजौंद मार्ग पर जाम लगा दिया। किसानों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और भाजपा सरकार को किसानों का दुश्मन बताया।

बिजली आपूर्ति न होने से धान के लिए खेतों में सिंचाई नहीं हो पा रही है। पाई गांव के तमाम किसान और ग्रामीण राजौंद-पूंडरी मार्ग पर सुबह सडक के बीचों बीच बैठ गए। किसान वीरेन्द्र पाई, राजेश, करतारा पाई आदि का कहना है कि बिजली विभाग खेतों की सप्लाई होने वाली बिजली में लगाताकर कटौती कर रहा है।

# इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट ने निर्जला एकादशी पर छबील लगाकर किया सेवा कार्य

छबील

- इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट ने साईं मंदिर में छबील लगाकर लोगों को वितरित किया शरबत व प्रसाद

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार :**

सामाजिक व शैक्षणिक सरोकारों से जुड़े इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट ने निर्जला एकादशी पर छबील लगाकर सेवा कार्य किया। सिरसा बाईपास चुंगी पर स्थित साईं मंदिर में इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट से जुड़े स्वयंसेवकों ने छबील लगाई और आवागमन करने वाले लोगों को शरबत व प्रसाद उपलब्ध करवाया। इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट



के अध्यक्ष रजत गुप्ता ने बताया कि साईं मंदिर में ट्रस्ट द्वारा समय-समय विभिन्न आयोजन किए जाते हैं। विभिन्न अवसरों पर यहां पर भंडारा, जल सेवा व प्रसाद वितरण सेवा की जाती है।

रजत गुप्ता ने बताया कि इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट विद्यार्थियों को निशुल्क शिक्षा उपलब्ध करवाने, रोजगार मुहैया करवाने एवं जनहित के कार्यों के प्रति समर्पित है। इसी कड़ी में अब यह ट्रस्ट पर्यावरण की अलख जगाते हुए पौधारोपण करने एवं पौधों की देखभाल करने संबंधी अभियान भी चला रहा है। इस अभियान के तहत 101 जरूरतमंद छात्राओं को हिसार के बस स्टैंड के पास स्थित इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट की कक्षाओं में निशुल्क पढ़ाया जाएगा।

इन छात्राओं को टैली, जीएसटी, ऑफिस कंप्यूटर, पर्सनेलिटी डेवलपमेंट, इंग्लिश स्पीकिंग एवं एक वर्ष की स्किल ट्रेनिंग फ्री करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के अंतर्गत निशुल्क शिक्षा ग्रहण करने वाली 101 छात्राएं अपने गांव, नगर, कॉलोनी या आसपास के क्षेत्र में 10-10 पौधे लगाएंगी और उनकी देखभाल में भी योगदान देंगी।

रजत गुप्ता ने बताया कि इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा अनेक सेवा के प्रकल्प संचालित किए जा रहे हैं। विभिन्न उद्योगों व संस्थानों में रोजगार दिलवाने में भी ट्रस्ट महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। उन्होंने बताया कि आर्थिक रूप से अशक्त दिव्यांग बंधुओं के लिए सुविधाएं जुटाना, पुस्तकालय, स्वास्थ्य केंद्र व बेघर और वृद्ध लोगों के लिए निशुल्क आश्रय स्थल स्थापित करना एवं निर्धन लोगों को भोजन, वस्त्र व स्वास्थ्य सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध करवाना ट्रस्ट के उद्देश्यों में शामिल है।

# उद्घाटन के नाम पर मजाक बना हिसार एयरपोर्ट: लोकेश महाजन

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा 20 जून को हिसार एयरपोर्ट का उद्घाटन करने की खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस पार्टी के युवा नेता लोकेश महाजन ने कहा कि भाजपा इस एयरपोर्ट का न जाने कितनी बार उद्घाटन करेगी। उन्होंने कहा इस एयरपोर्ट के नाम पर भाजपा कई वर्षों से जनता को बरगला रही है। अब अक्टूबर में होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर एक बार फिर जनता को भ्रमित करने के लिए मुख्यमंत्री का नाम लेकर फिर से वही चाल



चली जा रही है।

युवा नेता लोकेश महाजन ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर, पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता पहले भी एयरपोर्ट का उद्घाटन समारोह का हिस्सा रह चुके हैं। अब एक बार फिर 20 जून को उद्घाटन करके बड़े-बड़े दावे व वायदे किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मनोहरलाल खट्टर व डॉ. कमल गुप्ता कितने महीनों से हवाई उड़ानें जल्द शुरू होने का दावा करते आ रहे हैं लेकिन परिणाम ढाक के तीन पात है। वैसे भी बिना कोई हवाई यात्रा शुरू हुए उद्घाटन करना राजनीतिक ड्रामे के अलावा कुछ नहीं है।

**फोटो संलग्र**

लोकेश महाजन।

# यमुनानगर :किरण चौधरी के पार्टी छोड़ने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा :वरूण

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**

अंबाला के सांसद वरुण चौधरी ने कहा कि यह दुर्भाग्य की बात है कि प्रदेश की भाजपा सरकार के शासन में कर्ज तो बढ़ा है परंतु गरीबों का भला नहीं हुआ है। भाजपा ने केवल जुमलेबाजी की है, धरातल पर कोई काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक समुंद्र है, किसी के पार्टी छोड़कर जाने से कोई फर्क नहीं पड़ता।

अंबाला से नवनिर्वाचित सांसद वरुण चौधरी अपनी लोकसभा चुनाव में जीत के बाद कार्यकर्ता धन्यवाद सम्मेलन में बुधवार को जगाधरी के रामलीला भवन में पहुंचे।

# विभिन्न कार्यक्रमों में जनसेवक अशोक मंगालीवाला का किया भव्य स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार :**

वरिष्ठ कांग्रेस नेता व जनसेवक अशोक मंगालीवाला ने हिसार के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों व चाय कार्यक्रमों में शिरकत करके जनहित के कार्य करने का संदेश दिया। विभिन्न कार्यक्रमों में लोगों ने फूल मालाएं पहनाकर मंगालीवाला का भव्य स्वागत किया।

हिसार के सेक्टर-13, शिव कॉलोनी, सूर्य नगर, तारा नगर, लाजपत नगर व घोड़ा फार्म रोड सहित विभिन्न स्थलों पर आयोजित किए गए कार्यक्रमों, बैठकों व जनसभाओं के दौरान उमड़ी भीड़ को देखकर अशोक मंगालीवाला ने कहा कि जनता से मिल रहे अपार स्नेह व समर्थन ने अभिभूत कर दिया है। उन्होंने कहा कि हिसार मेरी जन्मभूमि है और अब अपने गुरु गुरवानंद जी के आदेशानुसार इस जन्मभूमि को अपनी कर्मभूमि बना लिया है। अब हिसार के विकास के लिए जी-जान से काम करना ही प्राथमिक लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि जन्मभूमि होने के कारण समस्त हिसार मेरा परिवार है और यहां रहने वाले सभी लोग परिवार के सदस्य हैं। इसलिए मेरे लिए कोई पराया नहीं है सभी अपने हैं। मंगालीवाला ने कहा कि हिसार के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि जनता कई मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है। कहीं पीने का पर्याप्त पानी नहीं मिलता तो कहीं बिजली कट से लोग परेशान हैं। इसी भांति गंदे पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा कि जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना सरकार व प्रशासन का काम है। इसलिए सरकार व प्रशासन का दायित्व है कि ये सुविधाएं उपलब्ध करवाकर जनता को राहत प्रदान करे। मंगालीवाला ने कहा कि कई कॉलोनियों व नगरों की गलियां व सडकें भी टूटी पड़ी है और समुचित सफाई व्यवस्था भी नहीं है। अशोक मंगालीवाला ने कहा कि जनता के हितों के लिए अब भी अपने स्तर पर कई सेवा प्रकल्प संचालित किए जा रहे हैं। जनता का इसी तरह साथ मिला तो सेवा कार्यों का और अधिक विस्तार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार व महिला सशक्तीकरण के लिए उनके पास काफी सशक्त योजनाएं हैं।

# गायकों ने स्वामी शैलेंद्र सरस्वती के जन्मदिवस पर बांधा समां

जन्मदिवस

- गीत-संगीत के साथ संत ओशो के छोटे भाई स्वामी शैलेंद्र सरस्वती का जन्मदिवस बना यादगार

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार, 19 जून (महेंद्र गोयल) :**

प्रसिद्ध संत ओशो के छोटे भाई स्वामी शैलेंद्र सरस्वती जी का 69वां जन्मदिन दीपालपुर में स्थित श्री रजनीश ध्यान मंदिर में धूमधाम से मनाया गया। जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम व शिव साधना शिविर में हिसार से काफी संख्या में साधकों ने हिस्सा लिया। हिसार के ओशो ध्यान उपवन से मां सांची व कई साधकों ने दीपालपुर पहुंचकर



स्वामी शैलेंद्र सरस्वती जी को जन्मदिवस की बधाई देते हुए उनका सत्कार किया।

इस अवसर पर संगीत का रंगारंग कार्यक्रम दिल्ली के डॉक्टर सुनीत सेखरी और उनकी संगीत मंडली ने प्रस्तुत किया। मुंबई के प्रसिद्ध गायक गगन विशेष मेहमान कलाकार के रूप में उपस्थित रहे। नरेश चंदवानी ने समारोह की सुंदर वीडियोग्राफी की। इस कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि ओशो के द्वारा फिल्मी गीत का उद्धरण जिस प्रवचन में किया गया है, गीत के साथ उस प्रवचन अंश को भी सुनाया गया। इस प्रकार संगीत से मनोरंजन हुआ और फिर सब शांत ध्यान में डूबकर मनोभंजन की अवस्था में पहुंचे। हरियाणा, दिल्ली और मुंबई से आए सभी साधक व संगीतकार ओशो के प्रवचन सुनकर अभिभूत हो गए। प्रवचन के दौरान लोगों से भरे खचाखच भवन में पिन ड्रॉप साइलेंस की स्थिति भावविभोर करने वाली रही। कार्यक्रम के दौरान स्वामी शैलेंद्र सरस्वती जी ने ना हो वश में तेरे कुछ भी माना, तेरा धरम है अपना करम निभाना, तेरे पीछे जग वाले, सब सोचें मतवाले, आया था इस दुनिया में कोई मस्ताना गीत गाकर सभी को भावविभोर कर दिया। इसके साथ ही दीपालपुर के श्री रजनीश ध्यान मंदिर में शिव साधना शिविर का चौथा चरण शुरू हुआ, जिसमें भगवान शिव के सुप्रसिद्ध ग्रंथ ह्यशिव सूत्रह्ण के प्रवचन सुनाए जा रहे हैं तथा ह्यविज्ञान भैरव तंत्रह्ण नामक शास्त्र में संकलित देवी पार्वती को दी गई 112 विधियों पर आधारित ध्यान प्रयोग कराए जा रहे हैं।

# श्री तिरुपति धाम में 21 जून को होने वाले ज्येष्ठाभिषेक उत्सव की तैयारियां जारी

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार:**

आध्यात्मिक व सामाजिक सरोकारों से जुड़े श्री तिरुपति बालाजी धाम में 21 जून को होने वाले ज्येष्ठाभिषेक उत्सव की तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। उत्सव के लिए पूरे तिरुपति धाम को स्वच्छ करके सजाया जा रहा है। श्रवण नक्षत्र पर पूरे-विधान व मंत्रोच्चारण के साथ दूध, दही, घी, शहद व गंगाजल आदि से 81 कलशों से भगवान श्री तिरुपति बालाजी का महाभिषेक किया जाएगा। इस आलौकिक महाभिषेक के दर्शनों के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु श्री तिरुपति बालाजी धाम पहुंचेंगे।

81 कलशों के लिए यजमान बनाए गए हैं। ये सभी यजमान महाभिषेक में विशेष भूमिका




निभाएंगे। सभी पुरुष यजमान धोती-कुर्ता व माताएं साड़ी धारण करके महाभिषेक के दौरान पूजा में हिस्सा लेंगी। महाभिषेक के उपरांत सभी श्रद्धालुओं में सात्विक गोष्ठी प्रसाद वितरित किया जाएगा। महाभिषेक प्रातः 10 बजे शुरू होगा और दोपहर एक बजे भक्तों में भोजन प्रसादी का वितरण किया जाएगा। सायंकाल भगवान की सवारी शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु तिरुपति धाम में पहुंचकर भगवान तिरुपति बालाजी की आराधना करेंगे।

देखा जाए तो श्रवण नक्षत्र में भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना का विधान है। श्री तिरुपति बालाजी भगवान विष्णु का ही रूप हैं, इसलिए श्री तिरुपति भगवान का महाभिषेक करके अर्चक व भक्तजन अपने इष्ट की आराधना करते हैं।

अग्रोहा रोड पर टोल प्लाजा के पास स्थापित श्री तिरुपति धाम में दक्षिण भारत से लाए गए ग्रेनाइट पत्थर से भगवान तिरुपति का मंदिर निर्मित किया गया है। इसके एक तरफ माता पदमावती व दूसरी तरफ माता गोदांबा का मंदिर विद्यमान है। ज्येष्ठाभिषेक उत्सव में पधारने वाले श्रद्धालुओं को धाम में श्री गरुड़ जी, श्री लक्ष्मी नृसिंह जी, श्री सुदर्शन जी, श्री रामानुज स्वामी जी, श्री शठकोप स्वामी जी एवं श्री हनुमान जी के मंदिर के दर्शनों का भी अवसर मिलेगा। इनके साथ ही 42 फुट ऊंचा सोने का श्री गरुड़ स्तंभ, बलिपीठम्, श्री तिरुपति यज्ञशाला, श्री पुष्करणी व श्रीनिवास गोशाला भी विशेष दर्शनीय हैं।

**निर्जला एकादशी पर तिरुपति धाम में निकाली सवारी शोभा यात्राः**

श्री तिरुपति बालाजी धाम में निर्जला एकादशी पर भगवान वेंकटेश जी की सवारी शोभा यात्रा निकाली गई। पालकी में भगवान वेंकटेश जी के साथ माता श्रीदेवी व माता भूदेवी के चल विग्रह को विराजमान किया गया। इसके उपरांत श्रद्धालुओं ने सवारी को रस्सों से खींचकर अपनी आस्था व्यक्त की। पूरे धाम की परिक्रमा करते हुए श्रद्धालु जय श्रीमन्ननारायण व जय भगवान वेंकटेश का उदघोष करते रहे।

# कैथल की महिला के साथ चंडीगढ़ में रेप

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**

जींद के रहने वाले दो भाइयों ने चंडीगढ़ स्थित मनीमाजरा में पहले एक महिला से संबंध बनाए और फिर उसे किराए के मकान में अपने साथ रखा। इस दौरान महीनों तक दोनों भाइयों ने उसके साथ रेप किया और उसकी अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करते रहे।

महिला आरोपियों से बचकर कैथल पहुंची और उसने पुलिस को मामले की शिकायत की। सिविल लाइन पुलिस ने मंगलवार देर रात महिला की शिकायत पर जीरो एफआईआर दर्ज कर मामला चंडीगढ़ पुलिस को रेफर कर दिया है। कैथल नानपुरी कॉलोनी के रहने वाली एक महिला (42) ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उसकी




मनीमाजरा में जींद निवासी गांव बड़ौदा के रहने वाले सुनील के साथ दोस्ती हो गई। सुनील मनीमाजरा में टैक्सी चलाता है और उसने वहां किराए पर कमरा ले रखा है। सुनील उसे अपने कमरे पर ले गया और वह उसके साथ लिविंग रिलेशन में वही रहने लगी।इस दौरान उसने उसकी न्यूड वीडियो बना ली। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर वह उसके साथ बार-बार रेप करता रहा। सुनील के भाई प्रवीण ने भी उसे ब्लैकमेल कर उसके साथ कई बार रेप किया। जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर सुदेश देवी ने बताया कि महिला की शिकायत पर दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 20 जून 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## एनीमिया के उन्मूलन के लिए समन्वित प्रयास जारी: राज्यपाल

टीम एक्शन इंडिया

**डिंडौरी:** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि मध्यप्रदेश में जनजातियों की जनसंख्या एक करोड़ 90 लाख है। अब तक लगभग 55 लाख से अधिक व्यक्तियों की जांच की जा चुकी है, इनमें से एक लाख 20 हजार 935 व्यक्ति बीमारी के वाहक हैं अर्थात इनमें सिकल सेल एनीमिया प्रारंभिक स्थिति में है, जबकि इस बीमारी के मरीजों की संख्या 18 हजार से अधिक है। यह एक अनुवांशिक रोग है, इससे आने वाली पीढ़ी भी प्रभावित होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्र के बजट में बीमारी के निवारण एवं अन्य उपायों के लिये 15 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा समन्वित रूप से सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। राज्यपाल पटेल बुधवार को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के मुख्य आतिथ्य में डिण्डौरी के शासकीय चन्द्रविजय महाविद्यालय में आयोजित विश्व सिकल सेल दिवस-2024 के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सिकल सेल एनीमिया के संबंध में जागरूकता के लिए जनजातीय समुदाय स्तर पर विशेष प्रयास करने की आवश्यकता बताई। राज्यपाल पटेल ने इस बीमारी से बचाव के प्रारंभिक उपायों पर प्रकाश डाला।

## भारत में निर्मित एंटीबायोटिक इंजेक्शन मानकों पर खरा नहीं उतरा

काठमांडू: नेपाल के स्वास्थ्य मंत्रालय अन्तर्गत औषधि प्रशासन विभाग ने गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों का हवाला देते हुए एक भारतीय कंपनी में निर्मित एंटीबायोटिक इंजेक्शन की बिक्री और वितरण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। ड्रग्स अथॉरिटी के अनुसार भारतीय फार्मा कंपनी जाइडस हेल्थकेयर लिमिटेड एंटीबायोटिक इंजेक्शन 'बायोटैक्स 1 ग्राम' निर्मित करती है। इसके बैच एफ 300460 के प्रयोगशाला परीक्षण से पता चला है कि दवा का उत्पादन विश्व स्वास्थ्य संगठन के मापदंडों के अनुरूप नहीं किया गया था। विभाग ने परीक्षण करने के बाद इस एंटीबायोटिक इंजेक्शन से मरीजों की जान को खतरा होने की संभावना जताई है। विभाग के प्रवक्ता प्रमोद केसी ने बताया कि इस एंटीबायोटिक में कुछ गंभीर समस्याएं पाई गई हैं। जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई के बारे में निर्णय लिया जाएगा। प्रवक्ता ने बताया कि जांच पूरी होने तक इस एंटीबायोटिक को बनाने वाली कंपनी, आयातकों और वितरकों को दवा की बिक्री, आयात और वितरण को तुरंत रोकने का निर्देश दिया गया है।

# इतिहास के पन्नों में दफन हुआ अकबरनगर

## कुकरैल नदी के पुनर्जीवन की राह हुई आसान, बुधवार तड़के आखिरी बची इमारत को भी ध्वस्त किया

टीम एक्शन इंडिया

**लखनऊ:** कुकरैल नदी का अतिक्रमण कर अवैध कब्जों से पाट दिया गया लखनऊ का अकबरनगर इलाका अब इतिहास के पन्नों में दफन हो चुका है। इस क्षेत्र को अब इको टूरिज्म के हब के रूप में विकसित किए जाने की तैयारी हो रही है। रिवर फ्रंट के साथ ही देश की पहली नाइट सफारी के अलावा सरकार ने इस क्षेत्र को चमकाने का पूरा रोडमैप तैयार कर लिया है। इस पर जल्द अमल शुरू होगा। योगी सरकार के प्रयासों और सुप्रीम कोर्ट के आदेश से इस पूरे क्षेत्र को भूमाफिया, घुसपैठियों, रोहिंग्या और बांग्लादेशियों के कब्जे से खाली करा लिया गया है। यहां कब्जा कर बनाए गए एक-एक अवैध मकान और बड़े-बड़े वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को जमींदोज कर दिया गया है। बुधवार तड़के आखिरी बची चार मंजिला इमारत को भी ध्वस्त कर एलडीए ने अपनी कार्रवाई को अंजाम दिया। 10 जून से शुरू हुई कार्रवाई के खत्म होने के



बाद अब योगी सरकार इस क्षेत्र के चहुंमुखी विकास पर ध्यान देने जा रही है।

**1800 से अधिक अवैध निर्माण हुए जमींदोज:** पिछली सरकारों और भूमाफिया की सांठगांठ के चलते कुकरैल नदी की जमीन पर कब्जा कर यहां अवैध निर्माण कर लिए गए थे। सीएम योगी ने प्रदेश की बागडोर संभालने के बाद इस ओर ध्यान दिया। शासन के निर्देश पर सर्वे के दौरान नदी की जमीन पर बड़ी संख्या में अवैध निर्माण की बात सामने आई थी, जिसके बाद सीएम योगी ने इस अवैध निर्माण के खिलाफ बुलडोजर चलाने का निर्णय लिया। लोकसभा चुनाव के पहले दिसंबर 2023 से शुरू हुआ यह अभियान लोकसभा चुनाव के बाद भी अनवरत जारी रहा और आखिरकार 19 जून की तड़के अंतिम इमारत को ध्वस्त करने के बाद ही रुका। इस दौरान योगी के बुलडोजर ने यहां अवैध रूप से बने 1169 मकानों और 101 कॉमर्शियल निर्माण को जमींदोज कर दिया। इस अभियान में करीब 24.5 एकड़ जमीन पर बने 1800 से अधिक अवैध निर्माण ध्वस्त किए

ध्वस्त किया

▸▸ पिछली सरकारों और भूमाफिया की सांठगांठ के चलते कब्जा कर यहां अवैध निर्माण कर लिए गए थे

गए हैं, जो इस अभियान की व्यापकता को दर्शाता है। इस दौरान कई अड़चनें भी आईं, लेकिन सीएम योगी ने हर चुनौती का सामना करते हुए इस अभियान को पूरा करने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा किया। कुकरेल नदी को पुनर्जीवित करने के अपने संकल्प को पूरा करने के लिए सीएम योगी ने हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ी। कोर्ट ने भी योगी सरकार की कार्रवाई को सही माना।

**नए सिरे से विकसित होगा क्षेत्र**

कुकरैल नदी का क्षेत्र खाली होने के बाद अब यहां रिवर फ्रंट विकसित किया जाएगा। बख्शी के तालाब के पास दशौली गांव को इसका उद्गम स्थल माना जाता है, इसलिए वहीं से इसका विकास किया जाएगा। साथ ही सभी यहां मौजूद सभी तालाबों को इंटरलिंक करके क्षेत्र को संवारा जाएगा। इसके अलावा भी नगर विकास विभाग के अंतर्गत कई अन्य परियोजनाओं को यहां मूर्त रूप दिया जाएगा। यही नहीं, कई अन्य विभागों को भी इस क्षेत्र के विकास की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन परियोजनाओं का लेआउट प्लान तैयार किया जा रहा है और जल्द ही सीएम योगी की मंजूरी के बाद इसकी घोषणा की जाएगी। वहीं, योगी सरकार कुकरैल वन क्षेत्र को ईको टूरिज्म का हब बनाने जा रही है। यहां देश की पहली नाइट सफारी विकसित होने जा रही है। कुकरैल नाइट सफारी पार्क देश की पहली नाइट सफारी होगी। नाइट सफारी क्षेत्र में इंडियन वॉकिंग ट्रेल, इंडियन फुटहिल, इंडियन वेटलैंड, एरिड इंडिया व अफ्रीकन वेटलैंड की थीम पर विकसित किए जाने वाले क्षेत्र मुख्य आकर्षण होंगे।

# उद्यम लगाने को बड़े काम की है मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना

टीम एक्शन इंडिया

**गोरखपुर:** यदि आप अपने गांव में ही उद्यम लगाकर स्वरोजगार की राह पर चलकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होना चाहते हैं तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग की तरफ से संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना आपके लिए बेहद काम की साबित हो सकती है। इस योजना में चयनित होने पर आपको दस लाख रुपये तक की परियोजना पर लोन अत्यंत कम व्याज दर पर उपलब्ध हो जाएगा। इतना ही नहीं परियोजना पर नब्बे फीसदी लोन भी मिल जाएगा। गोरखपुर के जिला ग्रामोद्योग अधिकारी एके पाल बताते हैं कि मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना में ग्रामीण शिक्षित बेरोजगारों को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर गांवों में ही उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उद्यम स्थापित करने के लिए अधिकतम 10 लाख रुपये तक की परियोजना पर वित्तीय सहायता बैंकों के माध्यम से दिलायी जाती है। योजना के तहत सामान्य वर्ग के पुरुष लाभार्थियों को

मिशन रोजगार

▸▸ दस लाख रुपये की परियोजना पर मिलेगा बैंक से लोन, आरक्षित श्रेणी के लाभार्थी को पांच वर्ष तक पूर्ण व्याज सब्सिडी

परियोजना लागत का दस प्रतिशत तथा जातिगत आरक्षित श्रेणी (एससी-एसटी, ओबीसी), अल्पसंख्यक, दिव्यांग, भूतपूर्व सैनिक एवं महिला लाभार्थियों को पांच प्रतिशत का अंशदान स्वयं लगाना होगा। प्रोजेक्ट स्वीकृत होने के बाद सामान्य वर्ग के पुरुष लाभार्थियों को पूंजीगत मद में मात्र 4 प्रतिशत ब्याज वहन करना होगा। पांच वर्ष तक शेष ब्याज की धनराशि सब्सिडी के रूप में शासन से प्राप्त धनराशि से समायोजित हो जाएगी। 18 से 50 वर्ष तक कि आयु के इच्छुक अभ्यर्थी को न्यूनतम कक्षा आठ पास तथा ग्रामीण क्षेत्र का निवासी होना चाहिए।

# यूपी की सड़कों पर दौड़ेंगी इलेक्ट्रिक बसें

टीम एक्शन इंडिया

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश सरकार नगरीय सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को पूरी तरह से इलेक्ट्रिक की ओर ले जाने के लिए काम कर रही है। इससे तेल बचने के साथ ही महिला सुरक्षा एवं पर्यावरण की भी रक्षा होगी। शीघ्र ही उत्तर प्रदेश की सड़कों पर दो हजार इलेक्ट्रिक बसें दौड़ेंगी। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के विशेष सचिव नगर विकास राजेन्द्र पेनसिया ने दी। वह यूपी सरकार के नगरीय परिवहन निदेशालय और सीईईडब्ल्यू ने मेरी बस, मेरी सड़क पहल की शुरूआत के अवसर पर ताज होटल में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। राजेन्द्र पेनसिया ने बताया कि अयोध्या में इलेक्ट्रिक बस व इलेक्ट्रिक



आटो की सुविधा शुरू हो चुकी है। अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की सुगमता के लिए अब ई-बाईक्स की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान अयोध्या में 229 इलेक्ट्रिक बसें चलाई गई थीं। उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य में परिवहन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने एक परिवर्तनकारी नगरीय सार्वजनिक परिवहन प्रणाली लाने पर विचार कर रहे हैं, जिसमें इलेक्ट्रिक बसों पर विशेष ध्यान है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के लिए हमें 08 हजार इलेक्ट्रिक बसें चाहिए। अभी दो हजार बस आ रही हैं। इसके अलावा इलेक्ट्रिक बाईक के लिए सभी नगर निगम अपने-अपने स्तर पर प्रयास शुरू करेंगे। द काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) की प्रोग्राम डायरेक्टर शालू अग्रवाल ने कहा कि नीति निर्माण में सरकार की मदद करते हैं। हम 15 राज्य सरकारों को ग्रामीण विकास, ऊर्जा व पर्यावरण के क्षेत्र में मद्द कर रहे हैं। हम आज जनता की जरूरत के हिसाब से नीति बनाएंगे।

# एमपी की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से गतिशील: देवड़ा

टीम एक्शन इंडिया

**भोपाल:** मध्यप्रदेश के बजट को नागरिकों की अपेक्षा के अनुसार बनाने और उनकी विकास योजनाओं को पूरी करने के उद्देश्य से समाज के सभी वर्गों से बजट निर्माण के लिए सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने बुधवार को भोपाल स्थित प्रशासन अकादमी में प्रदेश के बजट निर्माण के लिए विषय-विशेषज्ञों के साथ संवाद किया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से गतिशील हो गई है। पूंजीगत व्यय लगातार बढ़ रहा है।




केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने आगामी आम बजट 2024-25 की तैयारी के लिए प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ नई दिल्ली में एक बजट-पूर्व परामर्श बैठक की।

# योगमय होने को तैयार हरियाणा

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** आयुष विभाग तथा हरियाणा योग आयोग के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेश के सभी 21 जिला मुख्यालयों पर जहां योग दिवस समाराहों का आयोजन किया जाएगा वहीं हिसार में इस बार राज्यस्तरीय समारोह का आयोजन होगा। हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डॉ. जयदीप आर्य ने बुधवार को बताया कि प्रदेश भर में अलग-अलग चरणों में योग प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन पूरा हो चुका है।

# भारत के गौरव को पुनः स्थापित करेगा नालंदा विवि: सीएम

टीम एक्शन इंडिया

**लखनऊ:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बिहार में नालंदा विश्वविद्यालय (विवि) के नए परिसर का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए देशवासियों को बधाई दी है।

उन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय के इस आधुनिक स्वरूप को शिक्षा जगत में भारत के पुरातन गौरव को पुनः स्थापित करने वाला और भारतीय शिक्षा और संस्कृति के उद्भव का 'अमृतकाल'करार दिया है। सीएम योगी ने एक्स पर की गई अपनी



पोस्ट में लिखा,"बिहार में नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन प्रधानमंत्री जी की भारत के सांस्कृतिक विरासतों के संरक्षण और शैक्षिक उन्नयन के प्रति प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है। भारत की अतुल्य मेधा, अपरिमित ज्ञान, उत्कृष्ट शिक्षा और समृद्ध संस्कृति के गौरवशाली अतीत और विरासत को संजोए नालंदा विश्वविद्यालय का यह आधुनिक स्वरूप शिक्षा जगत के मानचित्र पर भारत के पुरातन गौरव को पुनर्स्थापित करेगा। यह भारतीय शिक्षा और संस्कृति के उद्भव का 'अमृतकाल' है। देश वासियों को बधाई एवं आपका हार्दिक आभार प्रधानमंत्री जी।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने 17 देशों के सहयोग से राजगीर के पास नालंदा विश्वविद्यालय का नया कैंपस बनाया है। नालंदा यूनिवर्सिटी का नया कैंपस कई मायनों में खास है।

गौरव का पल

▸▸ मुख्यमंत्री योगी ने नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का लोकार्पण करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जताया आभार

# उप राष्ट्रपति भवन में स्थापित होगा औषधीय हर्बल पार्क



टीम एक्शन इंडिया

**डिंडौरी:** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि उप राष्ट्रपति भवन में हर्बल पार्क की स्थापना की जाएगी, जिसमें डिंडौरी का विशेष योगदान होगा। उन्होंने कहा कि डिंडौरी में जैव विविधिता एवं औषधीय वनस्पति की उपलब्धता को देखते हुए यहां स्किल सेल एनीमिया सहित अन्य बीमारियों के उपचार पर रिसर्च कार्य को तेजी से बढ़ाया जाना चाहिए, जिससे देश-विदेश में डिंडौरी का नाम प्रसिद्ध हो। स्किल सेल एनीमिया की रोकथाम और जागरूकता के लिए सभी स्तर पर समन्वित प्रयास की आवश्यकता है। शोधकताओं-समाजसेवियों-चिकित्सकों के समन्वित प्रयास से इसे सामाजिक आंदोलन बनाना होगा। उप राष्ट्रपति धनखड़ बुधवार को मध्य प्रदेश के प्रवास के दौरान डिण्डौरी में विश्व स्किल सेल दिवस-2024 के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक

रिसर्च की सलाह

▸▸ यहां स्किल सेल एनीमिया सहित अन्य बीमारियों के उपचार पर रिसर्च कार्य को तेजी से बढ़ाया जाना चाहिए

क्षेत्र में निरंतर प्रगति करते हुए देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने अतिथियों का स्वागत किया तथा स्किल सेल एनीमिया उन्मूलन के लिए प्रदेश में संचालित गतिविधियों की जानकारी दी। द्रौपदी मुर्मू का राष्ट्रपति बनना भारतीय इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा उप राष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि भारतीय सांस्कृतिक और सामाजिक परिवेश में जनजातियों का बहुत अधिक महत्व है।

द्रौपदी मुर्मू का राष्ट्रपति बनना भारतीय इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से प्रगति कर रही है।

# डीएम ने बहे पुल और संभावित बाढ़ क्षेत्र का लिया जायजा

टीम एक्शन इंडिया

**फारबिसगंज/अररिया:** अररिया के सिकटी के पड़रिया में बकरा नदी में बहे क्षतिग्रस्त पुल का बुधवार को डीएम इनायत खान ने अधिकारियों के साथ जायजा लिया और विभागीय स्तर से जांच होने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही। अररिया डीएम ने अधिकारियों के साथ पुल के पाए के ध्वस्त होने के स्थान सहित निर्माण सामग्री के गुणवत्ता की भी जांच की और कहा कि मैटेरियल की गुणवत्ता की जांच का सैंपल कलेक्ट कर लैब टेस्ट के लिए भेजा जाएगा।डीएम इनायत खान के समक्ष ही ग्रामीणों ने पुल के जमींदोज को लेकर कई सवाल



खड़े किए और कहा कि निर्माण के शुरूआत समय से ही कार्य की गुणवत्ता को लेकर शिकायते की गई लेकिन कार्रवाई के बजाय लीपापोती के कारण तेरह साल से पाले गए सपने ध्वस्त हो गए। वही, ग्रामीणों ने पुल के ठेकेदार और विभागीय अधिकारी के द्वारा शुरू से ही गड़बड़ी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पुल की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों के आवाज उठाने पर जांच की महज खानापूर्ति ही की गई।जिस पर डीएम इनायत खान ने ग्रामीणों को दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया। वही, डीएम इनायत खान ने कहा की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्रामीण अभियंत्रण संगठन की ओर से पुल का निर्माण कार्य किया जा रहा था।पुल का तीन पाया नदी के गर्भ में समाया है और बेसमेंट को भी नुकसान पहुंचा है। मामले की जांच के लिए विभागीय स्तर पर जांच कमिटी बनाई गई है।

जांच होगी

▸▸ डीएम ने पुल के पाए के ध्वस्त होने के स्थान सहित निर्माण सामग्री के गुणवत्ता की भी जांच की

# हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को जारी किया नोटिस

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने गुरुग्राम में कचरा प्रबंधन करने वाली कंपनी इको ग्रीन की याचिका को स्वीकार कर हरियाणा सरकार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिए हैं कि इस मामले की अगली सुनवाई तक कंपनी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई न की जाए। इस मामले में अगली सुनवाई 4 जुलाई को होगी। हरियाणा सरकार ने हालही में इको ग्रीन कंपनी का टेंडर रद्द कर दिया था। ईको ग्रीन कंपनी ने सरकार के इस फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी। बुधवार को हाई कोर्ट के जस्टिस राजेश भारद्वाज ने इकोग्रीन एनर्जी गुरुग्राम-फरीदाबाद प्राइवेट लिमिटेड की दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार को नोटिस जारी किया है। याचिकाकर्ता कंपनी मुख्य रूप से गुरुग्राम-फरीदाबाद की सीमाओं के भीतर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के संग्रह और परिवहन में लगी हुई है। याचिका के माध्यम से कोर्ट को बताया गया कि 14 जून की सुबह कंपनी को दुर्भावनापूर्ण इरादे और गुप्त उद्देश्यों के साथ सेवा समाप्ति का नोटिस दिया गया था।

बिखर गया

## किरण के भाजपा में जाने से अलग-थलग पड़े रणदीप व सैलजा

# हरियाणा में बिखर गया हुड्डा विरोधी कांग्रेस नेताओं का ग्रुप

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा में कांग्रेस विधायक दल की पूर्व नेता एवं पूर्व मंत्री किरण चौधरी व उनकी बेटी श्रुति चौधरी के भाजपा में शामिल होने के बाद प्रदेश में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के विरुद्ध झंडा उठाने वाला एसआरके ग्रुप अब पूरी तरह से बिखर गया है। किरण चौधरी के भाजपा में शामिल होने की अटकलें पिछले एक साल से लग रही थीं लेकिन हालही में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान उनकी बेटी को टिकट नहीं मिलने के बाद यह संभावनाएं और मजबूत हो गईं।



किरण चौधरी के कांग्रेस से बाहर होने की अटकलों पर उस समय मोहर लगी जब चुनाव प्रचार के दौरान राहुल गांधी की मौजूदगी में किरण चौधरी तथा पार्टी के अधिकारिक प्रत्याशी राव दान सिंह के बीच हुई बहस के वीडियो वायरल हुए। किरण चौधरी ने हरियाणा में करीब तीन दशक तक कांग्रेस की राजनीतिक की है। किरण का यह नकारात्मक पहलू ही रहेगा कि उन्हें उनके हलके तथा उनके क्षेत्र के बाहर के लोगों ने स्वीकार नहीं किया। किरण चौधरी ने हरियाणा में यात्रा करके खुद को प्रदेश स्तर पर स्थापित करने का प्रयास भी किया लेकिन विफल हो गईं। अब कांग्रेस में हुड्डा के खिलाफ आवाज उठाने वाले कुमारी सैलजा, रणदीप सुरजेवाला तथा किरण चौधरी गुट में शामिल होकर वह अपनी आवाज उठा रही थी। किरण के भाजपा में जाने के बाद इस गुट को धक्का लगा है। कुमारी सैलजा लोकसभा चुनाव जीतने के बाद सिरसा हलके की राजनीति में सिमट गई हैं। रणदीप सुरजेवाला पहले ही संगठन के स्तर पर राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय रहते हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान सुरजेवाला ने खुद की जमीन मजबूत करने का प्रयास किया लेकिन कैथल में उन्हें कामयाबी नहीं मिली। वर्तमान राजनीतिक हालातों में हुड्डा का रास्ता अब साफ हो गया है। लोकसभा चुनाव के दौरान नौ प्रत्याशियों में से आठ के चयन में हुड्डा की चली थी। अब यह साफ हो गया है कि तीन माह बाद हरियाणा में होने जा रहे विधानसभा चुनाव के दौरान भी हुड्डा की ही चलेगी।

# उत्तर प्रदेश में गुरुवार से शुरू होगी राज्य पक्षी सारस की गणना

टीम एक्शन इंडिया

**लखनऊ:** योगी सरकार ने सारस के संरक्षण के लिए पहल की, जिसके सुखद परिणाम मिलने लगे। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश में गुरुवार से राज्य पक्षी सारस की गणना होगी। वर्ष में दो बार (ग्रीष्मकालीन-शीतकालीन) गणना होती है। वर्ष 2024 के लिए गुरुवार से दो दिन तक सारस गणना होगी। यह गणना सुबह-शाम दो बार की जाएगी। इसमें वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ ही विद्यार्थियों व प्रकृति प्रेमियों का भी सहयोग लिया जाएगा। 2023 में हुई



गणना में उत्तर प्रदेश में 19522 सारस पाए गए थे। प्रभागीय वनाधिकारी अपने प्रभाग में पाए गए सारस की संख्या व फोटो पहली जुलाई तक मुख्य वन संरक्षक, ईको विकास, लखनऊ को उपलब्ध कराएंगे।

**प्रभागीय वनाधिकारी होंगे को-ऑर्डिनेटर:**

सारस की गणना वर्ष में दो बार (ग्रीष्मकालीन व शीतकालीन) होती है। 20 व 21 जून 2024 को ग्रीष्मकालीन सारस गणना की जाएगी। इसके लिए प्रत्येक प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों के को-ऑर्डिनेटर होंगे। वन रक्षक गणना टीम का लीडर होगा। इनके कार्य क्षेत्र में कई वेटलैंड होने पर एक से अधिक टीम गठित की जाए।